www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 6 अगस्त, 2023

वर्ष – 16 | अंक – 121 | पृष्ठ – 10

मूल्य – 3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य

सिब्बू पगलैट पृष्ठ 06

जंगल की आग व बाढ़ ने गर्मी को बना दिया अत्यधिक कष्टदायक पृष्ठ 10

कर्नाटक में दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री पृष्ठ 08

■ भारी बारिश व जलभराव से निपटने के लिए आकस्मिक...
■ रेल यात्रियों को आराम प्रदान करने में मुंबई... 02

■ भारत सरकार पर लगाए थे युद्ध अपराध के आरोप
■ कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारुढ़ सीपीपी जीती 07

Government Of India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## दिल्ली के 3 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास










## ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
## दिल्ली के 3 स्टेशन ₹424 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

**दिल्ली के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन**

दिल्ली छावनी | नरेला | सब्जी मण्डी

परियोजना का शिलान्यास

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

के द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

# भारी बारिश व जलभराव से निपटने के लिए आकस्मिक योजना होगी तैयार : सक्सेना

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारी बारिश या जलभराव से निपटने के लिए आकस्मिक योजना तैयार होगी। लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम ऐसी किसी भी समस्या से निपटने के लिए कार्य योजना तैयार रखेंगे। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ट्रैक्टर पर लगे हेवी ड्यूटी पंप, सक्शन मशीन और स्प्रे जेट व अन्य को स्टैंडबाय पर रखेंगे। दरअसल शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जी 20-सम्मेलन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, एनडीएमसी अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपराज्यपाल ने बाढ़ और बारिश से प्रभावित हुए प्रोजेक्ट की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए गए कि सभी काम को जल्द खत्म किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी काम तय समय के अनुसार चल रहे हैं। दिल्ली में सी एंड डी अपशिष्ट का निपटान, सम्मेलन से जुड़ी 61 सड़कों के फुटपाथ की स्थिति के कुछ काम बाकी है जिन्हें पूरा किया जा रहा है। उपराज्यपाल इस सभी कार्यों की प्रगति की



- उपराज्यपाल ने जी-20 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक
- भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित हुए कई प्रोजेक्ट शीघ्र पूर्ण किए जाएं

व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली मेट्रो अपने स्टेशनों पर साफ सफाई, खंभों से पोस्टर और भित्तिचित्रों हटाने पर जोर दे रही है। वहीं सौंदर्यकरण के लिए फ्लाईओवर, खंभों व अन्य पर कलाकृतियां बनाई गई हैं। शिखर सम्मेलन से जुड़ी 61 महत्वपूर्ण सड़कों के रखरखाव, सुधार और सौंदर्यकरण, राजधानी के सभी सात जिलों की निगरानी की जा रही है। इनमें से 36 सड़कें और 17 होटल नई दिल्ली जिले में स्थित हैं। उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए और एनडीएमसी जैसी एजेंसियों को उन हिस्सों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया है जहां से अतिक्रमण या सी एंड डी अपशिष्ट हटा दिया गया है। कोई इन पर फिर से अतिक्रमण करता है तो उसपर भारी जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया है। वहीं अवैध पोस्टर व अन्य के खिलाफ सख्ती करने को कहा गया है। बैठक में कुछ होटलों के आसपास सुधार के मुद्दे को भी उठाया गया और मिशन मोड में इनके आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए।

### सड़क पर रहेगी मोबाइल टीम

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की 30 मोबाइल टीमें जी-20 कार्यक्रमों के समापन तक लगातार सड़कों पर रहेंगी और इन टीमों द्वारा पाए गए किसी भी उल्लंघन पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। आज लड़कियां लड़कों से कम नहीं है। लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलकर शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग ले रही हैं। भारत स्पोर्ट्स मैनेजमेंट द्वारा डीडीए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स ताहिरपुर दिलशाद गार्डन दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली से अनेक विद्यालयों के छात्रों ने उत्साह व ऊर्जा से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एस.आर.कैपिटल पब्लिक स्कूल नवीन शाहदरा, पूर्वी दिल्ली की छात्राओं ने अंडर 15 आयु वर्ग में भावना ने प्रथम स्थान जबकि चांदनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर अंडर 15 आयु वर्ग में छात्र मोहित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 आयु वर्ग में एस आर कैपिटल पब्लिक स्कूल के ही छात्र अध्ययन अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्य छाबड़िया ने कहा कि ये विद्यालय के लिए सम्मान के क्षण हैं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं और खेल शिक्षकों की मेहनत से यह संभव हो पाया है।

## रेल यात्रियों को आराम प्रदान करने में मुंबई के समानांतर दिल्ली : वीरेंद्र

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के दिल्ली कैंट, सब्जी मंडी और नरेला रेलवे स्टेशनों को अपडेट करने के लिए 424 करोड़ रुपए दिए जाने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। सचदेवा ने कहा है कि शहर के विभिन्न कोनों में 7 प्रमुख उन्नत रेलवे स्टेशनों के साथ, जहां से यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनें चलेंगी, दिल्ली अब रेल यात्रियों को आराम प्रदान करने में मुंबई के समानांतर खड़ी है। यह स्टेशन अब तक उप शहरी स्टेशन के रूप में काम करते थे लेकिन अब मुख्य स्टेशन बन जाएंगे। सचदेवा ने कहा है कि पीएम मोदी की सरकार ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान हैरिटेज स्तर के दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, सराय रोहिल्ला और हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन को पहले ही अपग्रेड कर दिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की गई है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली एक विस्तारित शहर है जहां दिल्ली कैंट पहले से ही महत्वपूर्ण स्टेशन है जहां से कई ट्रेनें चलती हैं, जबकि प्रस्तावित उन्नयन के बाद सब्जी मंडी और नरेला स्टेशन भी ट्रेन शुरू होने वाले स्टेशन बन जाएंगे।

- दिल्ली भाजपा ने रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड करने के लिए प्रधान मंत्री को दिया धन्यवाद



## सार संक्षेप

### केजरीवाल ने कुलगाम में शहीद हुए सेना के जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के तीन जवानों को शनिवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आतंकियों के साथ मुठभेड़ में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए सेना के हमारे वीर जवानों की अमर शहादत को मैं नमन करता हूं। हमारे जवान अपनी जान की बाजी लगाकर हम सबकी रक्षा करते हैं। पूरे देश को अपने साहसी और पराक्रमी सैनिकों पर गर्व है। दक्षिण कश्मीर में कुलगाम के हलाण वन क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से सेना के तीन जवान घायल हो गए थे और बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की तलाश में शनिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

### ऑनलाइन एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**नई दिल्ली।** यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी पारुल यूनिवर्सिटी ने अपने ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश की अंतिम 31 अगस्त 2023 की घोषणा की है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट के माध्यम से प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ कुंजल सिन्हा, डायरेक्टर, सेंटर फॉर कन्टीन्युइंग एजुकेशन एण्ड ऑनलाईन लर्निंग, पारुल युनिवर्सिटी ने कहा कहा कि हमें खुशी है कि हम पारुल युनिवर्सिटी के यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम के साथ छात्रों को अकादमिक विकास एवं उत्कृष्टता की नई यात्रा शुरू करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। पारुल में हम छात्रों का विश्वस्तरीय एवं उद्योग जगत के अनुकूल कौशल प्रदान कर उन्हें आने वाले कल के लीडर्स के रूप में तैयार करते हैं। हमारा ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम उन्हें लर्निंग का प्रत्यास्थ एवं बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है, ताकि वे अपने सभी अन्य कामों के साथ तालमेल बनाए रखते हुए अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। पारुल युनिवर्सिटी का ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह छात्रों को बिज़नेस मैनेजमेन्ट और लीडरशिप के बारे में व्यापक समझ प्रदान करता है।

### मेरी माटी, मेरा देश अभियान से होगा आजादी के अमृत महोत्सव का समापन

**नई दिल्ली।** 12 मार्च 2021 को शुरू हुए आजादी के अमृत महोत्सव का समापन मेरी माटी, मेरा देश अभियान से इसी महीने अगस्त 2023 में होने जा रहा है। भाजपा आलाकमान ने भारत सरकार की ओर से चलाए जाने वाले अभियान को जन-सहभागिता कार्यक्रम का दर्जा देते हुए इसे लेकर देशव्यापी अभियान का खाका तैयार किया है। अभियान में अपने सभी सांसदों, अन्य निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के साथ-साथ राष्ट्रीय, राज्यीय, जिला स्तरीय यहां तक कि गांव स्तर तक के कार्यकर्ताओं को उतारने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक कर इस देशव्यापी अभियान कार्यक्रम पर चर्चा की थी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों, सभी प्रदेश प्रभारियों, सभी प्रदेश अध्यक्षों और सभी प्रदेशों के संगठन महासचिवों को पत्र लिखकर देश भर के गांवों की मिट्टी को दिल्ली भेजने सहित अन्य कई तरह के अभियान में सक्रियता से सम्मिलित होने का निर्देश दिया है। अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा कार्यक्रमों में सक्रियता से जुड़ने और ज्यादा से ज्यादा जनसहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को दिया है।

# सुनहरे अवसर के युग का अनुभव कर रहे एमएसएमई : नारायण राणे

### केंद्रीय मंत्री ने एक नई उड़ान एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने के लिए संभावित रूप से समृद्ध एमएसएमई को प्रेरित करने के लिए केंद्रीय एमएसएमई मंत्री, नारायण राणे ने एसएमईस्ट्रीट और डीलप्लेक्सस के सहयोगात्मक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में एक नई उड़ान थीम के तहत एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा हुई। इस अवसर पर, उन एमएसएमई प्रभावशाली लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में भारत के एमएसएमई के विकास में योगदान दिया है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण टी राणे ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से पहल शुरू की और एमएसएमई के विकास में योगदान देने की इस पहल के लिए एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस को बधाई दी और उन्होंने कहा की मैं एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस को उनकी संयुक्त पहल एक नई उड़ान के लिए बधाई देता हूं। एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 इस तरह की पहल एमएसएमई को प्रेरित करने और उन्हें एक बड़े और उज्ज्वल कल की ओर ले जाने में काफी मदद करेगी। आज के समय में भारतीय एमएसएमई एक सुनहरे अवसर के युग का अनुभव कर रहे हैं। उन्हें बस अपनी मुख्य विशेषज्ञता पर ध्यान केंद्रित करने और अपने उत्पादों और सेवाओं को सर्वोत्तम संभव गुणवत्ता के साथ वितरित करने की आवश्यकता है। डील प्लेक्सस के सह-संस्थापक चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक माहेश्वरी ने टिप्पणी की और कहा की यह समझना महत्वपूर्ण है कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और ऐसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।




नई दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट के बाहर जगदीश टाइटलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ित। फोटो इम्तियाज खान

## वीरेंद्र भारद्वाज के शिवाजी कॉलेज का प्रिंसिपल बनने पर स्वागत किया

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में ग्रामीणों ने दिल्ली देहात के टीकरी कलां गाँव के निवासी वीरेन्द्र भारद्वाज के शिवाजी कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त होने पर अभिनंदन किया इस दौरान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने उनको पगड़ी बाँध कर सम्मानित किया। इस मौके पर चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि वीरेंद्र भारद्वाज के प्रिंसिपल बनने से ग्रामीण युवाओं में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा और वह भी वीरेंद्र भारद्वाज की तरह कुछ पद हासिल करने के लिए शिक्षा ग्रहण करने में रुचि लेंगे उन्होंने बताया कि वीरेंद्र भारद्वाज ने शिवाजी कॉलेज से ही शिक्षा ग्रहण की थी और वह इस दौरान कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे वह शिक्षा ग्रहण करने के बाद इसी कॉलेज में प्रोफेसर नियुक्त हुए और अब वह प्रिंसिपल बन गए हैं।



## बदरपुर में महिला को डंडों से पीटने का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के बदरपुर इलाके में एक महिला पर हमला कर दिया। यह घटना 31 जुलाई की है। इसी दिन नूंह में भी हिंसा हुई थी। अब हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है। जिसमें महिला पर हमला करते हुए लोगों की भीड़ को देखा जा सकता है। वीडियो में देख सकते हैं कि पहले महिला के घर की तरफ कुछ लोग पथराव करते हैं, उसके बाद दो चार लोग हाथों में डंडे लेकर आते हैं और उनमें से एक शख्स महिला की डंडे के पिटाई कर देते है। इतना ही नहीं महिला को लात भी मारी गई। नकाबपोश लोग आते हैं और महिला पर हमला कर देते हैं।

**पत्थर मारे, डंडे बरसाए, फिर लात भी मारी**

**गौतमपुरी में दो बार हुआ बवाल**

बदरपुर थाना इलाके के गौतमपुरी में दो बार बवाल हुआ। रविवार रात को मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की ओर से अवांछित टिप्पणी करने पर बवाल हो गया। इसके बाद दोनों की पक्षों में सोमवार सुबह भी झगड़ा हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पथराव हुआ। कांच की बोतलें फेंकी गईं। इस बवाल में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए थे। बदरपुर थाना पुलिस सोमवार शाम तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं हुई थी। फिलहाल, इलाके में स्थिति शांतिपूर्ण है और पुलिस बल की तैनाती की गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के अलावा वायरल वीडियो की मदद से भी आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## धोखाधड़ी के आरोप में दंपति को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके एक ही संपत्ति को सात अलग-अलग वित्तीय संस्थानों के पास गिरवी रखने और उनसे 25 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में महाराष्ट्र के जलगांव से एक दंपति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान जितेंद्र जैन और उनकी पत्नी अंजना जैन के रूप में हुई है। यह अन्य मामलों में वांछित थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने के लिए 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कार्वी फाइनेंस सर्विसेज लिमिटेड के दीपांकर सिंह ने दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन ने एफआईआर दर्ज की और इसके बाद दंपति को गिरफ्तार किया गया। दीपांकर सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि अंजना और जितेंद्र जैन ने 2014 में भजनपुरा के मुख्य बाजार में अपनी आवासीय संपत्ति के बदले 2.6 करोड़ रुपये का लोन लिया था।



**आयोजन** *भारतीय हैण्डलूम को बढ़ावा देने को कार्यक्रम आयोजित*

# दस हजार से अधिक विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,5 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल क्राफ्ट्स म्युजियम और हस्तकला एकेडमी, परिधान मंत्रालय के अभियान के तहत भारतीय हैण्डलूम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली छात्रों के लिए दो सप्ताह के शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय हैण्डलूम और इससे जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं पर विशेष रूप से पेश किए गए ये सत्र भारत की भावी पीढ़ियों को देश की समृद्ध धरोहर के साथ जोड़ेंगे तथा देश के विभिन्न हिस्सों से कारीगरों एवं बुनकरों के कार्य की सराहना कर इनके बारे में जागरुकता बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर के 75 स्कूलों से 10,000 से अधिक छात्र 1-14 अगस्त के बीच आयोजित।**

- स्कूली छात्रों के लिए दो सप्ताह के शैक्षणिक कार्यक्रम का किया गया है आयोजन



इस दो सप्ताह के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिन्हें भारतीय हैण्डलूम और बुनाई की जटिल दुनिया के बारे में जानने का मौका मिलेगा।

देश के विभिन्न हैण्डलूम क्लस्टर्स से मास्टर कारीगर और बुनकर, छात्रों को विभिन्न प्रकार की कारीगरी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों की लोकप्रिय कारीगरी जैसे बनारसी ब्रोकेड, इकत, पैठानी, जामदानी, उत्तर-पूर्वी परिधानों की बुनाई के बारे में जानने का अवसर मिलेगा वे कच्चे फाइबर से लेकर शानदार तैयार प्रोडक्ट के निर्माण तक की पूरी यात्रा को समझ सकेंगे।

छात्रों को न सिर्फ प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक जानकारी मिलेगी बल्कि यार्न से लेकर फाइबर तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर भी मिलेगा।

वे लूम की स्थापना से लेकर विंडिंग, साइजिंग और सजावट तक परिधान के निर्माण की पूरी प्रक्रिया के बारे में व्यापक जानकारी पा सकेंगे।

## बीआईएस ने देश के पैंतीस प्रमुख संस्थानों के साथ किया समझौता

### मानकीकरण और अनुरूपता मूल्यांकन में सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली,**5 अगस्त (देशबन्धु)। मानकीकरण और अनुरूपता मूल्यांकन में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस ने देश के पैंतीस प्रमुख संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

संस्थानों में देश भर के विभिन्न राज्यों के कुछ प्रमुख एनआईटी, सरकारी और निजी इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल थे। एमओयू साझेदार संस्थानों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्यूरो की तकनीकी समितियों के साथ जुड़कर, प्रासंगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए बुनियादी ढांचे का समर्थन प्राप्त करके, मानकीकरण और अनुरूपता मूल्यांकन पर संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करके, प्रकाशनों का आदान-प्रदान करके मानकीकरण गतिविधियों में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त करेगा जिसमें शिक्षा में मानकीकरण पाठ्यक्रम शुरू करना, मानकीकरण, परीक्षण और अनुरूपता मूल्यांकन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की खोज करना और प्रयोगशाला सुविधाओं को साझा करना शामिल है। कार्यक्रम के दौरान, बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने इस बात पर जोर दिया कि इन प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन मानक निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देगा और इसे और अधिक समृद्ध करेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा और भविष्य के प्रक्षेप पथ पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए, बीआईएस के उप महानिदेशक चंदन बहल ने विस्तार से बताया कि साझेदारी का यह मार्ग आगे कैसे प्रशस्त होगा।

बता दें कि बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक वैधानिक निकाय है।

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 6 अगस्त, 2023

वर्ष – 16 | अंक –121 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

कर्नाटक में दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री पृष्ठ 02

■ भारी बारिश व जलभराव से निपटने के लिए आकस्मिक...
■ रेल यात्रियों को आराम प्रदान करने में मुंबई... 03

■ भारत सरकार पर लगाए थे युद्ध अपराध के आरोप
■ कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारुढ़ सीपीपी जीती 07

साहित्य
सिब्बू पगलैट पृष्ठ 06

जंगल की आग व बाढ़ ने गर्मी को बना दिया अत्यधिक कष्टदायक पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### करीबियों के लिए प्रतिद्वंदी पर छापे मरवाती है सरकार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार चहेते उद्योगपति को आगे बढ़ाने के लिए हर कदम उठा रही है और उसे आम आदमी की चिंता नहीं है इसलिए देश में असमानता और महंगाई चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि सरकार एक उद्योगपति को पूरी पूंजी सौंपने के लिए अधिग्रहण के हर मामले में हर बार अधिग्रहण करने वाले दूसरी कारोबारियों पर दूर रहने का दबाव डालती है।

### सेंथिल के सहयोगी से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री टी. सेंथिल बालाजी के एक करीबी सहयोगी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान ईडी ने 22 लाख रुपए नकद, 16.6 लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान और 60 बेनामी संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए। एसटी समिनाथन से जुड़े नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

### ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे फिर शुरू हुआ



**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने से रोकने की अंजुमन इंतजामिया मसाजिद समिति की याचिका शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शनिवार को मुस्लिम पक्ष एएसआई टीम के समर्थन में आगे आया और मस्जिद परिसर का ताला खुलवाकर सर्वे के काम को शुरू कराया। एएसआई टीम के 30 से अधिक सदस्य सुबह लगभग आठ बजे मस्जिद परिसर पहुंचे थे।

### दिल्ली एनसीआर में लगे भूकंप के झटके



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, यह भूकंप रात 9.31 बजे आया था। इसका केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश में था। भारत सहित अफगानिस्तान और पाकिस्तान के कई हिस्सो में इस भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक ओर कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस महीने के पहले चार दिन में शहर में किसी कोचिंग छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत की यह दूसरी घटना है।

## राहुल की सदस्यता बहाली पर मंगलवार तक इंतजार करेगी कांग्रेस

# सदस्यता बहाली न होने पर फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगी कांग्रेस

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दोषसिद्धि पर रोक लगाने के बावजूद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द बहाल न करने की साजिश हो रही है।

वरिष्ठ पार्टी नेता व राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहाकि पार्टी इंतजार कर रही है। मंगलवार तक उनकी सदस्यता बहाल नहीं हुई तो पार्टी न्यायालय का रुख करेगी। कांग्रेस पार्टी एनसीपी के लक्षदीप लोकसभा क्षेत्र से सांसद मोहम्मद फैजल पीपी के फैसले को नजीर बनाकर कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। जिनको हत्या से जुड़े एक मामले में 10 साल की सजा सुनाए जाने के बाद संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया था। लेकिन 25 जनवरी 23 को केरल हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी। इसके बाद उन्होंने सदस्यता बहाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। लेकिन 29 मार्च को सुनवाई से ठीक पहले उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई।



पार्टी की मांग है कि जितनी तेजी से राहुल की सदस्यता खत्म हुई थी, उतनी ही तेजी बहाल की जानी चाहिए : **अधीर रंजन चौधरी, लोकसभा में कांग्रेस नेता**



■ लोकसभा सदस्यता जल्द बहाल न करने की हो रही साजिश
■ एनसीपी सांसद फैजल के फैसले को नजीर बनाएगी कांग्रेस

### लोकसभा अध्यक्ष को किया था फोन

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की आरोप है कि राहुल की सदस्यता जल्द न बहाल करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की थी,जिसके बाद शनिवार को समय का दिया गया। आज जब लोकसभा अध्यक्ष को फोन किया गया तो उन्हें महासचिव से बात कर पेपर जमा कराने को कहा। महासचिव ने कार्यालय बंद होने की बात कर कागजात लोकसभा अध्यक्ष के पास जमा कराने को कहा।

## भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा

■ अधिकारी से मारपीट के आरोप में मिली सजा
■ कठेरिया की जा सकती है संसद सदस्यता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रामशंकर कठेरिया को एक निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप में दोषी करार करते हुए दो साल की कैद और 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिले की एमपी/एमएलए कोर्ट ने इटावा के सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कठेरिया को टोरंट कंपनी के अधिकारी से मारपीट और बलवा करने का दोषी माना। दो साल की सजा होने के बाद रामशंकर कठेरिया संसद की सदस्यता जा सकती है। मामला 16 नवंबर, 2011 का है। उस समय कठेरिया आगरा संसदीय क्षेत्र से सांसद थे।



# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक 31 से

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में 26 राष्ट्रीय विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अगले सम्मेलन की मेजबानी करेगी। संजय राउत ने कहा कि यहां अगली बैठक की मेजबानी शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे करेंगे, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी हमारे साथ हैं। संजय राउत ने आगामी इंडिया के लिए महा विकास अघाड़ी गठबंधन की तैयारी बैठक से निकलने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए यह बयान दिया। इस बैठक में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

**विपक्षी पार्टियों की तीसरी बैठक**

इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के संयोजक के नाम के साथ-साथ सीट शेयरिंग फॉर्मूला पर भी फैसला हो सकता है। विपक्षी पार्टियों की ये तीसरी बैठक है। इससे पहले विपक्षी दलों की 23 जून को पटना में और 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में मीटिंग हुई थी। आखिरी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन का नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) रखने की घोषणा की थी। मल्लिकार्जुन खरगे ने 18 जुलाई को कहा था कि विपक्ष की अगली बैठक मुंबई में होगी जिसमें 11 सदस्यीय समन्वय समिति गठित की जाएगी। समन्वय समिति के सदस्य संयोजक का नाम तय करेंगे। पिछली बैठक में आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सभी पार्टियों से सीटों के बंटवारे को जल्द शुरू करने की मांग की थी. ऐसे में चर्चा है कि तीसरी बैठक में सीट बंटवारे पर फैसला हो सकता है। राहुल गांधी की सजा पर रोक के बाद अब विपक्षी दल खासकर कि कांग्रेस नेता ज्यादा जोश में नजर आएंगे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि राहुल गांधी को राहत मिलने से कांग्रेस के सुर बदल सकते हैं। अभी तक विपक्षी गठबंधन ने न प्रधानमंत्री पद का चेहरा तय किया है और न ही कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर कोई फैसला हुआ है।



■ शिवसेना (यूबीटी) है मेजबान
■ सीट बंटवारे पर हो सकती है चर्चा

# कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में 3 जवान शहीद

## सेना ने सैंकड़ों छाताधारी सैनिक और ड्रोन भी उतारे

**जम्मू,** 5 अगस्त(देशबन्धु)। कुलगाम के जिस जंगल में 4 से 5 आतंकियों के साथ सेना की मुठभेड़ चल रही है, उसमें लिप्त आतंकियों को ढेर करने की खातिर सेना ने अब सैंकड़ों छाताधारी सैनिकों को मैदान में उतारा है। साथ ही बीसियों ड्रोनों को तलाशी अभियान में झौंक दिया है। हालांकि इस मुठभेड़ में फंसे एक आतंकी को मार डालने का दावा किया जा रहा है। यह मुठभेड़ कल देर शाम उस समय आरंभ हुई थी जब कुलगाम के मंजगाम के हालन क्षेत्र में छुपे इन आतंकियों ने घात लगा कर सेना के तीन जवानों की जान ले ली थी। फिलहाल सेना ने शहीद होने वाले जवानों के नाम जाहिर नहीं किए हैं। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि तीनों जवान उस समय गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे जब 4 से 5 की संख्या में जंगलों में छुपे आतंकियों ने तलाशी अभियान के दौरान भारी गोलीबारी करने के साथ ही ग्रेनेड हमले किए थे। हालांकि बाद में मोर्चा संभालते हुए सेना ने उनमें से एक आतंकी को मार गिराने का दावा किया है।

### महबूबा ने घर में नजरबंद करने का आरोप लगाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति के केंद्र के दावों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया है। केंद्र ने वर्ष 2019 में आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था जिससे जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त हो गया था।



# इमरान को तोशाखाना मामले में 3 साल जेल

■ 5 साल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे पूर्व प्रधानमंत्री ■ एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

**इस्लामाबाद,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। लाहौर पुलिस ने पीटीआई नेता को उनके जमान पार्क स्थित घर से गिरफ्तार किया। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही अगले 5 साल तक वो चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

कोर्ट ने पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री पर एक लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के वक्त कोर्ट ने कहा कि पीटीआई चेयरमैन इमरान ने तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के चुनाव आयोग को गलत जानकारी दी थी। वो भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

**देश के लिए संघर्ष कर रहा हूं : इमरान**

इमरान खान ने गिरफ्तारी के बाद अपना एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें खान ने बताया है कि उन्हें गिरफ्तारी की पहले से ही जानकारी थी। इसलिए उन्होंने वीडियो को पहले ही रिकॉर्ड कर लिया था। खान ने कहा है कि वो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। खान ने अपने समर्थकों से कहा कि मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आप चुप नहीं बैठें। जो संघर्ष मैं कर रहा हूं वो मेरे लिए नहीं है। ये देश के लिए है। आप के बच्चों के भविष्य के लिए है। खान ने कहा कि अगर आप अपने हकों के लिए नहीं खड़े होंगे तो आप गुलामी की जिंदगी जीएंगे।



### लाहौर हाईकोर्ट पहुंची इमरान की पार्टी

इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ पीटीअई ने लाहौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। तहरीक-ए-इंसाफ के नेता उमर खान नियाजी ने लाहौर हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दायर याचिका में आईजी पाकिस्तान के पंजाब, सीसीपीओ लाहौर और अन्य को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा है कि इमरान खान को पुलिस ने अवैध तरीके से हिरासत में लिया था।

# विश्व चैंपियनशिप में अदिति ने जीता स्वर्ण

ज्योति सुरेखा वेन्नम हासिल किया कांस्य पदक


**बर्लिन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय तीरंदाज अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किए। पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। इससे पूर्व, 17 वर्षीय अदिति ने सेमीफाइनल में ज्योति को 149-145 से हराया।



तीरंदाजी

# चंद्रयान-3 ने चांद की कक्षा में लगाई छलांग

**चेन्नई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 सफलता का एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए शनिवार शाम सात बजे चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया। यह भारत के चंद्र खोज मिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान का लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इसरो ने ट्वीट किया, 'एमओएक्स ए आईएसटीआरएसी यह चंद्रयान-3 है, मैं चंद्र गुरुत्वाकर्षण महसूस कर रहा हूं।' ऑनबोर्ड मोटरों की फायरिंग शाम लगभग 7.15 बजे शुरू हुई और अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। ट्वीट में कहा गया, 'चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स आईएसटीआरएसी , बेंगलुरु से पेरिल्यून में रेट्रो-बर्निंग का आदेश दिया गया था।' इसरो ने कहा, अगला ऑपरेशन- 6 अगस्त, 2023 को लगभग 23:00 बजे के लिए निर्धारित है।




चंद्र खोज मिशन में है एक प्रमुख मील का पत्थर

# मणिपुर में ताजा हिंसा में तीन की मौत, विरोध



**इंफाल,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शनिवार को हिंसा की एक ताजा घटना में एक बुजुर्ग और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने क्वाक्टा लमखाई गांव पर धावा बोला और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि उग्रवादियों ने दो ग्रामीणों का भी अपहरण कर लिया है। पुलिस अतिरिक्त बल के साथ इलाकों में पहुंच गई है और शवों को बरामद कर लिया है। मृतकों की पहचान युमनाम पिशाक मैतेई (67) और उनके बेटे युमनाम प्रेमकुमार मैतेई (39) और एक पड़ोसी युमनाम जितेन मैतेई (46) के रूप में की गई।

मृतकों में एक बुजुर्ग व उसका बेटा भी शामिल

**भीड़ ने कई रास्ते जाम किए**

ये हिंसक झड़प टेराखोंगसांगबी कांगवे और थोरबुंग में हुई हैं। यह इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर है, जो बफर जोन कहलाता है। तीन लोगों की मौत के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। थोरबंग एरिया में पहाड़ों से सुबह से फायरिंग हो रही है। मोर्टार से भी हमला किया गया। भीड़ ने कई रास्ते जाम कर दिए हैं।

परेशानी — *तस्करी से सरकारी खजाने को लग रहा चूना*

# पिछले एक दशक में तस्करी से 163 फीसदी नुकसान बढ़ा

**नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले एक दशक में 2010 से 2020 तक तस्करी से केंद्र सरकार को होने वाला नुकसान चिंताजनक रूप से 163 प्रतिशत बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। 'अवैध बाजार' शीर्षक से जारी 2022 फिक्की कैस्केड अध्ययन के अनुसार, केंद्र सरकार को तस्करी के कारण भारी कर हानि का सामना करना पड़ता है।**

वर्ष 2010 से 2020 तक इसमें 163 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। पांच महत्वपूर्ण उद्योगों पर तस्करी का वित्तीय प्रभाव 22,230 करोड़ रुपये से बढकर 58,521 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इनमें मादक पेय, मोबाइल फोन, एफएमसीजी-घरेलू और व्यक्तिगत सामान, एफएमसीजी-पैक खाद्य पदार्थ और तंबाकू उत्पाद शामिल हैं।

इस बीच, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी के खिलाफ फिक्की समिति (कैस्केड) ने अवैध व्यापार के खिलाफ अपना मुहिम तेज कर दिया है। अभियान के हिस्से के रूप में लोगों से जुड़ने और अवैध व्यापार के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक ऑटो रैली का आयोजन किया गया। तानसेन मार्ग पर फिक्की हाउस से 250 से अधिक ऑटो रिक्शा एक निर्धारित मार्ग से गुजरे। ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए फिक्की यंग लीडर्स फोरम, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा 'तस्करी और जालसाजी न केवल आर्थिक प्रगति में बाधा डालती है, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य को भी खतरे में डालती है। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और अंतत: दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें एकजुट होना होगा और इस महत्वपूर्ण मुद्दे के खिलाफ जागरूकता बढ़ानी होगी। मैं इस अभियान को शुरू करने के लिए फिक्की कैस्केड के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं और अपने सभी ऑटो चालक भाइयों को दिल से धन्यवाद देता हूं जो इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं।'




■ जागरूकता पैदा करने के लिए ऑटो रैली निकाली

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ शहर में महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार लगातार फॉगिंग का कार्य वरद स्तर पर कराना शुरू कर दिया गया है साथ ही नालियों में एंटी लारवा छिड़काव भी कराया जा रहा है डेंगू संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखते हुए कार्रवाई कराई जा रही है, रोस्टर के अनुसार समस्त वार्ड में भी कार्य चल रहा है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी से समन्वय कर संक्रामक रोगों की रोकथाम के कार्य प्रमुखता पर चल रहा है।

**डॉ. मिथिलेश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

## जिलाधिकारी ने 4 स्कूलों के खिलाफ जारी की आरसी



**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने चार स्कूलों के खिलाफ आरसी जारी की है। इन स्कूलों से एक-एक लाख रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसमें खैतान पब्लिक स्कूल नोएडा, जीडी गोयंका स्कूल ग्रेटर नोएडा, शिव नादर स्कूल नोएडा, सैनफोर्ट स्कूल ग्रेटर नोएडा स्कूल है। दरअसल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा शैक्षिक वर्ष 2020-21 में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के विषय में विद्यालय प्रबंधन द्वारा वसूली गई 15 प्रतिशत फीस समायोजित करने व विद्यालय छोड़ चुके छात्रों को वापस किए जाने का आदेश दिया गया था। जिसको लेकर विद्यालय द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की गई और न्यायालय द्वारा मात्र फीस वापसी के आदेश पर स्टे दिया गया लेकिन फीस के समायोजन पर कोई स्टे नहीं दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने 15 प्रतिशत फीस समायोजित नहीं करने वाले 100 से अधिक स्कूलों पर 1-1 लाख रुपए

■ **न्यायालय का आदेश नहीं मानने पर 1-1 लाख रुपए का लगाया था जुर्माना**

जुर्माना लगाया था। जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि कुछ ही विद्यालयों ने आरोपित दंड की धनराशि जमा कराई गई है। ऐसे में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जुर्माना राशि नहीं देने वाले 4 स्कूलों ग्रेटर नोएडा पर आरोपित दंड की धनराशि वसूली के लिए आर.सी. निर्गत की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि शेष विद्यालयों के विरुद्ध भी शीघ्र ही आरोपित दंड की धनराशि वसूली के लिए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# चिल्ला एलिवेटेड निर्माण में क्या होगी भुगतान प्रक्रिया, सोमवार को होगा तय

**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली को नोएडा से जोड़ने चिल्ला एलिवेटेड का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके संकेत मिलने लगे है। सोमवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ब्रिज कारपोरेशन के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में ब्रिज कारपोरेशन के साथ पेमेंट मोड तय किया जाएगा। पेमेंट मोड दो तरह से हो सकता है। पहला आइटम रेट के जरिए और दूसरा प्रोजेक्ट की स्टेज वाइस पर।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रोजेक्ट को पूरा कराना है। इसके लिए पेमेंट मोड जो बेस्ट होगा उसे ही अपनाया जाएगा। इसके लिए ही बैठक की जा रही है। दरअसल, प्राधिकरण में अब तक प्रोजेक्ट के स्टेज वाइज ही पेमेंट दिया जाता था। जिसे ईपीसी कहते है। इसमें डिजाइन से लेकर स्वायल टेस्ट और निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार कंपनी की होती है। जैसे जैसे निर्माण का एक-एक स्टेप पूरा होता जाता है। उसे पेमेंट किया जाता है।

अभी इसका 13 प्रतिशत काम ही हो सका है। एलिवेटेड निर्माण का सुपरवीजन भी नोएडा प्राधिकरण को करना है। ऐसे में प्राधिकरण के सीईओ इस प्रोजेक्ट में अब कोई लापरवाही बर्दाशत नहीं करेंगे। ये एलिवेटेड दिल्ली और






■ **बैठक में प्राधिकरण और ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारी होंगे शामिल**
■ **चिल्ला एलिवेटेड निर्माण की बाधा होगी समाप्त**

नोएडा के बीच ऐसा इंटरसेक्शन होगा जिसके जरिए लोग नोएडा एक्सप्रेस वे तक सीधे जा सकेंगे। इस एलिवेटेड को दिल्ली के मयूर विहार फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा। यानी जिन वाहन चालकों को यमुना या लखनऊ एक्सप्रेस वे जाना है। वे इस इसका प्रयोग कर सीधे एक्सप्रेस पर जा सकेंगे। वर्तमान में वाहन चालकों नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक का जाम झेलना पड़ता। ऐसे वाहन चालकों की संख्या करीब 5 लाख है। इनको महज 4.50 किमी के इस पैच को पार करने में 30 मिनट का समय लग जाता है। एलिवेटड के बनने से उनको जाम में नहीं फंसना होगा। इसके अलावा अक्षरधाम, मयूर विहार से नोएडा, परिचौक, कालिंदी कुंज, सरिता विहार से आने वाले वाहन चालाकों को जाम नहीं मिलेगा।

**एलिवेटेड पर चढ़ने और उतरने के लिए बनाए जाएंगे लूप**

ये एलिवेटेड नोएडा के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक करीब 5.96 किमी लंबी होगी। छह लेन की इस रोड पर 500 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े 5 लूप बनाए जाएंगे। इसमें दो लूप चढ़ने के लिए। जिसमें पहले चिल्ला से महामाया की तरफ जाने पर सेक्टर-15 शाहदरा ड्रेन के पास और सेक्टर-16बी के पास होगा। उतरने के लिए सेक्टर-16, सेक्टर-18 और सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास। महामाया फ्लाईओवर के पहले चढ़ने और उतरने के लिए यहां बोटेनिकल गार्डन के पीछे लूप बनाया जाएगा। इन लूप के जरिए ट्रैफिक एलिवेटेड पर फ्लोट होगा।

**801 करोड़ का है प्रोजेक्ट जिसे बना रहा ब्रिज कारपोरेशन**

एलिवेटेड को बनाने की जिम्मेदारी ब्रिज कारपोरेशन की है। जल्द ही टेंडर जारी करने जा रहा है। इसके निर्माण में 801 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें प्राधिकरण 74 करोड़ का काम पहले ही पूरा कर चुका है। ये एलिवेटेड दो राज्यों को कनेक्टस करती है। इसलिए अनुबंध के तहत 50त्न पैसा केंद्र सरकार करीब 393 करोड़ रुपए आएगा। बाकी 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा।

**2008 में बनी योजना, 2019 में सीएम ने किया शिलान्यास**

परियोजना वर्ष 2008 में तैयार की थी, लेकिन वर्ष 2019 में धरातल पर उतर सकी। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिलान्यास के बावजूद भी इसका काम पूरा नहीं हो सका। इसका फिजिकल काम 13 प्रतिशत हो चुका है। इसकी नई डेड लाइन मार्च 2025 तय की गई है।

## सार संक्षेप

### स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 51 में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ एक युवक ने अश्लील हरकत की। छात्रा के परिजनों के अनुसार वह स्कूल से पढ़कर लौट रही थी, तभी आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत की। थाना सेक्टर- 49 के प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि सेक्टर 51 में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बेटी शुक्रवार को स्कूल से पढ़कर घर आ रही थी, तभी शुभम नामक युवक ने उसका रास्ता रोक लिया, उसका हाथ पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत की। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार है उसकी तलाश की जा रही है।

### मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**नोएडा।** दंत चिकित्सक की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-79 स्थित हिल्सटन सोसाइटी में रहने वाली कुमारी अनुष्का श्रीवास्तव (22 वर्ष) ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-113 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतका दंत चिकित्सक की पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### गौकश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गौकश गिरफ्तार किया है। बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। एसीपी ट्रोनिका सिटी ने बताया कि पुलिस शनिवार को जांच कर रही थी। तभी आवास विकास जंगल की तरफ से एक होण्डा सिटी कार सवार व्यक्तियों को जांच के लिए रूकने का इशारा किया। लेकिन वे रुके नहीं और होण्डा सिटी कार को तेज गति से पीछे मोड़ कर मुड़कर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया व पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम फराहीम उर्फ फराईम उर्फ फईम प निवासी ढम्का मोढ थाना नगली जिला अमरोहा बताया। बदमाश ने बताया कि वह इस क्षेत्र में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर के गोकशी की वारदात करता है गौकशी के मामले में जेल जा चुका है।

### प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती महिला की मौत

**नोएडा।** थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में स्थित एक अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती हुई महिला की मौत हो गई है। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि शहाना पत्नी दिलशेर को प्रसव के लिए मामूरा गांव स्थित मार्क अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। डॉक्टरों के अनुसार उनके बच्चे की पेट में मौत हो चुकी थी। बच्चे को निकालने के लिए महिला का ऑपरेशन किया गया। इसी बीच महिला की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## सीईओ ने लगाया जनता दरबार

**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। शहरवासियों की समस्या को लेकर आज नोएडा के सेक्टर-34 में जनता दरबार लगाया गया। इसमें नोएडा के सभी सेक्टरों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व ग्रामीण प्रतिनिधि मौजूद रहे। इन सभी ने अपने सेक्टरों की समस्याओं से सीईओ लोकेश एम को अवगत कराया। इस मौके पर प्राधिकरणक के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष, डीजीएम सिविल श्री पाल भाटी के अलावा वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सेक्टर के प्रतिनिधियों ने लोकेश एम को समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने समस्या के आधार पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिनमें त्वरित एक्शन लिया जा सकता है उसे तत्काल ठीक कराने के लिए कहा गया। जिनका निस्तारण किया गया। प्रतिनिधियों ने नाले में फैली गंदगी, पानी निकासी, बारिश के दौरान



■ **सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने सुनाई समस्या, जिनका किया गया मौके पर निस्तारण**

जलभराव की समस्या से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि नोएडा के सेक्टर-12, 20 से लेकर पॉश सेक्टरों तक जलभराव की समस्या है। हाल ही के दिनों में बारिश और सिंचाई नाले के बैक फ्लो होने से बाढ़ का पानी सेक्टरों में भर गया थाा। जिससे काफी परेशानी हुई। सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने पार्कों के रखरखाव और खस्ताहाल होते ओपेन जिम, ग्रीनरी को लेकर भी सवाल किए। उन्होंने कहा कि बच्चों के खेलने के लिए नोएडा के सेक्टरों में पार्क नहीं है। जहां वे आउटडोर एक्टिविटी कर सके। सेक्टरों के बाहर वेंडिंग जोन बनाए गए है। ये गंदगी का अंबार लगा देते है। इसके अलावा फुटपाथ पर इंटरलाकिंग टाइल्स का प्रयोग नहीं किया जाए। साथ ही कई सेक्टरों में गंदे और लो प्रेशर पानी की शिकायत भी मिली है। इसके अलावा अतिक्रमण और गांवों में नालियों के गंदगी की शिकायत की गई। सीईओ लोकेश एम ने समस्याओं का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## वेदवन पार्क के बाहर जाम से निजात दिलाने के लिए गठित की गई टीम

**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। इस कारण यहां शाम को भीषण जाम लग रहा है। स्थित ये है जाम से निकलने के लिए लोगों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यहां पार्किंग स्पेस कम होना है। इस समस्या को हल करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक और एनटीसी के डीजीएम के निर्देश पर एक टीम गठित की गई है। ये टीम मौजूदा स्थिति का सर्वे करेगी और यहां लगने वाले जाम का विकल्प तलाशेगी। दरअसल टीम का गठन भी पुलिस की ओर से किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किया गया। बता दे वेदवन पार्क प्रदेश का पहला पार्क है जिसमें ऋषि मुनियों द्वारा वेदो की जानकारी दी जा रही है। इसमें म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया है।

■ **सर्वे कर बताएगी क्या हो सकती है वैकल्पिक व्यवस्था**

जिसे देखने के लिए रोजाना हजारों की भीड़ यहां आती है। जिससे यहां जाम लगता है। इस जाम से निजात के लिए टीम में छह सदस्य है। जिसमें आनंद मोहन उप निदेशक उद्यान, राम सिंह यातायात निरीक्षक, प्रबंधक सर्किल-6, विवेक कुमार सिंह प्रबंधक एनटीसी, यशपाल अवर अभियंता वर्क सर्किल-6 और प्रमेंद्र कुमार अवर अभियंता एनटीसी शामिल है। ये टीम वेदवन पार्क के आसपास जाम के कारणों का निरीक्षण करेगी और एक रिपोर्ट सब्मिट करेगी।

### सोशल मीडिया पर जाम की शिकायत मिलने पर किया था सर्वे

सोशल मीडिया पर लगातार जाम की शिकायत मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने एक सर्वे किया। इसकी रिपोर्ट प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजी गई। इस रिपोर्ट में जाम के कारण बताए गए। साथ टीम बनाने को रिकमंड किया गया। इसी रिपोर्ट के आधार पर टीम बनाई गई।

**पार्क में मात्र 50 वाहनों की है पार्किंग**

पार्क के अंदर मात्र 50 वाहनों की पार्किंग है। जबकि रोजाना पार्क में लगभग 500 वाहन आते है। पीक आवर्स और वीकेंड में इनकी संख्या और बढ़ जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए पार्क के पास बनी ग्रीन बेल्ट जिसमें घास सूखी है। उसे पार्किंग में तब्दील किया जाए।

## हजार से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले 9 गिरफ्तार

**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह को नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने पकड़ा है। इस गैंग के नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से कब्जे से चोरी की तीन गाड़िया, एक मोटरसाइकिल, गाड़ी के कटे स्पेयर पार्ट्स व अवैध हथियार बरामद किए गए है। इन सभी को नोएडा प्राधिकरण की सेक्टर-95 स्थित पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। ये लोग चोरी की कार के लिए कोड भाषा का प्रयोग करते थे। इनकी पहचान फारूख उर्फ बाबा, प्रताप उर्फ पप्पु, अजय राज दीवाकर, शेरा उर्फ गौरव बक्शी, गौरव मखीजा, अनिल कुमार भाटिया, जसपाल सिंह उर्फ हैप्पी, मन्जीत उर्फ छोटू उर्फ मोनू, सौरभ मखीजा उर्फ मख्खी हुई है। डीसीपी हरीष चंदर ने बताया कि फारूख व प्रताप दिल्ली हरियाणा, यूपी, राजस्थान आदि स्थानो पर रैकी करके चार पहिया वाहनों को चोरी करते थे। चोरी करने के बाद ये अपने साथियों के जरिए चोरी के चार पहिया वाहनो को सस्ते दामों में मिस्त्री व डीलर को बेच देते थे। डीलर द्वारा उक्त चार पहिया वाहनो को कटवाकर विभिन्न पार्ट्स को अलग-अलग बेच देते थे। ये डील लाखों रुपए की होती थी। इसमें दिल्ली क्षेत्र के मायापुरी के डीलर्स जसपाल उर्फ हैप्पी, गौरव मखीजा, सौरभ मखीजा, शेरा उर्फ गौरव बक्शी, मन्जीत उर्फ चोटू उर्फ मोनू, अनिल कुमार भाटिया, अजयराज दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी।

■ **कोड भाषा का करते थे प्रयोग**
■ **दिल्ली एनसीआर, हरियाणा व राजस्थान में था नेटवर्क**

उन्होंने बताया कि दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र में ही चोरी किये हुए चार पहिया वाहनों को काटकर विभिन्न पार्ट्स की बिक्री की जाती थी। मन्जीत उर्फ छोटू फारूख से चोरी किए गए चार पहिया वाहनों को 20 हजार रुपए में खरीद लेता था। उस वाहन को वो गौरव मखीजा व सौरभ मखीजा को 40-45 हजार रुपए में बेचता था। दोनों भाई चोरी के इन चार पहिया वाहनों को कटवाता था। उसके पार्ट्स जसपाल सिंह उर्फ हैप्पी जिसकी मायापुरी में एम.एस. मोटर्स के नाम से दो दुकान व गोदाम है।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध अवस्था में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट में आज राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में मिला है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट में राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस वन विभाग को सूचना दी। राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक के यहां पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से मामले की जांच कर रही है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि शिकारियों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार किया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## स्वतंत्र देव सिंह के बयान से नाराज़ त्यागी समाज ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को घेरा, जमकर नारेबाजी

**गाजियाबाद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तथा प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप का त्यागी समाज के लोगों ने घेराव किया। त्यागी समाज के लोगों ने स्वतंत्र देव सिंह व भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि स्वतंत्र देव सिंह ने त्यागी समाज व दो अन्य समाजों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। बाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से उनकी वार्ता हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें बताया कि स्वतंत्र देव सिंह ने जो बयान दिया है उसके लिए वह खेद जता चुके हैं। अब कोई मामला नहीं बनता है काफी गहमागहमी के बाद त्यागी समाज के लोग वापस चले गए। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप व संगठन के अन्य पदाधिकारी आज यहां मानसरोवर भवन में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए आए थे। यह प्रशिक्षण वर्ग भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष ओवर सदस्यों के लिए आयोजित किया गया था। इसी दौरान सुबह के बाद त्यागी समाज का प्रतिनिधिमंडल भूपेंद्र



चौधरी से मिला लेकिन बाद में त्यागी समाज के नेता मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में समाज के अनेक कार्यकर्ता मानसरोवर गेट पर बैठ गए और जमकर हंगामा किया। इन लोगों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इन लोगों ने करीब डेढ़ 2 घंटे तक प्रदेश अध्यक्ष में नरेंद्र कश्यप को बाहर नहीं आने दिया। बाद में कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद यह लोग प्रदेश अध्यक्ष एमएलए और प्रदेश अध्यक्ष ने इनकी बात को सुनकर कहा कि इस संबंध में जो भी हो सकेगा करेंगे लेकिन स्वतंत्र देव सिंह अपने बयान पर खेद व्यक्त कर चुके हैं इसलिए अब कोई मामला नहीं बनता है।

## नगर आयुक्त ने दिए संक्रामक रोगों से बचाव के लिए शहर में एंटी लार्वा अभियान चलाने के निर्देश

**गाजियाबाद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार हो रही वर्षा तथा मौसम के बदलते स्वरूप को देखते हुए गाजियाबाद नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शहर में वृहद स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को शहर में वृहद स्तर पर फॉगिंग कराने, एंटी लारवा छिड़काव कराने तथा ब्लीचिंग पाउडर छिड़क माने व अन्य कार्रवाई कराने हेतु आदेशित किया गया है। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नगर आयुक्त ने शहर वासियों से भी अपील की कि वह अपने घरों में कहीं भी जल एकत्र न होने दें, कूलर एसी पुराने टायर गमले, अन्य ऐसी स्थान जहां जल एकत्र होता है।

वहां से जल को प्रतिदिन साफ करें, घर में साफ सफाई रखने तथा विशेष रूप से शौचालय को साफ रखने के लिए अपील की है। नगर आयुक्त ने स्कूलों के विद्यार्थियों को भी अपने घरों में और घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया है स्कूलों के प्रधानाचार्य को भी मोटिवेट किया गया है कि वह छात्र छात्राओं को डेंगू मलेरिया जैसी बीमारी के बचाव के उपाय से अवगत कराएं तथा जागरूक करें, गाजियाबाद नगर निगम की स्वास्थ्य टीम को भी शहर वासियों को जागरूक करने के लिए मोटिवेट किया गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि शहर में महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश अनुसार लगातार फॉगिंग का कार्य वरद स्तर पर कराना शुरू कर दिया गया है साथ ही नालियों में एंटी लारवा छिड़काव भी कराया जा रहा है डेंगू संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखते हुए कार्रवाई कराई जा रही है, रोस्टर के अनुसार समस्त वार्ड में भी कार्य चल रहा है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी से समन्वय कर संक्रामक रोगों की रोकथाम के कार्य प्रमुखता पर चल रहा है।



गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों को न केवल संक्रामक रोगों से बचाने में प्रयासरत है बल्कि स्कूलों के विद्यार्थियों के माध्यम से शहर वासियों को जागरूक भी किया जा रहा है। सफाई मित्रों द्वारा प्रतिष्ठानों तथा घरों में पानी एकत्र ना होने दें इसके लिए जागरूक किया जा रहा है।

## राहुल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय आने पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**बुलंदशहर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के गांधी चौक स्थित एकत्रित हुए सभी कांग्रेसी बांटी मिठाई सुप्रीम कोर्ट का बताया ऐतिहासिक फैसला। हम बता दे की राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा पर अगली सुनवाई तक रोक लगाने के फैसले पर कांग्रेसियो ने मिठाई बांट कर जशन मनाया है। नगर के गांधी चौक मे कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अम्बरीश वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने व उनकी सांसद बहाली पर जशन मनाया है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष अम्बरीश वर्मा ने कहा कि आखिर सत्य की जीत हो ही गई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है लेकिन कभी भी दबाया हराया नहीं जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेसियो राहुल की जीत नहीं है देश की जीत है और इस निर्णय से देश की न्यायिक प्रक्रिया पर लोगो का विश्वास बढ़ा है। कांग्रेसियो ने सुप्रीम कोर्ट का जताया आभार। कांग्रेस नेता अम्बरीश वर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को पलटकर राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई पूरे देश मे खुशी की लहर दौड़ गई।



इसी खुशी में नगर के गांधी चौक में कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए समस्त कांग्रेसियो ने मांग की राहुल गांधी की सदस्यता जिस तरीके से 1 दिन में वापस ली थी उसी तरीके से एक दिन मे ही उनकी सदस्यता बहाल करे। इस मौके पर नरेंद्र पटेल, सुरेश चंद्र गर्ग पूर्व नगर अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह, चिराग अल्वी, सुभाष वर्मा, संजय कंसल, शिवकुमार शर्मा, सुभाष चंद शर्मा, राजकुमार जाटव, कामिल खां, जीवन पहाड़ी समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

उवाच

जिन किसानों की जमीनों पर प्राधिकरण की स्थापना हुई है तथा बड़े-बड़े उद्योग धंधे और आवासीय योजनाएं ग्रेटर नोएडा शहर में आई हैं, वह किसान, सड़कों पर रहे यह उचित नहीं है। अत: शीघ्रता से किसानों की समस्याओं का समाधान हो इसी उद्देश्य को लेकर जेवर के विधायक ने प्राधिकरण के साथ लंबी वार्ता की।

– धीरेन्द्र सिंह, विधायक जेवर



# जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाने पर किसानों में नाराजगी



■ ध्वस्तीकरण के विरोध में भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**जेवर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को जहांगीरपुर में की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत का आयोजन किया तथा प्राधिकरण की कार्रवाई को गलत बताते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह चौरोली ने कहा कि वर्षों से जेवर, जहांगीरपुर व रबूपुरा आदि कस्बो की सीमा में वृद्धि नहीं हुई है तथा इस दौरान आबादी में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ती आबादी के अनुसार कस्बो की सीमा में वृद्धि कर उनका सीमांकन किया जाना चाहिए। यमुना विकास प्राधिकरण पर आरोप लगाते हुए कहा कि बगैर नोटिस दिए वर्षों से बने हुए भवनों को धवस्त करना अनुचित है जिसे भारतीय किसान यूनियन टिकेट बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने प्राधिकरण से मांग करते हुए कहा कि ध्वस्त किये गए निर्माणों का मुआवजा, नगर पंचायतो का सीमांकन बढ़ाने और सीमांकन से पहले जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं उनको निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि सोमवार को संगठन का प्रतिनिधिमंडल यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से इस सम्बन्ध में वार्ता करेगा तथा जब तक मांगे नहीं मानी जाती है जब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। ध्वस्तीकरण कार्रवाई से पीड़ित सुनील जिन्दल ने यमुना विकास प्राधिकरण पर आरोप लगाया हैं कि प्राधिकरण द्वारा कोई नोटिस नहीं दिया गया है उसके उपरांत हमारे मकान को गिरा दिया गया है। कुछ पीड़ितों ने यमुना विकास प्राधिकरण पर ये भी आरोप लगाया है कि हमको प्राधिकरण द्वारा नोटिस तो जारी किए गए थे और उनमें अवैध निर्माण को हटाने के लिए 15 दिन की समय-सीमा हमको दी गई थी।

लेकिन समय सीमा बीतने से पूर्व ही यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा हमारे निर्माणों को ध्वस्त कर दिया है। इस मौके पर शिवकुमार मंगला, चौधरी ऐजवीर सिंह, चौधरी कल्याण सिंह, सुनील जिन्दल, मूलचन्द शर्मा, लकी गर्ग, चन्दर, कौमलेश चौधरी, मोनू अग्रवाल, मुकेश तायल, संजय शर्मा, जसवीर सिंह, राजबहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## धरनारत किसानों की समस्याओं को जेवर विधायक ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ से मिले



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरनारत किसानों की समस्याओं को लेकर शनिवार जेवर के विधायक, धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी के साथ विस्तृत वार्ता की। इस दौरान विधायक ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने हेतु, रास्ता निकाले जाने के निर्देश दिए। धीरेन्द्र सिंह ने अवगत कराया कि जिन किसानों की जमीनों पर प्राधिकरण की स्थापना हुई है तथा बड़े-बड़े उद्योग धंधे और आवासीय योजनाएं ग्रेटर नोएडा शहर में आई हैं, वह किसान, सड़कों पर रहे यह उचित नहीं है। अत: शीघ्रता से किसानों की समस्याओं का समाधान हो इसी उद्देश्य को लेकर जेवर के विधायक ने प्राधिकरण के साथ लंबी वार्ता की। उससे पूर्व किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अपनी 21 मांगों के संबंध में अवगत कराया। जिनमे मुख्य रूप से नरेंद्र सिंह भाटी जिला अध्यक्ष, किसानसभा, राजेश प्रधान जिला उपाध्यक्ष किसान महासभा, हरेंद्र खारी महासचिव, सूबेदार ब्रहमपाल वरिष्ठ महासचिव किसानसभा, वीर सिंह नागर बादलपुर, सतीश भाटी घंघोला सम्मलित थे।

## विश्व गुरू बनाने के लिए प्राचीन परंपराओं का करना होगा निर्वहन : डीआईजी



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर ईटा-1 में संचालित महर्षि पाणिनि वेद वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल में श्रावण मास के शुभ अवसर पर जुगल किशोर तिवारी डीआईजी उत्तर प्रदेश ने आकर रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों के द्वारा ही प्राप्त नहीं होती है अपितु व्यक्तित्व निर्माण करने में अग्रणी भूमिका निभाती है। प्रचलित शिक्षा पद्धति के साथ गुरुकुलीय शिक्षा को समन्वित करना आवश्यक है। गुरुकुल को बटुकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यदि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो हमें आप जैसे शिक्षार्थियों की आवश्यकता होगी, जो आधुनिक विचारधारा के साथ-साथ धर्म की शिक्षा समाज एवं देश-दुनिया को दे सकें। उन्होंने गुरुकुल परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप जैसे महानुभावों के द्वारा ही हम अपनी प्राचीन परंपराओं के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूक हो पाते हैं। उन्होंने यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया एवं उपस्थित सभी महानुभावों से यथासंभव सहयोग की अपेक्षा भी की। गुरुकुल के संस्थापक आचार्य रविकान्त दीक्षित ने धन्यवाद देते हुए कहा कि आप जैसे वरिष्ठ महानुभावों से ही हमें और उत्कृष्ट कार्यों को करने का उत्साह मिलता है। इस अवसर पर एसएस शुक्ला के साथ गुरुकुल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### पुण्य कार्यों का लाभ हमेशा परिजनों को मिलता है : राज राजेश्वरी पुरी



**ग्रेटर नोएडा।** श्री लक्ष्मी नारायण बैकुंठवासी के तत्वावधान में 7 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन श्री रामलीला मैदान, एच्छर चल रहा है, कथा वाचक राष्ट्रीय संत परम पूज्य अध्यात्म जगद्गुरु श्री श्री 1008 राज राजेश्वरी पुरी ने संगीतमय कथा के पंचम दिवस पर कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस में बताया है कि हमारे द्वारा किए गए पुण्य कार्यों का लाभ हमेशा हमें तथा हमारे परिजनों को भी मिलता है और हम अगर कोई पाप करते हैं तो निः संदेह जो हमारे भागीदार हैं उन्हें भी वह कष्ट उठाने पड़ते हैं। अतः व्यक्ति को हमेशा अच्छे कार्य करने चाहिए। अगर कभी पाप हो भी जाए तो उसे दान पूजा आदि से उसके प्रभाव से बचा जा सकता है। कथा में पूर्व सहायक आयुक्त जी.पी.गोस्वामी, बिट्टू भाटी, राजू भाटी, संदीप भाटी, राहुल नम्बरदार, अरविंद सिंह, देवराज नागर, चैन पाल प्रधान, सुमित बंसल, अमित भाटी, बीरेन्द्र पोसवाल, रजनी तोमर, पुष्पेन्दर आदि सैकड़ों महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित रहे। कथा 7 अगस्त तक दोपहर 4 बजे से 8 बजे तक होगी।

### रजवाहे अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नीमका के समीप स्थित रजवाहे में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि नीमका गांव के समीप स्थित रजवाहे में किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर षिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। व्यक्ति की उम्र 32 वर्ष के करीब है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रदेश में खराब बिजली ट्रांसफार्मर न बदले जाने से उपभोक्ता परेशान

■ उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का आरोप
■ नियम के हिसाब से नहीं बदले जा रहे ट्रासफार्मर

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पूरे उत्तर प्रदेश में रोज जल रहे 1100 से ज्यादा वितरण ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्रों में 8 घंटे क्लास वन सिटी में 6 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे में ट्रांसफर को हर हाल में बदलने के कानून का अनेकों जनपदों में हो रहा उल्लंघन तय समय से नहीं बदले जा रहे हैं वितरण ट्रांसफार्मर उपभोक्ता हो रहे परेशान। उपभोक्ता परिषद ने कहा मुआवजा कानून की भी हो रही अनदेखी ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मर विफल होने पर समय से न बदले जाने पर उस क्षेत्र के प्रत्येक उपभोक्ता को रुपया 150 प्रतिदिन के हिसाब से मिलना चाहिए मुआवजा लेकिन मुआवजा कानून के लिए पावर कारपोरेशन में बनाई गई व्यवस्था पूरी तरह फेल।

उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपोरेशन व सरकार से उठाई मांग कहा वितरण ट्रांसफार्मरों को समय से न बदले जाने की मॉनिटरिंग के लिए सभी बिजली कंपनियां में अपने क्षेत्र में एक मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी को बनाए नोडल और उनके नंबर को किया जाए प्रचारित जिससे उपभोक्ता सीधे बता सके अपनी समस्या।

वर्तमान में पूरे उत्तर प्रदेश के पिछले सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रत्येक दिन लगभग 1150 वितरण ट्रांसफार्मर चल रहे उसमें से लगभग 50 प्रतिशत वितरण ट्रांसफार्मर ओवरलोड व अन बैलेंससिंग के चलते खराब हो रहे हैं या जल रहे हैं ऐसे में सबसे बड़ी समस्या प्रदेश के उन विद्युत उपभोक्ताओं के लिए हो रही है जिन क्षेत्र में वितरण ट्रांसफार्मर लगातार जल रहे हैं और उन्हें समय से बदला नहीं जा रहा है शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत प्राप्त होने के 8 घंटे के भीतर और यदि श्रेणी वन का शहर है तो 6 घंटे के भीतर और ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर वितरण ट्रांसफार्मर हर हाल में बदलना होगा ऐसा न करने पर रुपया 150 प्रतिदिन के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्र में मुआवजा भी उस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को देना होगा लेकिन अब सबसे बडा सवाल यह उठता है कि मुआवजा कानून को जिस सॉफ्टवेयर के जरिए 1912 के माध्यम से लागू किया गया है उसका भगवान ही मालिक है कोई भी पारदर्शी नीति नहीं है इसी का नतीजा है कि मुआवजा कानून लागू होने के बाद भी आज तक किसी भी विद्युत उपभोक्ता की शिकायत को मुआवजा के दायरे में नहीं लिया गया। मॉनिटरिंग सेल व नोडल नियुक्त किया जाए और उसके टेलीफोन नंबर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराया जाए जिससे उपभोक्ता सीधे अपने क्षेत्र के बिजली कंपनी के नोडल को सूचना दें और वह नोडल अधिकारी कम से कम मुख्य अभियंता लेवल का हो। जो समन्वय स्थापित कर तत्काल तय समय सीमा में वितरण ट्रांसफार्मर को बदल वाना सुनिश्चित करें

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से बडे पैमाने पर यह शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि उनके क्षेत्र में लगातार ओवरलोड व अनबैलेंससिंग के चलते वितरण ट्रांसफार्मर जलते हैं लेकिन उन्हें विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के तहत तय समय सीमा मे बदला नहीं जाता। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा बिजली कंपनियों को जिन भी क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मर जल रहे हैं उन्हें विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के तहत तय समय सीमा में बदलना होगा और यदि ऐसा नहीं होता है तो उपभोक्ता परिषद बिजली कंपनियों के खिलाफ विद्युत नियामक आयोग में अवमानना बाद भी दाखिल करने पर विचार करेगा।

## इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटेलिटी एक्सपो में आईएचई एक्सेलेंस अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटेलिटी एक्सपो 2023 आईएचई एक्सेलेंस अवार्ड्स के माध्यम से आतिथ्य उद्योग के भीतर एक्सेलेंस की भावना का



समारोह मनाया। छठें भारत अंतरराष्ट्रीय आतिथ्य एक्सपो (आईएचई) के अंतिम दिन कम से कम 76 व्यक्तियों और संस्थानों को आईएचई एक्सेलेंस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेता, जो केरल के मुन्नार और थेक्कडी से गोवा आए थे, राजकोट, वडोदरा, लखनऊ, हरिद्वार और गंगटोक और सभी प्रमुख महानगरीय शहरों ने अपनी ट्रॉफियां प्राप्त की। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (आईईएमएल) में पुरस्कार संध्या में इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) के अध्यक्ष राकेश कुमार, सीईओ सुदीप सरकार और हरि दादू, अध्यक्ष, आईएचई 2023 और दादू सिरेमिक समूह के प्रबंध निदेशक भी मौजूद थे। इस समारोह का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों में होटल व्यवसायियों, रेस्तरां, कैटरर्स और उनके सहयोगियों के उल्लेखनीय योगदान को पहचानना और सराहना करना था, जो संपन्न आतिथ्य क्षेत्र के विविध पहलुओं का प्रतीक है।

इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि 2018 में शो की शुरुआत के बाद से आतिथ्य और खाद्य उद्योगों में उत्कृष्टता को पहचानना आईएचई की परंपरा रही है। इसलिए हम शुरू से ही उन सर्वोत्तम प्रतिभाओं को पहचानने और सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध थे जो दोनों उद्योगों को उत्कृष्टता के उच्च शिखर पर ले जा रहे हैं।

## प्रदर्शनी में बच्चों को युवा वैज्ञानिक गोपालजी ने किया प्रोत्साहित



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बच्चों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस वार्षिक प्रदर्शनी में युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत एक युवा वैज्ञानिक मुख्य अतिथि गोपालजी ने प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर तथा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए सभी विषयों से संबंधित प्रदर्शन को देखकर उनके प्रयास की सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी विषय में अरुणाचल प्रदेश पर ट्रैवल ब्रोशर, हिन्दी विषय में पक्षियों पर कविताएं, गणित में अरुणाचल प्रदेश के सुन्दर जनजातीय कौशल चित्रकारी, समाजिक विज्ञान में अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति पर मॉडल, डांस में उत्तर प्रदेश का लोक-नृत्य, अरुणाचल प्रदेश का लोक-नाच कॉलेज का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने सभी मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा का भंडार है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लाट न0–1 सैक्टर नॉलिज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी

जिला–गौतमबुद्धनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ए01 आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या–सी–230, सैक्टर अल्फा–01, आकार–138.60 वर्गमीटर आवंटन संख्या–ए013583, श्री पुरूषोत्तम गर्ग एवं श्रीमती नीरू गर्ग के नाम आवंटित है। जिसमें सह आवंटी श्रीमती नीरू गर्ग पत्नी श्री पुरूषोत्तम गर्ग की मृत्यु दिनांक 21.09.2020 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड के 1/2 भाग को वसीयतनामा के आधार पर उनके पुत्र MR. LAKSHYA GARG (MINOR 16 YEAR) THRO. UNDER GUARDIAN SHIP SH. PURSHOTTAM GARG R/O LAMBA GALIYARA, DANKAUR, G.B. NAGAR, U.P.-203201 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड के 1/2 भाग का नामांतरण श्रीमती नीरू गर्ग पत्नी श्री पुरूषोत्तम गर्ग के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पुत्र MR. LAKSHYA GARG (MINOR 16 YEAR) THRO. UNDER GUARDIAN SHIP SH. PURSHOTTAM GARG के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सेवाओं के लिए कस्टम बोली-तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार सभी प्रकार के डीए सेट की यात्रा के बाद साप्ताहिक 12 या अधिक चलने वाले घंटों की जांच सहित पावर कारों के इंजनों का शेड्यूल रखरखाव, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – 500 केवीए डीजल जेनरेटर का ऑपरेशन मैनिंग समस्या निवारण वाशिंग लाइन पर रखरखाव के दौरान पावर कार एलएसएलआरडी में अनुलग्रक ए संख्या के अनुसार प्रति पावर कार एलएसएलआरडी में 1 प्रशिक्षित तकनीशियनों को नामांकित करके उपलब्ध सेट.., सेवाओं के लिए कस्टम बोली-500 केवीए डीजल जेनरेटर सेट की संचालन समस्या निवारण पावर कार एलएसएलआरडी में उपलब्ध है। एस्कॉर्टिंग के दौरान ट्रेन में प्रति पावर कार एलएसएलएलआरडी में 1 तकनीशियनों को नामांकित करके अनुलग्नक बी यूनिट के अनुसार संख्या को इस प्रकार पढ़ा जान चाहिए। |
| बिड संख्या | GEM/2023/B/3781080 |
| कार्य का अनुमानित लागत (रु. में) | 16,84,47,977.36 रु. |
| कार्यालय का पता | वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 9,92,240/- रु. |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 03 वर्ष |
| बिड बंद होने की तारीख /समय | 25.08.2023, 12:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तारीख /समय | 25.08.2023, 12:30 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | https://gem.gov.in व वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

2420/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## यूनिवर्सिटी में टॉपर्स विद्यार्थियों को कॉलेज ने किया पुरस्कृत



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। एक्यूरेट ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट में यूनिवर्सिटी टापर्स तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर की मशहूर मल्टीनेशनल कंपनी आईबीएम के ग्लोबल सर्विसेज डेलीवरी एजीएम डॉ. अजय शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने बीबीए, बीसीए, बीकाम तथा बी.टेक के टाप-टू यूनिवर्सिटी रैंकर्स को प्रथम स्थान हासिल करने वाले चार छात्रों को 21,000 एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले चार छात्रों को 11000 रूपए का चेक तथा एकेडमिक एक्सीलेंस सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया। तथा कार्पोरेट व कम्प्यूटेशनल वर्ल्ड में सफलता के सूत्र सिखाये। कालेज-कंपनी, एमओयू करके एडवांस ट्रेनिंग दिलाने का भी वादा किया। सभी आठ टापर्स ने अपनी सफलता के मूलमंत्र को अन्य छात्रों के साथ साझा किया। एक्यूरेट बिजनेस स्कूल के निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने सभी छात्रों को बधाई दिया तथा उत्कृष्ट योगदान के लिए प्राध्यापकों को सम्मानित कर उनका तथा कालेज प्रबंधन का आभार प्रकट किया। डायरेक्टर डॉ. सुनील मिश्रा ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में बेस्ट ग्लोबल ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन, कोलाबोरेशन, फारेन ट्रिप, के साथ-साथ बेस्ट प्लेसमेंट कराने का विश्वास दिलाया।

## सपा ने की दादरी विधानसभा कार्यकारिणी की घोषणा



**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध प्रखर समाजवादी चिंतक पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर दादरी विधानसभा की कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पंडित जनेश्वर मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके संघर्षशील जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं पार्टी की मासिक बैठक का भी आयोजन किया।

इस मौके समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि दादरी विधानसभा के अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर ने दादरी विधानसभा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विशेष मुखिया, राहुल चौधरी, हरेंद्र लाला, आसिफ खान, जयदीप खारी, अमित नागर को विधानसभा उपाध्यक्ष, सोनू चौधरी को महासचिव तथा रजनीकांत भारद्वाज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई वहीं दिनेश भाटी, एडवोकेट संजीव राणा, बॉबी खारी, प्रदीप भाटी, अजीत यादव, दिगंबर सिंह, नुकुल नागर, ईलू गुप्ता, अभिषेक शर्मा, मोहित नागर, सन्दीप नागर को जिला सचिव एवं सतीश कुमार, तरुण गौतम, गौरव भाटी, सुमित खारी, राहुल कुमार, राहुल यादव, अभिषेक शर्मा, रिंकू यादव, गौरव कुमार, अंकित गुर्जर को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# एशियाई युवा व जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का समापन




■ भारत की यूथ गर्ल्स की टीम रही सर्वश्रेष्ठ टीम
■ खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने एशियाई खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। 2023 एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का समापन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में हुआ। नौ दिन चले चैम्पियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुजाता चतुर्वेदी, आईएएस, सचिव खेल, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सबसे पहले लगातार दो वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए भारतीय वेटलिफ्टिंग फेडरेशन को बधाई दी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले नौ वर्षों से खेलों का बजट बढ़ रहा है, जिसे जमीनी स्तर पर देखा जा सकता है, क्योंकि एथलीटों के लिए सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में कई गुना सुधार हुआ है। अंतराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद जालूद ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप के सफल आयोजन के बाद भारत भविष्य में विश्व चैंपियनशिप के आयोजन के लिए तैयार है। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर यूथ गर्ल्स-तुर्कमेनिस्तान से रुस्तमोवा अनमजान 904.4261 अंकों के साथ। सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर युवा लड़के-फिलीपींस से डेलोस सैंटोस प्रिंस कील 844.0010 अंकों के साथ। सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर जूनियर महिला-चीनी ताइपे से चेन गुआन-लिंग 603.6453 अंकों के साथ। सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर जूनियर पुरुष- 664.8068 अंकों के साथ वियतनाम से दो तू तुंग। सर्वश्रेष्ठ टीम यूथ गर्ल्स- भारत, उपविजेता टीम यूथ गर्ल्स- उज्बेकिस्तान, सर्वश्रेष्ठ टीम यूथ बॉयज-इस्लामिक रिपब्लिक ऑफईरान, उपविजेता टीम यूथ बॉयज-उज्बेकिस्तान, सर्वश्रेष्ठ टीम जूनियर महिला-उज्बेकिस्तान, उपविजेता टीम जूनियर महिला-भारत, सर्वश्रेष्ठ टीम जूनियर पुरुष-उज्बेकिस्तान, उपविजेता टीम जूनियर पुरुष-इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की टीम रही। एशियन चैम्पियनशिप का उद्घाटन केन्द्रीय खेल एवं युवा मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया था। इस प्रतियोगिता सहयोगी में भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, के साथ शारदा हॉस्पिटल, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय रहा।


**प्रधानध्यापक/इच्चार्ज प्रधानध्यापक– निम्नांकित प्र0वि0/उ0प्रा0वि0/कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड–जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक/बेसिक शिक्षा/जर्जर/6777–82/2023–24 दिनांक 26 जूलाई 2023 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के निम्नांकित जर्जर भवनों की नीलामी समिति द्वारा निम्नविवरणानुसार की जानी है।

| क0 स0 | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन के विद्यालय का नाम तथा नीलामी स्थल | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | निलामी हेतु तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक वि0 सिवारा | प्राथमिक वि0 सिवारा | 40669.00 | 4100 | 08.08.2023 | 10 बजे |
| 2 | कम्पोजिट वि0 रौनिजा | कम्पोजिट वि0 रौनिजा | 84578.00 | 8500 | 08.08.2023 | 11 बजे |
| 3 | कम्पोजिट वि0 पचोकरा | कम्पोजिट वि0 पचोकरा | 86212.00 | 8600 | 08.08.2023 | 12 बजे |
| 4 | प्राथमिक वि0 फलैदा | प्राथमिक वि0 फलैदा | 208803.00 | 21000 | 08.08.2023 | 1 बजे |
| 5 | कम्पोजिट वि0 नगला कंचन | कम्पोजिट वि0 नगला कंचन | 69438.00 | 7000 | 08.08.2023 | 2 बजे |
| 6 | प्राथमिक वि0 भवोकरा | प्राथमिक वि0 भवोकरा | 180979.00 | 18100 | 09.08.2023 | 10 बजे |
| 7 | प्राथमिक वि0 हिमॉयूपुर | प्राथमिक वि0 हिमॉयूपुर | 181944.00 | 18200 | 09.08.2023 | 11 बजे |
| 8 | प्राथमिक वि0 बंकापुर | प्राथमिक वि0 बंकापुर | 150594.00 | 15000 | 10.08.2023 | 12 बजे |
| 9 | कम्पोजिट वि0 जेवर खादर | कम्पोजिट वि0 जेवर खादर | 74351.00 | 7500 | 10.08.2023 | 1 बजे |
| 10 | कम्पोजिट वि0 रामपुर बांगर | कम्पोजिट वि0 रामपुर बांगर | 102268.00 | 10200 | 10.08.2023 | 11 बजे |
| 11 | प्राथमिक वि0 बल्लभ नगर उर्फ करोल | प्राथमिक वि0 बल्लभ नगर उर्फ करोल | 56658.00 | 5700 | 10.08.2023 | 12 बजे |
| 12 | कम्पोजिट वि0 जेवर–2 | कम्पोजिट वि0 जेवर–2 | 451560.00 | 45000 | 10.08.2023 | 1 बजे |
| 13 | प्राथमिक वि0 नगला चांदन | प्राथमिक वि0 नगला चांदन | 113955.00 | 11400 | 11.08.2023 | 10 बजे |
| 14 | कम्पोजिट वि0 तिरथली | कम्पोजिट वि0 तिरथली | 243530.00 | 24400 | 11.08.2023 | 11 बजे |
| 15 | उ0प्रा0वि0 अनवरगढ | उ0प्रा0वि0 अनवरगढ | 288964.00 | 28900 | 11.08.2023 | 12 बजे |
| 16 | प्राथमिक वि0 तकीपुर | प्राथमिक वि0 तकीपुर | 42903.00 | 4300 | 11.08.2023 | 1 बजे |
| 17 | प्राथमिक वि0 रन्हेरा | प्राथमिक वि0 रन्हेरा | 19712.00 | 2000 | 14.08.2023 | 10 बजे |
| 18 | प्राथमिक वि0 मारहरा | प्राथमिक वि0 मारहरा | 106000.00 | 10600 | 14.08.2023 | 11 बजे |
| 19 | प्राथमिक वि0 चक जहागीरपुर | प्राथमिक वि0 चक जहागीरपुर | 19908.00 | 2000 | 14.08.2023 | 12 बजे |
| 20 | प्राथमिक वि0 कानपुर | प्राथमिक वि0 कानपुर | 88877.00 | 9000 | 14.08.2023 | 1 बजे |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें**

1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/फर्म नीलामी के दिनांक के कालम नंबर 5 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
2. कोई भी व्यक्ति/फर्म एक या अधिक या समस्त जर्जर विद्यालयों की नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
3. अधिकतम बोली दाता की उसी समय अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खाते में जमा करनी होगी धनराशि जमा करने की पुष्टि के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जाएगा।
4. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर जब्त कर ली जाएगी तथा पुनः नीलामी की जाएगी।
5. नीलामी से पूर्व बोली दाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्य दिवस में भौतिक रूप से देख भी सकता है।
6. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 7 दिवस के अंदर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अवशेष मलबे को हटाना होगा तथा जर्जर भवन के स्थान वाली भूमि को समतल करके देना होगा। 7. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरांत वापस कर दी जाएगी।
8. किसी विवाद की स्थिति में समिति का अंतिम निर्णय ही मान्य होगा। 9. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद गौतम बुद्ध नगर होगा।

प्रधानध्यापक/इन्चार्ज प्रधानध्यापक
उपरोक्त प्रा0वि0/उ0प्रा0वि0/कम्पोजिट विद्यालय, विकास खण्ड–जेवर, जनपद–गौतमबुद्धनगर

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# साहित्य

कहानी

# सिब्बू पगलैट

■ डॉ.नवनीत धगट

सिब्बू पगलैट कई दिनों तक बुंदेलखण्ड के इस कस्बानुमा शहर में, बस स्टैंड के आस-पास की व्यस्त सड़कों पर लंगड़ाता हुआ बदहवास फर्राटा दौड़ लगाता नज़र आता। जैसे उत्तेजना और हिंसा से भरा किसी का पीछा कर रहा हो। वो किसी को चोट पहुंचाना चाहता था। पर किसे ? ये कोई जानता ना था। कम चर्बी की काली अधेड़ उम्र वाली काया में हड्डियाँ और नसें झांकती रहतीं । उसके बाल छोटे होते...ना जाने कौन और कैसे इन्हें कटवा देता था ? तेल और मैल से चिक्कट उसके कपड़े होते। मुंह से छूटता झाग और थूक वह खाखारता थूकता चलता,जो उसकी बेतरतीब दाढ़ी मूंछों पर भी लगता जाता। दोनों हाथों में पत्थर या ईंट के कुछ टुकड़े होते जिन्हें वह बिना लक्ष्य के सड़क पर अंधाधुंध सन्नाता चलता। इस बात से बेपरवाह, कि उसके फेंके पत्थर राहगीरों में किसे लगते हैं – किसे नहीं। हैरान कर देने वाली फुर्ती और ऊष्मा से लबरेज सिब्बू का तमतमाया चेहरा लगातार परिश्रम और तैलीय पसीने से चमक रहा होता। उसकी आँखें दहक रही होतीं। वह क्या कुछ बुदबुदाता बड़बड़ता ? शायद समझ में न आने वाली गालियाँ होतीं। बस बार-बार आने वाले जो कुछ शब्द समझ में आते –

**'हाट हट हाट हट हट्ट । भाग भग भग्ग । हम मार दे हैं ।'**

वो किसी अदृश्य को फुंफकारता ललकार रहा होता। उसकी ये सक्रियता किशोर छात्रों के स्कूलों से पैदल आते-जाते समय अधिक होती। स्कूली बच्चे उसे देख मारे डर के किनारा कर लेते, किसी आड़ में दुबक जाते। कभी सुना नहीं कि उसके किसी वार से कोई घायल हुआ हो। खूंखार नजरें टिकाये सिब्बू किसी राहगीर की ओर शिकारी की तरह सरपट लपकता। भयभीत राहगीर के प्राण डर के मारे सूख जाते, पलक झपकते सिब्बू उसकी साइड से होकर बिना किसी हरकत के दूर निकल जाता।

किशोरों के कुछ समूह सिब्बू पगलैट की नब्ज़ पहचानते। दूर से चिल्लाते =

– ' **जय हो डमरू राजा** '

उत्तेजित सिब्बू पगलैट शायद इस वाक्य के शब्दों को ही पहचानता। इस वाक्य का जादू सा असर होता सिब्बू पर। वो तुरंत रुकता। क्रॉस किये हुए डेढ़ पैर पर दोनों हाथ ऊपर किये किसी मूर्ति की तरह स्थिर हो जाता। उसके शरीर की मुद्रा तांडव कर रहे शंकर जी से मिलती हुई हो जाती। वह एकदम अविचल और शांत होता। उसके सजल नेत्र कभी आसमान की ओर तो कभी आनंद के भाव से बंद होते ।

सिब्बू की जीवनसंगिनी भग्गो, उम्र में सिब्बू से खासी बड़ी थी। अशक्त, बीमार और लगभग बूढ़ी हो गई भग्गो और सिब्बू का ये जोड़ा कब और कैसे बना ? कोई नहीं जानता था ।

कई साल पहले भग्गो का इकलौता जवान, लेकिन कृशकाय बेटा भी था। भग्गो की ये औलाद सिब्बू से थी या किसी पूर्व संबंध से ? कहा नहीं जा सकता था । बीमार ही बना रहता । भग्गो के बगल से उकडूं , घुटनों पर सिर टिकाए बैठा रहता। भग्गो तब तक थोड़ा बहुत चल-फिर लेती थी ।

ज्यादा बीमार हुआ, कुछ दिन जिले के सरकारी अस्पताल में भरती बना रहा और एक शाम चल बसा। सिब्बू ने हाथ ठेले पर बेटे की लाश रखी और



अंतिम संस्कार की चिंता लिए अस्पताल से निकला। विलाप करती हुई भग्गो अकेली हाथ ठेले के पीछे थी। भग्गो स्यापा में करुण रूदन के साथ कहती चली –

– **' ए मोरी माता, ए मोरे राम ए ठठरी के बंधे खों अबई मरने हतो।'**

– **' ए नास के मिटे । दाबा काबा होतई काए नें मर गओ।'**

भग्गो के पास पुत्र शोक व्यक्त करने को ये ही तो शब्द थे।

वो दिन था कि भग्गो की आवाज़ जैसे चली गई। साथ में आखों की रोशनी भी जाती रही। दिन-रात एक जगह कांखती-कूलती पड़ी रहती। सालों उसके तन पर एक ही मैली सिन्थेटिक साड़ी होती। उसके आस-पास साफ-सफाई न होने के कारण मक्खियाँ भिनभिनातीं, दुर्गंध बनी रहती। बदसूरत भग्गो के मुंह में एक दो बाकी पीले-मैले हिलते हुए दांत। बेतरतीब बंधे हुए खिचड़ी बाल, काले चेहरे की झुर्रियाँ,धंसी हुई आखें उसे डरावना बनातीं। तब तक सिब्बू पागल नहीं हुआ था। सिब्बू उसके अपने हाथ ठेला की मजदूरी करता- पूरी मशक्कत से। मोहल्ले में हाथ ठेला ढुलाई का जो काम मिलता- कर लेता। घर-द्वार जैसा कुछ था नहीं। हाथ ठेले के नीचे की छड़ों से बिस्तर के दरी -चादर और पानी का कुप्पा बंधा होता। गृहस्थी के नाम पर दो-चार एल्यूमीनियम के बरतन होते। दिन भर आस-पास रहकर काम करता। जहाँ जो जगह मिलती भग्गो के साथ दरी चादर बिछा कर सो रहता। हिन्दू मुसलमानों के मिले-जुले मुहल्ले में जहाँ जो मजदूरी के पैसे मिलते नुक्कड़ की छोटी होटल से चाय, समोसा, आलू बंडा,डबल रोटी जैसी चीजें खरीद लाता।

आप खाता, भग्गो को खिलाता। फिर ठिकाना मिल गया था सिब्बू को। ढालू फर्श पर सार्वजानिक कचरा घर के सामने मुहल्ले के एक पक्के मकान की बालकनी। नीचे सड़क से लगी सीढ़ियों के साथ बना हुआ एक सीमेंटेड चबूतरा। मकान अक्सर खाली बना रहता, कोई रोक-टोक करने वाला था नहीं। धूप और बारिश से बचने सिब्बू ने भग्गो के साथ इसे ही

**कई साल पहले भग्गो का इकलौता जवान, लेकिन कृशकाय बेटा भी था। भग्गो की ये औलाद सिब्बू से थी या किसी पूर्व संबंध से ? कहा नहीं जा सकता था । बीमार ही बना रहता । भग्गो के बगल से उकडूं , घुटनों पर सिर टिकाए बैठा रहता। भग्गो तब तक थोड़ा बहुत चल-फिर लेती थी । ज्यादा बीमार हुआ, कुछ दिन जिले के सरकारी अस्पताल में भरती बना रहा और एक शाम चल बसा। सिब्बू ने हाथ ठेले पर बेटे की लाश रखी और अंतिम संस्कार की चिंता लिए अस्पताल से निकला। विलाप करती हुई भग्गो अकेली हाथ ठेले के पीछे थी।**

अपना आशियाना बना लिया ।

समय के साथ लगभग अंधी हो चुकी भग्गो चिड़चिड़ी, मतिभ्रम की शिकार और अशक्त होती चली गई। चबूतरे के एक कोने में पड़ी रहती, अपनी जगह से सरक भी नहीं पाती। सोने-खाने का कोई निश्चित समय नहीं। कई-कई दिन के अंतराल के बाद कपड़ों में ही निवृत्त हो लेती। बदबू इतनी होती कि राहगीर अपनी नाक ढंक कर निकलते। सिब्बू काम से लौटता, पास के हैण्ड पंप से कुप्पे में भर कर पानी भर लाता। जैसा भी बनता भग्गो और चबूतरे की साफ सफाई करता। तमाम गंदगी ठिकाने के सामने बने कचरे घर के हवाले करता। कुछ फर्श पर लगातार बहती नाली के भी। कभी-कभार भग्गो को हेण्डपंप के पानी से नहला देता, भूरे सफेद बदरंग बालों में कुछ तेल लगा कर गूंथ देता ।

सिब्बू की ज़िंदगी बस भग्गो ही थी । भावनात्मक तौर पर उसके जीने का सहारा थी पर उसकी जिंदगी को कठिन बनाने का सबब भी।

अकारण कर्कश स्वर में चीखती और रोती और बहुत कम और पोपले मुंह के अस्पष्ट आवाज़ में बड़बड़ाती ...

– **'ऐ सिब्बू कहाँ मर गओ रे। पियत कौ पानी दै दे ...।'**

भग्गो रात-बिरात जागती रहती अकारण बड़बड़ाती, रोती। थका हारा सिब्बू जेब में कुछ रकम होने पर कभी-कभार शाम को शराब पी लिया करता। सिब्बू खीझ जाता, झुंझला जाता, मां बहिन की गालियाँ देते हुए, भग्गो को लतिया देता –

– 'चंडोलन पिरान लै ले मोरे। नैं सोय नें सोन देय। कहाँ से मोरे गले बंध गई। जल्दी टर जा। मरत भी तौ नईयाँ।'

– 'अब सो जा अबेर भई।'

यूं तो सिब्बू, भग्गो को बेइंतहाँ चाहता था पर जताने के लिए उसके पास ये ही शब्द थे।

देर रातों में भग्गो बेवजह खराश वाले भर्राए गले से दहाड़ मार कर रोती। उसकी आवाज़ से पास – पड़ोस के घरों की बत्तियां जल जातीं। कुछ लोग खिड़कियों और दरवाजों की दरारों से झांकने उठ बैठते। जो जानते थे कि भग्गो की आवाज़ है जाग कर भी बिस्तरों पर बने रहते।

कुछ बाहर निकल के आवाज़ लगाते–

–'काए रे सिब्बू ? काए रुआ रओ भग्गो खों ? मुहल्ला सोन दे है के नईं ? '

कुछ रहमदिल तीज त्यौहार और दूसरे मौकों पर भग्गो के चबूतरे पर कुछ खाने-पीने का सामान आवाज लगा कर रख जाते। पर भग्गो थी कि सिब्बू के हाथ के अलावा कुछ भी मिले खाती ही नहीं थ।

फुरसतिये लफंगे छोरे , फर्श गली से गुजरते कुछ देर बब्बू-भग्गो के इस ठिकाने पर रुक के मनोरंजन तलाशते । भग्गो को छेड़ते –

– 'काए भग्गो डार्लिंग ? कहाँ गओ तुमाओ सिब्बू डुकरा ?'

भग्गो तो जैसे बोलना, जवाब देना या बातों को समझना भूलती जा रही थी।

वे भग्गो को चिढ़ाते... भग्गो चिल्लाती-चीखती तो उनका मज़ा और भी बढ़ जाता। भग्गो पर पानी ,कंकर, बीड़ी के अधजले टुकड़े फेंकते। सिब्बू के साथ रहते भी मनचले कई बार भग्गो को कंकर कचरा मारते। सिब्बू उन्हें रोकने गिड़गिड़ता, मिन्नतें करता।

उस शाम जब सिब्बू अपने काम से वापिस लौटा अपना हाथ ठेला सार्वजनिक कचरा घर के पास किनारे खड़ा कर के टिकाया। देखा भग्गो बेसुध सी घायल पड़ी थी, कई जगहों से खून बहकर सूख गया था। उसके आस पास कुछ गिट्टी के टुकड़े थे। न जाने कौन भग्गो को चोटें पहुंचा गया था। शायद आवरा कुत्तों का हमला रहा हो। सिब्बू उदास था पर करता भी क्या ! पास के बनिए की दूकान से दो रुपये का सरसों का तेल ले आया। भग्गो के घावों पर लगाया। भग्गो अब भी तड़प-कलप रही थी ...पर ये कोई बहुत अलग नै बात न होकर उसकी रोज़ की हरकतों जैसी ही थी। हाँ, भग्गो की सांसों की घरघराहट कुछ ज्यादा जरूर थी। उसी रात तेज बारिश के बीच भग्गो की सांस चलना बंद हुई, देह ठंडी हुई। सिब्बू को समझ में आ गया कि भग्गो चली गई। शून्य में ताकता रात भर भग्गो के निर्जीव शरीर के पास बैठा रहा।

ढालू फर्श पर बरसाती पानी किसी बहते हुए नाले की आवाज़ कर रहा था। भग्गो की लाश को मुहल्ले के लोगों ने नगर पालिका की मदद से ठिकाने लगवाया। इसके बाद शहर ने सिब्बू को अदृश्य से जूझते आतंकी सिब्बू पगलैट की तरह देखा और जाना ...।

कविता

## सुनो वसंत



■ बसंत राघव

मानचित्र में
स्याही सा फ़ैल गया है
बवाल ,
अनुत्तरित
सवाल-दर-सवाल
हो गए हैं
रास्ते जर्जर बेहद खराब
और मौसम भी बदमिजाज
कदम – कदम पर खतरे
अफरा तफरी का माहौल
जिधर देखो उधर
हवा में तैर रहे हैं
अराजक नारे बेहिसाब
देख भाल कर आना
अबकी बार
मेरे प्रिय बसंत

मुंह फैलायी हुई हैं
सुरसा की तरह
दुर्घटनाओं की
विकराल संभावनाएं
अजगर सी पसरी हुई हैं
समस्याएं
शिखर किंकर्तव्यविमूढ़
वातावरण में घुल गई हैं
एक अजीब सी कड़वाहट
लेकिन फिर भी
पहले की तरह
चुटकी भर मिठास लिए
आना जरूर मेरे प्रिय वसंत

लगभग अब
खत्म हो चला है
टुकड़े – टुकड़े में
प्रतीक्षित
दुवाओं का दौर
आह
कितना भयावह है
यह बारूदी जलजला
नीले आसमान में
चील की जगह
अब उड़ते दिख रहे हैं
खतरनाक ड्रोन
न जाने कब छिड़ जाए
न्यूक्लियर जंग
और सब कुछ हो जाए
क्षण भर में स्वाहा
सब कुछ भंग
आजकल
नहीं फड़फड़ा रहें हैं
बिलकुल नहीं फड़फड़ा रहे हैं
कहीं भी कपोत
लेकिन
यह सब जानते हुए भी
भले ही सोच समझकर
आना
मगर आना जरूर
फिर वही
कोयल के गीत लिखे
ओ मेरे प्यारे वसंत
मेरे अपने वसंत ।

## एक और हामिद

■ मृत्युंजय तिवारी

लघुकथा

तीन साल की साक्षी का बर्थडे मनाया जा रहा था। साक्षी बहुत खुश थी। उसके लिए यह सब अदभुत था। जो भी आता उसे कोई खिलौना, मिठाई , चाकलेट का डब्बा पकडा जाता। वह अपनी तोतली जबान में सबको थैंक यू कह रही थी। साक्षी की दादी आई, उसके गले में एक हार पहनाया और ढेरों आशीर्वाद दिया।

साक्षी ने पूछा – दादी, तुम्हारा बर्थ डे कब है ? मैं भी तुम्हें गिफ्ट दूंगी।

दादी ने पूछा – तुम क्या गिफ्ट दोगी बिटिया रानी ?

साक्षी कुछ देर सोचती रही फिर बोली – मैं पापा से कहकर तुम्हें एक गाय खरीद कर दूंगी।

क्यों भला ? दादी ने आश्चर्य से पूछा।

ताकी तुम्हें पानी मिला दूध की जगह असली दूध पीने को मिले। बताओ ना दादी, कब है तुम्हारा जन्मदिन ?

दादी ने अपने बेटे बहू की ओर लाचारी से देखते हुए नन्हीं साक्षी को अपने सीने से लगा लिया।

पुस्तक समीक्षा


▌मनोज निगम

# काव्यात्मकता से लबरेज रोचक डायरी

**पुस्तक- किनारे किनारे दरिया**
**लेखक- शिवप्रसाद जोशी**
**प्रकाशक- काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश**
**मूल्य- 175 रुपये**

प्रतिष्ठित पत्रकार और कवि शिवप्रसाद जोशी की बॉन डायरी 'किनारे किनारे दरिया' हाल ही में काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश से प्रकाशित हुई है। डॉयचे वेले रेडियो की नौकरी के दौरान लेखक को जर्मनी में राइन नदी के किनारे बसे शहर बॉन में कुछ समय तक रहने का मौका मिला। लेखक ने बॉन शहर के अनुभवों को बहुत ही मार्मिकता के साथ अपने शब्दों में पिरोया है। यह कृति केवल बॉन शहर के समाज, इतिहास, भूगोल और संस्कृति से ही हमारा साक्षात्कार नहीं कराती बल्कि लेखक के काव्यात्मक गद्य से भी हमारा परिचय कराती है। लेखक के अनुसार बॉन 150 से ज्यादा संगठनों और संस्थानों का शहर है। 1996 से बॉन को संयुक्त राष्ट्र शहर का दर्जा भी हासिल है। लेखक बॉन के संगीत को बहुत ही ध्यान से सुनता है। निश्चित रूप से अनंत चहचहाटों, नदी के शांत बहाव और बादलों की करवटों का संगीत कविता से प्रेम करने वाला संवेदनशील इंसान ही सुन सकता है। लेखक यहीं नहीं रुकता। वह बॉन की खामोशी भी दर्ज करता है।

लेखक को राइन नदी का सौन्दर्य बार-बार मोहित करता है। राइन नदी जर्मनी की सबसे लंबी नदी है। राइन के संदर्भ में अनेक कथाएं और लोक मिथन हैं। गौर करने लायक बात यह है कि लगभग बीस साल पहले स्विट्जरलैंड में हुई एक आपदा में यह नदी गंभीर रूप से प्रदूषित हो




गई थी। ऐसा लगने लगा था कि यह दोबारा साफ नहीं हो पाएगी लेकिन अथक प्रयासों के बाद राइन अपने मौलिक स्वरूप में लौट आई। सवाल यह है कि हमारे देश में प्रदूषित हो चुकी अनेक नदियां क्या कभी अपने मौलिक स्वरूप में लौट पाएंगी ? यह शिवप्रसाद जोशी की भाषा का जादू ही है कि कभी-कभी उनका कथ्य एक कविता लगने लगता है। उनकी भाषा का एक नमूना देखिए-'मैं आसमान को देखता हूं और उसमें झाँककर अपना घर देखता हूं, अपना गांव अपने लोग। आसमान की टोकरी से मैंने कुछ तारे निकाले, एक नदी निकाली और यहां बिछा दिया' यह तो केवल एक उदाहरण है। इस किताब में इस तरह के अनेक कथ्य हैं। लेखक राइन नदी के बहाने अपनी माँ, पिता, भागीरथी, भिलंगना और टिहरी को याद करता है। वह महसूस करता है कि यह शहर रोज नया होता है। जो शहर कल था, वो आज नहीं है। यानी यह तेजी से बदलता हुआ शहर है। शिवप्रसाद जोशी डॉयचे वेले रेडियो, जर्मन डाक सेवा के मुख्यालय डॉयचे पोस्ट और संयुक्त राष्ट्र की इमारतों की भव्यता और जटिलता का वर्णन करते हुए एक अलग और रोमांचक दुनिया का खाका खींचते हैं। यहां कुत्तों के शौकीन बहुत हैं। कबूतर भी काफी दिखाई देते हैं। बाकी चिड़िया कम दिखाई देती हैं। बाजार नई पीढ़ी के सपनों को भुनाने में पूरी तत्परता से लगा हुआ है।

लेखक को बॉन की उत्सवधर्मिता आकर्षित करती है। इसके बावजूद वह आशा और निराशा के सागर में गोते लगाता रहता है। बॉन में रहते हुए भी उसके साथ भीमसेन जोशी, फतेह अली खान और कुमार गंधर्व हैं और उनका संगीत है। इस संगीत के सहारे वह अपनी उदासी दूर करने का प्रयास करता है। लेखक का मानना है कि खिड़की कभी धोखा नहीं देती। इसलिए उसे विनोद कुमार शुक्ल की किताब 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' याद आती है और वह इस खिड़की के सहारे अपनी उदासी दूर भगाता है। उनके पास जर्मन भाषा सीखने के अनुभव हैं तो फरवरी में जर्मनी के बड़े हिस्से में होने वाले कार्निवल की ऐय्याशी के किस्से भी हैं। लेखक एक तरफ बॉन की शांति, सुंदर हवा और सहजता के आनंद को महसूस करता है तो दूसरी तरफ सप्ताहांत की नशे में डूबी अराजकता को भी दर्ज करता है।

एक सच्चा लेखक विदेश में रहकर पूर्व में अपने देश में घटित बर्बरतापूर्ण घटनाओं को याद कर बेचैन न हो तो उसकी संवेदनशीलता किस काम की। जर्मनी में रहकर भी शिवप्रसाद जोशी अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ध्वंस की 15वीं बरसी पर दुखी होते हैं। उसके बाद उन्हें विदेश की कई जगहों समेत नंदीग्राम, सिंगुर और मुजफ्फरनगर में हिंसा का नंगा नाच याद आने लगता है। लेखक कई बार चुनौती के सामने खड़े नजर आते हैं। वह ठीक ही तो कहता है कि हम सबके भीतर बॉन है, अपने प्रकाश, अपनी नदी, अपनी सड़क, अपनी इच्छा, अपनी अहमियत, अपने रुतबे, अपने रहस्य, अपने झंझटों, अपनी क्रूरता और अपनी अच्छाई के साथ। निश्चित रूप से शिवप्रसाद जोशी की यह किताब डायरी विधा की रोचक किताब है लेकिन यह आत्मचिंतन का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज भी है। यह शिवप्रसाद जोशी की भाषा का कमाल है कि कभी उनका लिखा हुआ गद्य एक कविता लगने लगता है तो कभी एक यात्रा वृत्तांत। कभी-कभी ऐसा भी महसूस होता है कि वे दार्शनिक चिंतन कर रहे हैं। यानी उनके गद्य में बहुत सारी विधाएं गुथी हुई लगती हैं। अगर शिवप्रसाद जोशी यह डायरी न लिखते तो क्या हम बॉन के इस तरह जान पाते ?

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## स्वीडन गोलीबारी में एक युवक की मौत, एक घायल

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में स्टॉकहोम के दक्षिणी शहर हैंडेन में गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। आफ्टनब्लाडेट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार शहर में एक सड़क पर दो युवकों के गोली लगने से घायल पाया गया। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य का इलाज जारी है। दोनों की उम्र लगभग 20 साल है। एसवीटी ब्रॉडकास्टर के अनुसार फरार संदिग्ध की तलाश जारी है।

# देश विदेश

### इमरान ने गिरफ्तारी से पहले कश्मीर पर किया था ट्वीट

# भारत सरकार पर लगाए थे युद्ध अपराध के आरोप

**इस्लामाबाद,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें तोशाखाना मामले में 3 साल की सजा सुनाई है। इससे ठीक 12 घंटे पहले इमरान ने कश्मीर पर ट्वीट किया।

इसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा हटने के चार साल पूरे होने पर भारत सरकार पर युद्ध अपराध के आरोप लगाए। इमरान ने कश्मीर पर अपने पुराने ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा कि मैंने कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छीनने पर मोदी सरकार के गैर कानूनी एक्शन का हमेशा विरोध किया है। भारत ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया, बल्कि कश्मीर में युद्ध अपराध भी किए हैं। कश्मीर मामले में भारत की आलोचना न किए जाने को लेकर इमरान ने दुनिया के ताकतवर देशों पर निष्पक्ष न होने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि त्रासदी यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ताकतवर हिस्सा मानवाधिकारों के मामले में भेदभाव कर रहा है। इमरान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मानवाधिकार उल्लंघन की



- ट्रायल कोर्ट ने तोशाखाना मामले में सुनाई है सजा
- ताकतवर देशों पर निष्पक्ष न होने के भी आरोप लगाए

ऐसी स्वीकार्यता हिटलर को खुश करने जैसी है। मैं हर जगह भारत के मानवाधिकार उल्लंघन पर आवाज उठाता रहूंगा और कश्मीरियों के संघर्ष का समर्थन करता रहूंगा। दरअसल, भारत सरकार ने जब जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष राज्य का दर्जा हटाया था, तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ही थे। खान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी के सदस्य देशों सऊदी अरब और यूएई से भारत के एक्शन की आलोचना करने की मांग की थी। हालांकि, श्व और सऊदी ने भारत के खिलाफ कुछ भी कहने से इनकार कर दिया था।

सिर्फ इमरान खान ही नहीं बल्कि आर्टिकल 370 हटने के चार साल पूरे होने पर पूरे पाकिस्तान में आज के दिन को यौम-ए-इस्तेशाल (शोषण का दिन) के तौर पर मनाया गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा- पिछले 4 सालों में कश्मीर में मानवाधिकारों का सबसे ज्यादा उल्लंघन हुआ है। वहां इंटरनेट बंद किया गया, लोगों को जानकारी से दूर रखा गया। हर तरह से कश्मीर की लीडरशिप को कैद किया गया। शाहबाज ने कहा- भारत ने 370 खत्म कर कश्मीर की डेमोग्राफी को बदलने की कोशिश की है। पाकिस्तान की सेना ने भी कश्मीर में घुसपैठ करने वालों को शहीद बताया। पाक सेना ने कहा कि हम आजादी की लड़ाई में कश्मीर का साथ देते रहेंगे।

## भारत सरकार ने 2019 में हटाया था अनुच्छेद 370

संविधान का अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को एक विशेष राज्य का दर्जा देता था। 370 के प्रावधानों के अनुसार संसद को जम्मू-कश्मीर के बारे में रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन अन्य मामलों से संबंधित कानून को लागू कराने के लिए केंद्र को राज्य का अनुमोदन चाहिए होता था। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया था। इसके बाद सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई अभी जारी है।

## नाइजर में नए चीफ ऑफ स्टाफ की नियुक्ति

**नियामी,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश नाइजर में नये अधिकारियों ने अमेरिका में प्रशिक्षित ब्रिगेडियर जनरल मौसा सलाउ बरमौ को सशस्त्र बलों का नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ नियुक्त किया है। मीडिया ने शनिवार को यह रिपोर्ट दी है।

एक्टुनिगर समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार श्री बरमौ नेशनल काउंसिल फॉर द सेफगार्ड ऑफ द होमलैंड के कार्यवाहक सदस्य हैं और वह पहले नाइजर की सेना के विशेष बलों के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को अपदस्थ करके हिरासत में ले लिया गया था। राष्ट्रपति गार्ड के कमांडर जनरल अब्दुर्रहमान त्वियानी ने खुद को सीएनएसपी का अंतरिम नेता और अध्यक्ष घोषित किया था।

## सुडोकू 6278

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 6 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा। नए संपर्क और परिचय व्यापार के क्षेत्र में लाभप्रद रहेंगे।

मिथुन -आज शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में आपके काम की प्रशंसा होगी। व्यापारियों अपने व्यापार की वृद्धि कर सकेंगे। इससे आप अधिक प्रोत्साहित होंगे। पदोन्नति का योग है।

कर्क -आज आपकी भाग्य वृद्धि के साथ आकस्मिक धन लाभ होगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के प्रयास सफल होंगे। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। धार्मिक काम या यात्रा के पीछे धन खर्च होगा।

सिंह -आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना रहेगा। तबीयत के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। निषेधात्मक विचार आपको गलत मार्ग पर न ले जाए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा।

कन्या -आज आप दांपत्यजीवन के सुखद क्षणों का अनुभव करेंगे। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों में भाग लेंगे। वस्त्राभूषण और वाहन की खरीदी होगी।

तुला -सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति की भी तबीयत में सुधार होगा। घर में सुख- शांति के वातावरण में आप समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

वृश्चिक -आपका दिन मध्यम फलदायी हैं। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता मिल सकती है। नए काम की शुरुआत आज ना करें। आर्थिक आयोजन के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

धनु -आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर -आज का दिन नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ है। नौकरी, व्यापार तथा दैनिक काम में अनुकूलता बनी रहेगी। इससे मन खुश रहेगा। भाई-बंधुओं से लाभ तथा सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

कुंभ -आज किसी से भी विवाद ना करें, अन्यथा मानहानि हो सकती है। धार्मिक काम में खर्च हो सकता है। पारिवारिक वातावरण बिगड़ सकता है। काम में असफलता से मन में असंतोष तथा निराशा की भावना रहेगी।

मीन -आज का दिन शुभ फलदायी है। उत्साह बना रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए के लिए दिन अच्छा है। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ भोजन का अवसर मिलेगा। धनलाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## खाड़ी देशों और जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे एर्दोगन

**अंकारा,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन अगस्त में खाड़ी के दूसरे दौरे पर जाने वाले हैं और सितंबर में जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे। सीएनएन तुर्क ब्रॉडकास्टर ने शनिवार को सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। श्री एर्दोगन के कार्यक्रम में बहरीन, ओमान, कुवैत और इराक की यात्रा शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में तुर्की के राष्ट्रपति जर्मनी की आधिकारिक यात्रा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक श्री एर्दोगन 9-10 सितंबर तक भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन और 18-19 सितंबर तक अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी भाग लेंगे। इससे पहले जुलाई में श्री एर्दोगन ने सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया। यात्राओं के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें तुर्की और यूएई के बीच कुल 50.7 अरब डॉलर के 13 समझौते शामिल हैं। इसके अलावा दौरे के परिणामस्वरूप तुर्की ड्रोन डेवलपर बायकर, जो अपने बेकरटार लड़ाकू ड्रोन के लिए जाना जाता है, ने सऊदी रक्षा मंत्रालय के साथ एक सहयोग समझौते और अधिग्रहण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ सीपीपी जीती

### 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की

**नोम पेन्ह,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया में प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ने हाल के आम चुनाव में 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की है। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) ने शनिवार को आधिकारिक नतीजों जारी करते हुये यह जानकारी दी। कंबोडिया के सरकारी राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषित परिणामों के अनुसार प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी ने शेष पांच सीटें हासिल कीं। एनईसी के सदस्य और प्रवक्ता डिम सोवन्नारोम ने कहा , हां, आधिकारिक नतीजों से संकेत मिलता है कि सीपीपी ने 23 जुलाई के आम चुनाव में 120 संसदीय सीटें जीतीं और फनसिनपेक पार्टी ने पांच सीटें अर्जित कीं। सातवें आम चुनाव में अट्ठारह राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ा। एनईसी ने कहा कि सीपीपी को कुल वैध वोटों में से लगभग 6 करोड़ 40लाख वोट या 82.3 प्रतिशत वोट मिले और फनसिनपेक पार्टी को 716,490 वोट



या 9.2 प्रतिशत वोट मिले। अड़तीस वर्षों से अधिक समय तक कंबोडिया के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य करने वाले हुन सेन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह पद छोड़ देंगे और अपने बड़े बेटे हुन मानेट को पद सौंप देंगे। हालाँकि, 70 वर्षीय नेता ने कहा कि वह सीपीपी के अध्यक्ष बने रहेंगे और अगले वर्ष 25 फरवरी को सीनेट चुनाव के बाद सीनेट के अध्यक्ष का पद भी संभालेंगे हुन सेन ने कहा कि नवनिर्वाचित नेशनल असेंबली 21 अगस्त को अपना पहला सत्र बुलाएगी और हुन मानेट के नेतृत्व में पांच साल की नई सरकार 22 अगस्त को शपथ लेगी।

## अमेरिका में गर्भपात प्रतिबंध पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी

**वाशिंगटन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एक न्यायाधीश ने यहां गर्भपात प्रतिबंध पर शुक्रवार को एक अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करते हुए फैसला सुनाया कि यह गर्भावस्था के दौरान गंभीर जटिलताओं वाली महिलाओं के लिए प्रतिबंध के अनुकूल है। ट्रैविस काउंटी की जिला न्यायाधीश जेसिका मैंग्रम ने भी मुकदमे को खारिज करने के टेक्सास सरकार के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। यह प्रांत में गर्भपात पर लगे प्रतिबंध से प्रभावित महिलाओं द्वारा दायर किया गया पहला मुकदमा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रो बनाम वेड को पलट दिया था, जिससे महिलाओं के लिए गर्भपात अधिकार की संवैधानिक सुरक्षा समाप्त हो गई थी। प्रांतीय अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के



प्रवक्ता पेगे विली को एक ईमेल में यह कहते हुए उद्धृत किया गया, ट्रायल कोर्ट का निषेधाज्ञा अप्रभावी है, और यथास्थिति प्रभावी बनी हुई है। टेक्सास के कानून के अनुसार गर्भावस्था के छह सप्ताह के बाद चिकित्सीय आपात स्थितियों को छोड़कर सभी तरह के गर्भपात पर रोक है। जिन्हें राज्य कानून परिभाषित नहीं करते हैं। टेक्सास में गर्भपात कराना या प्रयास करना दूसरे दर्जे का अपराध है, जिसके लिए आजीवन कारावास और 10 हजार अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना हो सकता है। मैंग्रम ने फैसला सुनाया कि आपराधिक आरोपों के खतरे से डरने वाले डॉक्टरों को टेक्सास में गर्भवती महिलाओं को गर्भपात देखभाल के प्रावधान को रोकने या देरी करने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

## जुलाई में विश्व में गेहूं की कीमतें बढ़ीं : एफएओ

**रोम,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, जुलाई में नौ महीनों में पहली बार विश्व में गेहूं की कीमतें बढ़ीं और वनस्पति तेल की कीमतों में भी नाटकीय वृद्धि देखी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एफएओ ने कहा कि जुलाई में गेहूं की कीमतें 1.6 प्रतिशत अधिक थीं, जो अक्टूबर 2022 के बाद पहली वृद्धि थी, और चावल की कीमतें भी जुलाई में बढ़ीं, जो सितंबर 2011 के बाद से 2.8 प्रतिशत बढ़कर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। फिर भी, अनाज के लिए समग्र एफएओ उप-सूचकांक जुलाई में थोड़ा फिसल गया, गेहूं और चावल के लिए कोटेशन में वृद्धि के बावजूद 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई। अनाज के लिए उप-सूचकांक एफएओ के व्यापक खाद्य मूल्य सूचकांक में सबसे बड़ा घटक है, जो पिछले महीने की तुलना में जुलाई में 1.3 प्रतिशत अधिक था। मार्च 2022 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद से सूचकांक पिछले 16 महीनों में से केवल दो में चढ़ा है। सूचकांक में सबसे बड़ा प्रेरक वनस्पति तेलों का उप-सूचकांक है, जो सात महीने की गिरावट के बाद 12.1 प्रतिशत चढ़ गया।

## वर्ग पहेली 6278

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. पतली कमर वाली
४. हारा हुआ
६. कमल
७. शाही दरबार या अदालत, आस्थान मंडप, राजा या बादशाह की बैठक, पुलिस-सिपाहियों का उप-नायक, वह पुस्तक जिसमें गजलें संगृहीत हो (उर्दू)
८. घोर युद्ध, भयानक मारकाट
१०. धोखा, छल, बनावटी व्यवहार
११. आसानी
१३. पाठ, अध्याय, सीख (उर्दू)
१४. पेशगी, आगामी
१५. पूजा, अर्चना
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. दोस्ती
२१. कमल
२२. पैरों की धूल
२४. अपने नाम के अनुरूप

**ऊपर से नीचे:-**

१. परिवर्तित (उर्दू)
२. दृष्टिगत (उर्दू)
३. विशिष्ट ढंग या दृष्टिकोण से सोचने की आदत
४. पानी भरने का घाट
५. जानने की इच्छा
९. पदचिह्न (उर्दू)
११. आश्रय, आलंब, टेक
१२. शर्माना
१३. काल, अवसर
१४. किसी और जगह, दूसरी जगह
१५. जोड़ना, इकट्ठा करना, प्रबंध, तैयारी
१६. अर्जुन
१८. सेवा, सुश्रुषा, हिफाजत (उर्दू)
१९. मेल होना, मुलाकात होना
२०. गर्मी, उष्णता
२३. विश्व, दुनिया, संसार

### वर्ग पहेली-6277

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हि | २ त | क | ३ र | ■ | ४ अ | भि | ५ क | र्ता |
| टे | ■ | क | ■ | ६ छ | म | ना | ■ | ले | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| न | ■ | दा | ■ | १० ह | ल | का | ■ | ■ | प |
| ■ | ११ भ | र | १२ स | क | ■ | ■ | १३ त | र्जु | मा |
| ■ | ला | ■ | हा | ■ | १४ ग | रि | मा | ■ | लि |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | ग | ■ | १७ म | १८ लि | का |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ अ | न | २० ल | ■ | पि | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | र्च | ■ | २२ ल | ट | क | २३ ना |
| न | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1821 -ब्रुसेल्स में 'कौरियर आॅफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
1825 -बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
1862 -मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना की गई।
1906 -प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया।
1914 -ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1945 -अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
1960 -क्यूबा ने देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्ट्रीयकरण किया।
1962 - जमैका में यूनाइटेड किंगडम का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
1964 -अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को काटा गया।
1996 -नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
2001 -भारत व ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक समझौता।
2002 -भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
2004 -वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 4 वर्ष की जेल।
2005 -दोनों देश सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
2007 -मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।
2007 -हंगरी के वैज्ञानिकों ने लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।

**प्रस्ताव** *संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने दी जानकारी*

## अफगानिस्तान में राहत में भारी कटौती को होना पड़ रहा मजबूर

**संयुक्त राष्ट्र, 5 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने कहा कि फंड की कमी के कारण अफगानिस्तान में 21 मिलियन से अधिक लोगों के राहत में कमी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के हवाले से कहा गया कि साल के आधे से अधिक समय बीतने के साथ अफगानिस्तान में लगभग आधी आबादी के लिए 3.2 बिलियन डॉलर सहायता की अपील की तुलना में 25 प्रतिशत से भी कम राशि मिली है।**

### 3.2 बिलियन डॉलर सहायता की अपील की तुलना में 25 प्रतिशत से भी कम राशि मिली

ओसीएचए ने कहा, हमें 1.3 अरब डॉलर की फंडिंग कमी का सामना करना पड़ रहा है, अपर्याप्त संसाधनों के कारण कई कार्यक्रम पहले ही समाप्त हो चुके हैं या काफी हद तक कम हो गए हैं। अफगानिस्तान में चार दशकों से अधिक के संघर्ष और अस्थिरता के बाद अफगान - महिलाओं और लड़कियों सहित आबादी के दो-तिहाई हिस्से को मानवीय और सुरक्षा सहायता की आवश्यकता है। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से 1.6 मिलियन से अधिक अफगान देश छोड़कर भाग गए हैं, इससे पड़ोसी देशों में अफगानों की कुल संख्या 8.2



मिलियन हो गई है, जो दुनिया में सबसे बड़ी शरणार्थी स्थितियों में से एक है। कम से कम 32 लाख अफगानी अपने ही देश में विस्थापित हैं। इस बीच, युद्धग्रस्त देश की दो-तिहाई आबादी खाद्य असुरक्षित है, इसमें 8 लाख 75 हजार बच्चे गंभीर कुपोषण का सामना कर रहे हैं।

### निर्माण कार्य के कारण अफगानिस्तान का मुख्य राजमार्ग बंद

**काबुल।** अफगानिस्तान का सलांग दर्रा, राजधानी काबुल को नौ उत्तरी प्रांतों से लेकर मध्य एशियाई देशों तक जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग शनिवार से पुनर्निर्माण के कारण बंद रहेगा। निजी टेलीविजन चैनल टोलोन्यूज ने यह रिपार्ट दी है। न्यूज चैनल की यहां जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 2.7 किलोमीटर लंबी सालंग सुरंग के पुनर्निर्माण का कार्य पांच अगस्त से शुरू हुआ। एक महीने के लिए रात में ट्रकों को इसे पार करने की अनुमति है।

## दुनिया को जानें

### क्वींसलैंड में सिख छात्रों को स्कूल में कृपाण ले जाने की इजाजत

**मेलबर्न**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड प्रांत में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल के मैदान में सिखों के कृपाण ले जाने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को असंवैधानिक बताते हुए पलट दिया है। प्रांत की सर्वोच्च अदालत का फैसला तब आया जब कमलजीत कौर अठवाल ने पिछले साल स्थानीय सरकार को अदालत में घसीटा था, जिसमें दावा किया गया था कि प्रतिबंध कृपाण के साथ भेदभाव करता है - जो सिखों के पांच धार्मिक प्रतीकों में से एक है, जिसे सिखों को हर समय अपने साथ रखना चाहिए। एबीसी न्यूज की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की सर्वोच्च अदालत ने अठवाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कानून को नस्लीय भेदभाव अधिनियम के तहत असंवैधानिक पाया। पिछले साल एक प्रारंभिक अदालत के फैसले ने इस सुझाव को खारिज कर दिया था कि कृपाण ले जाने पर प्रतिबंध भेदभावपूर्ण था। लेकिन इस सप्ताह, अपील न्यायालय के तीन न्यायाधीशों ने पाया कि क्वींसलैंड हथियार अधिनियम 1990 की एक धारा जो सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों में चाकू ले जाने पर प्रतिबंध लगाती है राष्ट्रमंडल नस्लीय भेदभाव अधिनियम 1975 की धारा 10 के साथ असंगत है।

# देश

उवाच "मणिपुर से लेकर हरियाणा तक भाजपा शासित राज्य जल रहे हैं। बरेली में दंगा कराने की साजिश हुई भाजपा सरकार दंगाइयों को शह देती है और कानून व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को दंडित करती है।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# कर्नाटक में दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने चुनावी वादा किया पूरा

**कलबुर्गी/कर्नाटक,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए 200 यूनिट तक फ्री बिजली देने का ऐलान किया है। सरकार ने शनिवार को कलबुर्गी शहर में गृह ज्योति मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की। सरकार की इस योजना से करीब 2.14 करोड़ परिवारों को फायदा मिलेगा। कांग्रेस सरकार ने कहा कि गृह ज्योति योजना से करीब 2.14 करोड़ परिवार मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना के लिए लगभग 1.41 करोड़ लोग पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। यह योजना एक जुलाई को लागू की गई थी। राज्य में हर घर के लिए 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने की योजना शुरू करने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अब वह भाजपा शासित राज्यों में मुफ्त योजनाओं को लागू करे। कलबुर्गी में एक विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि लोग गुजरात मॉडल के बारे में बहुत बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें गुजरात मॉडल की जरूरत नहीं है। हमने कर्नाटक मॉडल शुरू किया है। पांचों गारंटी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। विपक्ष अफवाह फैला रहा है। पीएम ने कहा था कि अगर गारंटी योजनाएं लागू की गईं तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने शक्ति योजना शुरू की है, जिससे महिलाएं पूरे राज्य में सरकारी स्वामित्व वाली बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके तहत बीपीएल परिवारों की सभी महिला मुखिया को 2,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा निधि योजना के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत स्नातक और डिप्लोमा धारकों को दो साल के लिए 3,000 रुपये और 1,500 रुपए भत्ता दिया जाएगा। सरकार ने अन्न भाग्य योजना भी शुरू की है।

■ गृह ज्योति मुफ्त बिजली योजना से 2.14 करोड़ परिवारों को मिलेगा फायदा



हमें गुजरात मॉडल की जरूरत नहीं है, हमने कर्नाटक मॉडल शुरू किया है : सिद्धारमैया

### 24 अगस्त से शुरू की जाएगी गृह लक्ष्मी योजना

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यह भी घोषणा की है कि 24 अगस्त से गृह लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 1.28 परिवारों को इस योजना के तहत 2,000 रुपए का भत्ता मिलेगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि अगर हम मुफ्त योजनाएं लागू करेंगे तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। शिवकुमार ने सवाल किया, मैं पीएम मोदी से पूछना चाहता हूं।


### मोदी ने देश को दिवालिया कर दिया है : सिद्धारमैया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम मोदी ने इस देश को दिवालिया कर दिया है। वहीं, वादे पूरे करने के बाद भी कर्नाटक मजबूत स्थिति में है। जब भाजपा सत्ता में आई तो उन्होंने संसाधनों को लूट लिया और बेरोजगारी बढ़ा दी। उन्होंने गरीबों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के साथ घोर अन्याय किया है। उन्होंने कहा, गरीब विरोधी केंद्र सरकार ने पहले अन्न भाग्य योजना में चावल देने का वादा किया और बाद में चावल देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी महंगाई के जरिए लोगों का पैसा लूट रहे हैं। सीएम ने कहा कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता एल.के. आडवाणी ने कहा कि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में आर्टिकल 371 लागू करना असंभव है। लेकिन, कांग्रेस ने इसे लागू किया और उन्हें गलत साबित कर दिया।

## 370 हटाने की बरसी पर अमरनाथ यात्रा स्थगित

**जम्मू,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को जम्मू के बेस कैंप से अमरनाथ श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ गुफा की ओर रवाना नहीं किया गया है। बताया गया जम्मू के जिला आयुक्त ने इस संबंध में देर रात को आदेश तो दिया था पर रातभर सरकारी प्रवक्ता ऐसा कोई आदेश जारी होने से इनकार करते रहे।

इतना जरूर था कि श्रीनगर से बालटाल और पहलगाम के लिए अमरनाथ श्रद्धालुओं को आगे जाने दिया गया था। 5 अगस्त 2019 को राज्य के दो टुकड़े करने और उसकी पहचान खत्म किए जाने की कवायद के बाद यह दूसरा अवसर था कि अनुच्छेद-370 हटाए जाने की बरसी पर प्रशासन ऐसे कदम उठाने पर मजबूर हुआ था। हालांकि पिछले साल उसने खराब मौसम का बहाना लगा 4 अगस्त को ही यात्रा को गैर सरकारी तौर पर खत्म कर दिया था।



जबकि वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के कारण अमरनाथ यात्रा संपन्न ही नहीं हो पाई थी। अमरनाथ यात्रा को विभिन्न कारणों से स्थगित करने का सिलसिला कोई नया नहीं है। वर्ष 2008 में यह सिलसिला तब आरंभ हुआ था जब अमरनाथ भूमि विवाद के चलते पूरे राज्य में फैली हिंसा के चलते इसे कई कई दिनों तक रोके रखा गया था और वर्ष 2016 की 8 जुलाई को हिज्बुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्याय बुरहान वानी की मौत का 'डर' इतना था कि वर्ष 2018 तक उसकी बरसी पर लगातार कई दिनों तक यात्रा को स्थगित रखा जाता रहा है। यात्रा स्थगन में 13 जुलाई का दिन भी हर साल अक्सर जुड़ जाया करता था जब कश्मीर के वर्ष 1931 के शहीदों की याद में सरकारी समारोह मनाया जाता रहा था।

## बुनियादी ढांचा का विकास केंद्र सरकार का मुख्य फोकस : शाह

**भुवनेश्वर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे का विकास मोदी सरकार का मुख्य फोकस रहा है।

शाह ने यहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के बिना देश में कोई भी विकास संभव नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि 2022-2023 के दौरान हर दिन 22 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क बिछाई जाएगी जबकि 2014-15 के दौरान महज 12 किमी सड़कों का निर्माण होता था। ओडिशा के कामख्यानगर और दुबुरी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 53 पर 51 किलोमीटर लंबे 4-लेन खंड का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह सड़क ओडिशा के खनिज समृद्ध अंगुल एवं ढेंकनाल जिलों को राष्ट्रीय राजमार्गों तथा देश से जोड़ेगी जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग का 51 किलोमीटर लंबा 4-लेन वाला हिस्सा 761 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और इसमें दो प्रमुख पुल, सात छोटे पुल, सात अंडरपास, दो पशु अंडरपास तथा 1.73 किलोमीटर लंबा बाईपास है।



■ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

### ओडिशा के मुख्यमंत्री की प्रशंसा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार द्वारा किए गए बुनियादी ढांचे के विकास का हमेशा समर्थन करने और राज्य में नक्सली खतरे से निपटने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों के दौरान ओडिशा को 23,83,000 लाख करोड़ रुपए प्रदान किए हैं जबकि 2004 से 2014 के दौरान यूपीए सरकार ने केवल 2,93,000 लाख करोड़ प्रदान किए थे।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में आए भूकंप के हल्के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में शनिवार को एक के बाद एक भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका सुबह आठ बजकर 36 मिनट पर महसूस किया गया जिसका केंद्र पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला में दर्ज किया गया। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग से 184 किमी दूर पश्चिमोत्तर में 35.46 आक्षांश और 73.32 देशांतर पर सतह से 129 किमी की गहराई पर था। दूसरा झटका 10 बजकर 24 मिनट पर आया जिसका केंद्र अफगानिस्तान में था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई।

### असम में 30 किलो गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने शनिवार को गुवाहाटी में तीन संदिग्ध ड्रग डीलरों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 30 किलोग्राम गांजा जब्त किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और पुलिस टीम ने शहर के खानापारा इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि जब्त ड्रग्स की कीमत विदेशी बाजार में लगभग 15 लाख रुपए है।

### उप्र के औरैया में स्कूल बस पलटी, 25 बच्चे चोटिल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में शनिवार को एक स्कूली बस के पलटने से उसमें सवार करीब 25 बच्चे चोटिल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कस्बा अछल्दा स्थित मार्शल हेराल्ड पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेने गांव जा रही थी। बस फफूंद थाने के गांव भैंसोल के पास पहुंची कि अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। हादसे के चलते बच्चों की चीख पुकार मच गई। ग्रामीण दौड़े और कड़ी मशक्कत कर बच्चों को बाहर निकाला। इस बीच बस का चालक मौके से भाग निकला।

### श्रीरंगम मंदिर के पूर्वी प्रवेश द्वार की टॉवर की दीवार गिरी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विश्व प्रसिद्ध श्रीरंगम श्री रंगनाथस्वामी मंदिर के पूर्वी प्रवेश स्तम्भ की दीवार का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। यहां प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि सुबह करीब दो बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पूर्वी तरफ के प्रवेश द्वार की पहले और दूसरे स्तर की परिसर की दीवारों में दरारें आने के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान पहले स्तर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया। इस घटना से आज सुबह मंदिर में जमा हुये भक्तों में हड़कंप मच गया। शनिवार का दिन वैष्णव देवताओं के लिए शुभ माना जाता है।

## लालू-राहुल की भेंट जदयू को किनारे लगाने के संकेत : सुशील

**पटना,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की भेंट, बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को किनारे लगाने का संकेत है। मोदी ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरनेम वाले सभी व्यक्तियों को चोर बताने वाली गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी के कारण राहुल गांधी की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ रोक लगाई है, उन्हें दोषमुक्त नहीं किया है।



इससे उन्हें मिली तात्कालिक राहत पर लालू प्रसाद सबसे ज्यादा खुश और नीतीश कुमार सबसे ज्यादा दुखी होंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले सिर्फ लालू प्रसाद से भेंट की और जदयू को दरकिनार रखा। भाजपा सांसद ने कहा कि उत्साहित कांग्रेस अब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के अघोषित उम्मीदवार के रूप में खुल कर प्रोजेक्ट करेगी। उसके बढ़ते प्रभाव वाले गठबंधन में नीतीश कुमार, शरद पवार और ममता बनर्जी को ज्यादा तरजीह क्यों मिलेगी। बेंगलुरु बैठक में ही जब कांग्रेस ने नीतीश कुमार की उपेक्षा शुरू कर दी थी, तब मुम्बई बैठक में विपक्षी गठबंधन का संयोजक पद ऐसे व्यक्ति को मिलना मुश्किल है, जो स्वयं दूल्हा बनना चाहता हो। राहुल गांधी और लालू प्रसाद मिलकर जब संसदीय चुनाव के लिए टिकट का बंटवारा करेंगे, तब जदयू को किनारे ही लगायेंगे। कानून की नजर में राहुल गांधी अब भी मानहानि के मामले में सजायाफ्ता हैं, यह अलग बात है कि सजा पर रोक लगने से फिलहाल उनकी संसद-सदस्यता बहाल हो सकती है।

## मप्र की जनता पूछेगी चुनी सरकार कितने में गिराई गई : कमलनाथ

**भोपाल,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी चुनाव घोषणा पत्र बनाने जनता से सुझाव लेगी। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से जनता से सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए चुनाव घोषणा पत्र का अभियान शुरू करेगी। इस पर पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने निशाना साधा है। कमलनाथ ने शनिवार को ट्वीट किया कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के लिए विधानसभाओं में सुझाव पेटी लेकर जा रही है। भाजपा से जनता से पूछेगी कि चुनी हुई सरकार कितने में गिराई। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा भाजपा अपने घोषणापत्र के लिए विधानसभाओं में 'सुझाव पेटी' लेकर जा रही है। जनता सुझाव देने की जगह भाजपा से ये 'सवाल' पूछेगी कि सौदेबाजी कर आपने जनता की चुनी सरकार को क्यों गिराया। कमलनाथ ने कहा कि जनता भाजपा को कुछ सुझाव तो ये देगी कि देश को और न बांटें। नफरत और डर फैलाने का एजेंडा बंद करें। महिलाओं का अब और अपमान न करें। नौकरी-परीक्षा के घोटालों से जन्मी बेरोजगारी से युवाओं को बचाएं। गरीबों, किसानों, मजदूरों का शोषण रोकें।




काम-कारोबार व विकास को भ्रष्ट नीतियों से न मारें। आदिवासियों-दलितों का उत्पीड़न-शोषण न करें। मुनाफाखोरों से कमीशन खाकर महंगाई न बढ़ाएं। मप्र को भाजपाई भ्रष्टाचार का मॉडल न बनाएं।

■ प्रदेश में आदिवासियों पर बढ़ते उत्पीड़न को लेकर साधा निशाना

मतलब हमारे 'चुनाव-सुझाव' के रूप में चुनी हुई सरकार को क्यों गिराया और ये भी कि कितने में गिराया, और खर्चा किया हुआ पैसा फिर कहां-कहां से कमाया? उन्होंने आगे कहा कि आज जब जनता का भाजपा पर ही विश्वास नहीं रहा है तो उसके घोषणापत्र पर क्या होगा।

## बिहार में स्वर्ण आभूषण कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**पटना/गोपालगंज,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक स्वर्ण आभूषण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी और आसानी से चलते बने। इस मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस ने बताया कि नरैनिया मोहल्ले के रहने वाले कारोबारी प्रिंस कुमार शनिवार को घर से कुछ आभूषण लेकर अपनी मोटरसाइकिल से निकले थे। इसी दौरान जिगना ढाला के पास अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग आए थे और घटना को अंजाम देकर निकल गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटना के बाद से व्यवसायियों में आक्रोश है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि घटना के बाद से ही अपराधियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। पूरे मामले की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।



■ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित

## कावेरी जल के लिए सिद्धारमैया से बात करें स्टॉलिन : पलानीस्वामी

**चेन्नई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के.पलानीस्वामी (ईपीएस) ने शनिवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सलाह दी कि वह कावेरी नदी से आवश्यक पानी तुरंत छोड़ने के लिए कर्नाटक सरकार से आग्रह करें ताकि तमिलनाडु डेल्टा के किसानों को लाभ मिल सके। अन्नाद्रमुक नेता ने कहा कि वर्तमान में कर्नाटक के जलाशय में 80 प्रतिशत पानी है और इसलिए मुख्यमंत्री स्टालिन को अपने समकक्ष से मिलने और पानी की छोड़ना सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु जाना चाहिए। ईपीएस ने कहा कि कर्नाटक ने जून, जुलाई और अगस्त 2023 में पानी नहीं छोड़ा है।

अगर कावेरी का पानी ठीक से और समय पर छोड़ा गया तो 3.5 लाख एकड़ डेल्टा क्षेत्र की फसलें बच सकती हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में है जो कावेरी जल छोड़ने में दिक्कतें पैदा कर रही है। ईपीएस ने कहा कि जब तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक सरकार सत्ता में थी तो उसने कर्नाटक से कावेरी जल की उचित और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की थी। ईपीएस, जो वर्तमान में राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं, ने कहा कि कर्नाटक सरकार कावेरी जल प्रबंधन बोर्ड के फैसले को मानने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री एस. दुरईमुरुगन ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह चौहान से मुलाकात की थी और कहा था कि कावेरी जल प्रबंधन बोर्ड ने कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए तुरंत पानी छोड़ने का निर्देश दिया है।



■ अन्नाद्रमुक ने उठाए कई सवाल
■ पानी समय पर छोड़ा गया तो 3.5 लाख एकड़ डेल्टा क्षेत्र की फसलें बच सकती हैं

## न्यायालय ने भाजपा को कड़ा सबक सिखाया : कांग्रेस

**गुवाहाटी,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी उपनाम मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत के बाद असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने शनिवार को भाजपा पर तीखा हमला बोला। बोरा ने कहा कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर कोर्ट के स्थगन आदेश ने भगवा पार्टी को करारा सबक सिखाया है। असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने बहुचर्चित उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच सांठगांठ का भंडाफोड़ किया था और इससे भाजपा उन्हें संसद से बाहर करने के लिए बेचैन हो गई थी। भूपेन बोरा ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रच रही थी। जब हमारे नेता ने संसद में अडानी मुद्दे पर बात की तो भाजपा बहुत असहज और भयभीत थी। सत्तारूढ़ दल ने राहुल गांधी को सच बोलने से रोकने के लिए हर हथकंडे का इस्तेमाल किया है। ईडी ने उनसे 62 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। असम कांग्रेस नेता के मुताबिक कोर्ट के फैसले ने बीजेपी को कड़ा सबक सिखाया है। इस बीच, असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने कहा कि हमने शुरू से कहा है कि भाजपा ने राहुल गांधी को संसद से दूर रखने के लिए उनके खिलाफ साजिश रची है।

■ मोदी उपनाम मामले में भाजपा पर साधा निशाना

## गौरीकुंड में भूस्खलन में लापता लोगों की संख्या बढ़कर 23 हुई

**रुद्रप्रयाग/देहरादून,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ मंदिर जाने के अंतिम पड़ाव गौरीकुंड में गुरुवार देर रात भूस्खलन के बाद लापता व्यक्तियों की पुष्ट संख्या शनिवार को 23 हो गई है। इनमें तीन के शव शुक्रवार को बरामद कर लिए गए, जबकि अभी 20 लोगों की तलाश तीसरे दिन भी जारी रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने शनिवार शाम बताया कि गौरीकुंड भू-स्खलन से लापता/ मृत व्यक्तियों की संख्या 23 हो गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यक्तियों द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर, उक्त लापता व्यक्तियों में नेपाल मूल के 17, जनपद रुद्रप्रयाग के चार, अन्य राज्य के दो लोगों सहित कुल संख्या 23 है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जो तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं, उनके नाम पूर्व जारी सूची में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों द्वारा की गई शिनाख्त के अनुसार तीनों व्यक्ति नेपाल मूल के हैं। जिनमें देवी बहादुर, टेक बहादुर व प्रकाश टम्टा शामिल हैं। रजवार ने बताया कि अभी भी अन्य 20 लापता व्यक्तियों में आशु उम्र 23 साल निवासी जलई, प्रियांशु चमोला पुत्र कमलेश चमोला, 18 साल, निवासी तिलवाड़ा, रणबीर सिंह, 28 साल, निवासी बस्टी, अमर बोहरा पुत्र मान बहादुर बोहरा, निवासी नेपाल, अनिता बोहरा पत्नी अमर बोहरा, उम्र 26 साल, निवासी नेपाल आदि हैं।



■ 20 लोगों की तलाश तीसरे दिन भी रही जारी

**प्रयास** *कश्मीरी पंडितों को अपने घरों में वापस लौटाने में अक्षम साबित हुई सरकार*


# 33 सालों के बाद भी सुरक्षित क्षेत्रों में फ्लैट्स का सहारा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कश्मीर से पलायन करने के 33 सालों के बाद भी कश्मीरी पंडितों की कश्मीर वापसी के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में फ्लैट्स का ही सहारा है। अर्थात अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद शांति लौट आने के दावों के बावजूद उनकी वापसी कहीं नहीं दिख रही है।**

ऐसा इसलिए है क्योंकि कश्मीर अभी भी हिंसा से जूझ रहा है जिसमें औसतन एक मौत प्रतिदिन आतंकी हिंसा में हो रही है। कश्मीर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों, सरकारी कर्मचारियों और अन्य नागरिकों की समस्या काफी पुरानी है।

लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं कि इन लोगों को फिर से कश्मीर में बसाया जाए। सरकार के मुताबिक, इन लोगों के लिए सरकार की ओर से फ्लैट्स भी बनाए जा रहे हैं। दो दिन पहले सरकार ने संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा है कि पिछले 3 सालों में 880 फ्लैट्स तैयार भी हो गए हैं। हालांकि फ्लैट्स उन कश्मीरी पंडितों को दिए जा रहे हैं जिनमें से अधिकतर कश्मीर में सरकारी नौकरी करने को राजी हैं। पर यह बात अलग है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीरी पंडितों को टारगेट बना किए जाने वाले हमलों के कारण कश्मीरी पंडित इन फ्लैट्स में भी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल, कश्मीर घाटी में 1990 में हुई हिंसा के चलते हजारों लोगों को घाटी छोड़नी पड़ी थी। इसमें से ज्यादातर लोग कश्मीरी पंडित थे। बाद में केंद्र सरकार ने इन कश्मीरी पंडितों को वापस बसाने के लिए प्रधानमंत्री पुनर्वास योजना के तहत सरकारी नौकरी देनी शुरू की। इन नौकरियों के तहत आए लोगों को काफी दिनों तक शेयरिंग वाले रूम और खराब सुविधाओं के साथ रहना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रांजिट हाउस योजना शुरू की गई। कश्मीर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों, सरकारी कर्मचारियों और अन्य नागरिकों की समस्या काफी पुरानी है। लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं कि इन लोगों को फिर से कश्मीर में बसाया जाए।



■ अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद शांति लौट आने के दावे बेअसर

कश्मीरी पंडितों के संगठन पनुन कश्मीर के नेताओं के बकौल, कश्मीर अभी भी असुरक्षित है। दावे चाहे जितने भी करें सुरक्षित माहौल नहीं दिख रहा है। हालांकि वे वितस्ता अर्थात जेहलम के किनारे एक अन्य केंद्र शासित प्रदेश स्थापित कने की मांग लंबे अरसे से कर रहे हैं ताकि वे उसमें सुरक्षित तौर पर रह सकें। पर सरकारी फ्लैट्स में भी अब भयभीत होने वाले कश्मीरी पंडितों को लगता नहीं है कि उनके लिए बसाए जाने वाला अलग शहर भी सुरक्षित हो पाएगा।

कश्मीर घाटी में सुरक्षा के हालात में सुधार के दावों के बावजूद सरकार कश्मीरी पंडितों को उनके घरों में वापस लौटाने में अक्षम साबित हुई तो उसने 6000 ट्रांजिट हाउस बनाने का काम शुरू किया है।

# प्रादेशिकी

## सांसद ने झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए कालिंद्री एक्सप्रेस को रवाना किया

**फर्रुखाबाद,**5 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने शनिवार को सुबह झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए कालिंद्री एक्सप्रेस को रवाना किया। नए रूट पर जाने के लिए कालिंद्री एक्सप्रेस के इंजन को फूलों से सजाया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने सुबह 6.05 हरी झंडी हरी झंडी दिखाई। कालिंद्री एक्सप्रेस के रवाना होते ही भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने मोदी जिंदाबाद, योगी जिंदाबाद एवं मुकेश राजपूत जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता सांसद के भतीजे राहुल राजपूत, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, महेंद्र कटियार, राजकुमार वर्मा आढती, सभासद विश्वनाथ राजपूत, अतुल शंकर दुबे, अनिल कुमार तिवारी, सभासद पति उमेश पूर्व सभासद परसोत्तम वर्मा, पप्पू सोनी एवं रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट विलेज की अवधारणा करें मजबूत : योगी

**लखनऊ,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की अवधारणा को मजबूती प्रदान करने के लिए हर गांव में विश्वकर्मा संकुल का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ, गोरखपुर और यूपी के सभी बड़े रेलवे स्टेशन, गांधी आश्रम, पर्यटन विभाग के होटलों और आवास गृह सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ओडीओपी का डिस्प्ले लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्थानों पर वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के डिस्प्ले के साथ उन्हें खरीदने की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

■ मुख्यमंत्री ने की एमएसएमई विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा

प्रदेश के हर जिले में एक एक हफ्ते के लिए ओडीओपी की प्रदर्शनियां और मेले लगाए जाएं। फिलपकार्ट एवं अमेजॉन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और लूलू ग्रुप के साथ मिलकर ओडीओपी का प्रमोशन कराएं। ओडीओपी के सप्लाई चेन को और मजबूत करें और डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने ओडीओपी के लिए निर्धारित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा



मॉल की तर्ज पर गांवों में बनाएं विश्वकर्मा संकुल : योगी आदित्यनाथ

श्रम सम्मान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत अन्य परंपरागत ट्रेड्स को भी चिह्नित करते हुए जल्द से जल्द शामिल किया जाए। इसके साथ ही लाभार्थियों को प्रॉपर ट्रेनिंग दी जाए और उनके ट्रेड से जुड़े मार्केट के बारे में भी उन्हें अवगत कराया जाए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा 7 सीएफसी अक्टूबर एवं 7 सीएफसी फरवरी 2024 तक क्रियाशील हो जाएंगे। वहीं 5 अन्य जिलों में सीएफसी की स्थापना के लिए तेज गति से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण जिलों में जल्द से जल्द सीएफसी विकसित करने के निर्देश दिये।

### लाभार्थियों को ऑनलाइन पेमेंट सेवाओं से जोड़ा जाए : मख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने योजना के तहत वितरित किए जाने वाले टूलकिट की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करने के भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस दिन विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण हो, उसी समय उन्हें लोन भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े लाभार्थियों को ऑनलाइन पेमेंट सेवाओं से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रेंड श्रमिकों के लिए पोर्टल विकसित करते हुए उनकी जानकारी सार्वजनिक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, जिससे आम जनता ट्रेंड श्रमिकों की सेवाओं का लाभ उठा सकें और श्रमिकों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपी आईटीएस 2023) को लेकर तैयारियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आईटीएस -2023 महत्वपूर्ण आयोजन है। इसके जरिए प्रदेश की उत्कृष्ट कला को वैश्विक रूप से प्रदर्शित करने का हमारे पास बड़ा अवसर है। यूपी आईटीएस 2023 उत्तर प्रदेश के ओडीओपी के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म साबित होगा। इसे लेकर हो रही तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए।

# जन शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें अधिकारी : मीणा

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने प्राप्त शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 101 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, एमडीए व



■ तहसील सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

■ 101 शिकायतों में से 10 का मौके पर ही निस्तारण

पुलिस से संबंधित प्रकरण तथा चकरोड व भूमि से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाईश कराने इत्यादि प्रकरणो पर 101 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम का आयोजन तीन प्रमुख चरणो में किया जाएगा, जिसमें ग्राम स्तरीय कार्यक्रम, पंचायत स्तरीय कार्यक्रम तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम होंगे, जिनके चयनित दो श्रेष्ठ प्रतिभागियों द्वारा क्रमश: देश एवं प्रदेश की राजधानी में समापन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### संपूर्ण समाधान दिवस में पहुचें 104 फरीयादी

**मवाना।** जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। शनिवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी सुर्यकांत त्रिपाटी और एस पी देहात की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस कुल 104 शिकायतें आई। जिसमें 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 45 पुलिस विभाग की 27 विकास विभाग की 17 और अन्य विभागों से सबंधित 19 फरयादियों ने शिकायत की। जिसमें विभिन्न विभागों से संबधित 18 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण किया गया। मवाना के काबली गेट से आए फरयादी राकेश वर्मा ने आयुष्मान कार्ड से संबधित शिकायत की। अपर जिलाधिकारी सुर्यकांत त्रिपाटी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर देना चाहिए। उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव, मवाना सीएचसी प्रभारी अरूण कुमार, ईओं मवाना आदि सहित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बोर्ड पर नाम लिखने को लेकर बच्चों में मारपीट

**मवाना।** थाना क्षेत्र के गांव अटोरा स्थित अटोरा प्राथमिक विद्यालय में बोर्ड पर नाम लिखने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्षे के दो बच्चों के साथ मारपीट कर घायल कर दें। पीड़ित पक्ष इंसाफ की गुहार लेकर थाने पहुंचा कर दूसरे पक्षे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला संदिग्ध मान दोनों बच्चों का मेडिकल कराया। मामला थाना क्षेत्र के गांव अटोरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का है जहां क्लास में बोर्ड पर नाम लिखने से नाराज एक पक्ष ने दुसरे पक्ष के 13 वर्षीय रिहान पुत्र युसूफअली और सहाफाहद पुत्र मोहम्मद आबिद के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### रोजगार मेले का आयोजन नौ अगस्त को

**मेरठ।** आगामी 9 अगस्त को कचहरी परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मण्डल ने बताया कि 09 अगस्त 2023 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर मेरठ में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### वर्तमान शिक्षा को उन्नत करने की विद्याओं का प्रस्तुतीकरण

**मवाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवाना खुर्द (डायट) में शनिवार को जनपद के राजकीय/सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तीन दिवसीय गणित प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। डायट प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार सिंह ने वर्तमान समय में गणित की उपयोगिता व शिक्षा में इसके प्रभावी प्रयोग व दैनिक जीवन को विज्ञान के माध्यम से बेहतर बनाने पर बल दिया।

# मल्टीलेवल पार्किंग का रास्ता साफ, 45 करोड़ की सौगात

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। मेरठ के विकास को पंख लगाते हुए अब यहां एक मल्टीलेवल पार्किंग बनने का रास्ता भी साफ हो गया है। शासन ने मेरठ में राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए बजट स्वीकृत कर दिया है। 45 करोड़ के बजट से मल्टीलेवल पार्किंग बनना तय हो गया है। इसमें बजट की पहली किश्त के रूप में 11 करोड़ रुपए जारी की गयी है। माना जा रहा है कि जल्द मल्टी लेवल पार्किंग पर टेंडर निकालकर प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही काम शुरू होगा। मेरठ से राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मल्टीलेवल पार्किंग की स्वीकृति और बजट राशि जारी होने पर प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बताया कि जल्द नगर निगम द्वारा पार्किंग प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।



■ 11 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी

■ स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नगर निगम परिसर में बनेगी पार्किंग

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार : आलोक

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। आयुक्त सभागार में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा उप्र शासन आलोक कुमार द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजना, सर्वोच्च प्राथमिकता वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं यथा-अटल आवासीय विद्यालय, सिंचाई परियोजना, विद्युत उप केंद्रों तथा लोक निर्माण विभाग की समीक्षा एवं शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई।

प्रमुख सचिव द्वारा मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत शिक्षा संकाय एवं मेडिकल सुविधा की विस्तृत रूप से समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाए जाने हेतु प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि अकसर यह देखा गया है कि मेडिकल में आने वाले मरीजों को भर्ती करने में परेशानी होती है तथा उनको प्राइवेट अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है।

इस पर सख्त निर्देश देते हुए कहा मेडिकल में आगंतुक मरीज को अच्छे से उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा मरीज को किसी भी प्राइवेट अस्पताल व अन्य जगह रेफर न किया जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा उच्च स्तर से लगातार निगरानी की जाये। प्रमुख सचिव ने कहा कि मेडिकल सर्विस को और बेहतर किए जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कालेज आपस में समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना के साथ



■ शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

■ निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूर्ण करें संस्था

■ आमजन की समस्या को स्थानीय स्तर पर ही निस्तारण को कहा

चिकित्सा सुविधाओं को आमजन के लिए सरल और सुलभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में इंटीग्रेटेड प्लॉन बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज में आयुष्मान मरीजों की आवक औसत से कम न रहें इसको गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

मेरठ में मेडिकल कालेज की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को निश्चित समय में कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग की ऐसी परियोजनाएं जिनकी कार्य प्रगति बहुत धीमी है संबंधित परियोजना का निरीक्षण एवं जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करें। ऐसी कार्यदायी संस्था जो बेवजह परियोजनाओ में देरी एवं लापरवाही कर रही है, के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### चिकित्सकीय सेवा का सुचारू रूप से संचालन उद्देश्य

इसी क्रम में कल्याण सिंह मेडिकल कालेज बुलंदशहर की कार्य प्रगति एवं उसके संचालन हेतु विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का प्रजेन्टेशन दिखाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि मेडिकल कालेज की अस्पताल वाली बिल्डिंग के अवशेष कार्य को तत्काल पूरा किया जाए जिससे कि चिकित्सकीय सेवा का संचालन सुचारू रूप से हो सके। आयुक्त एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाए जाने हेतु निरीक्षण कर जमीन का चिन्हांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें जिससे आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# सुभारती में होगा राष्ट्र बोध व्याख्यानमाला का आयोजन

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत कुलपति सभागार में राष्ट्र बोध व्याख्यान माला समारोह के विषय में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने की। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डेन्टल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.निखिल श्रीवास्तव ने आयोजन समिति के सदस्यों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को आयोजन हेतु विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी।

कुलपति ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा जी 20 भारत की अध्यक्षता एवं आजादी के अमृत महोत्सव सहित एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्र बोध व्याख्यान माला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आगामी 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी पहुंचेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट वक्ता के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता व राष्ट्र जागरण मंच की संस्थापिका सुबूही खान सम्बोधित करेंगी। उन्होंने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, पदाधिकारी, विद्यार्थी सहित शहर व आस पास के क्षेत्र से लोग प्रवेश पास प्राप्त कर शामिल हो सकते है। डॉ.शल्या राज ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव से अपने विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन कर रहा है। इसी दिशा में राष्ट्र बोध व्याख्यान द्वारा हमारे देश के वास्तविक इतिहास एवं महापुरुषों के बलिदान से सभी को रूबरू कराया जाएगा।

■ 12 अगस्त को आयोजित होगा कार्यक्रम

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी रूपरेखा के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उनके द्वारा समस्त प्रतिनिधियों को जनपद के सभी बूथो की सूची उपलब्ध करवाते हुये सुझाव मांगे गये तथा उन्होंने कहा कि इस सूची में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अवगत करा दें। उन्होंने कहा कि मतदाताओ की सुविधा के लिए यदि कोई बूथ बदलवाया जाना है तो सूचित कर दें।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया कि बूथ ऐसे स्थान पर बनाया जाए जहां मतदाता को हाईवे क्रॉस न करना पड़े। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एसडीएम सदर ओजस्वी राज आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ पब्लिक स्कूल में जी-20 युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,**5 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को मेरठ पब्लिक स्कूल (मेंन विंग) में वसुधैव कुटुंबकम के लक्ष्य को साधे जी-20 युवा मंथन के गौरवशाली भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जलवायु परिवर्तन और इससे होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के ज्वलंत विषय पर विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के रूप में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व गणमान्य अतिथिगणों के स्वागत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ अन्य बहुमूल्य सुझाव भी दिए। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा गीतों का मैडले एवं वसुधैव कुटुंबकम के लक्ष्य को परिलक्षित करते मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल जी-20 में भारत की अध्यक्षता के महत्व को बताते हुए युवा वक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं उनके समाधान की सराहना की।

■ जलवायु परिवर्तन व दुष्प्रभावों पर हुई प्रतियोगिता

■ एमपीएस मेन विंग की टीम ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

■ सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने जी-20 में भारत की अध्यक्षता का महत्व समझाया




# कंठी माला के साथ कारतूस पर भी हाथ फेरते हैं रामनगरी के साधु

■ ओम प्रकाश सिंह

■ गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोपी साधुओं को मिली है सरकारी सुरक्षा

■ आरटीआई में प्रशासन ने गोपनीयता का हवाला दे पल्ला झाड़ा

**अयोध्या,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यटन की दृष्टि से वैश्विक बनती धार्मिक रामनगरी का एक स्याह पहलू भी है। बलात्कार, हत्या, मठ मंदिरों पर कब्जा, लूट जैसे गंभीर आरोपों से घिरे तमाम साधु संत भी सरकारी सुरक्षा से लैस हैं। कई महंतों के पास निजी सुरक्षा दस्ता भी है। कितने साधु संतों को सुरक्षा प्राप्त है। कितनों पर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं जैसे साधारण सवालों का जवाब गोपनीयता के चलते प्रशासन ने आरटीआई में नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार सफेदपोश व साधुओं को मिलाकर सिर्फ अयोध्या नगरनिगम सीमा में ही लगभग सात दर्जन लोगों को सरकारी सुरक्षा प्राप्त है।

अयोध्या चार हजार से ज्यादा मंदिरों से भरी हुई है। सूर्य की किरण फूटने के पहले रामनगरी के आंगन मे देववाणी के स्वर गूंजने लगते हैं। इसी के साथ मठ मंदिरों को हड़पने का तानाबाना भी गुना जाने लगता है। अभी एक सप्ताह पूर्व गुप्तार घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत पर जानलेवा हमला किया गया था। यह वही स्थान है जहां प्रभु राम ने सरयू में जलसमाधि लिया था। इस हमलें में अयोध्या के कई प्रतिष्ठित संतों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को सूचना मिली थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी अयोध्या में हर घर मंदिर है या



यूं कहें कि हर मंदिर एक घर है। अयोध्या ऐसा धर्मक्षेत्र है जहां लगभग सभी जातियों के मंदिर हैं। यहां पर भगवान राम सीता, हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर मौजूद हैं। तमाम मंदिरों की पहचान वैश्विक हैं। कार्तिक पूर्णिमा, सावन झूला सहित कई बड़े मेले अयोध्या में लगते हैं। मंदिरों के अनुयायी पूरे देश में हैं। इन मंदिरों में चढ़ावा भी खूब आता है। तमाम मंदिरों के पास अकूत संपत्ति भी मौजूद है। मंदिर की संपत्ति पर कब्जेदारी को लेकर अक्सर मंदिर के महंत और उनके शिष्यों में विवाद उत्पन्न हो जाता है। विवाद कई बार खौफनाक रूप लेकर खूनी वारदातों में बदल जाता है। मर्यादित राम की पावन नगरी आस्था और आध्यात्म के चलते पूरी दुनिया में तो जानी ही जाती है साथ ही यहा मंदिरों में महंती और संपत्ति के विवाद को लेकर खून-खराबे का भी लंबा इतिहास रहा है। पांच दशक पूर्व अयोध्या की बेहद प्रसिद्ध छावनी के महंत राम प्रताप दास की हत्या के साथ जो एक सिलसिला शुरू हुआ उसने थमने का नाम नहीं लिया और 90 के दशक के ख़त्म होने तक करीब आधा दर्जन संतों की हत्या का सिलसिला इस पौराणिक नगरी के इतिहास के पन्नों में जुड़ गया। खूनी संघर्ष की कड़ी में मंदिर पर अधिपत्य जमाने की कोशिश में साधु वेश धारियों ने हनुमत धाम के महंत रामदेव शरण पर बम से हमला कर दिया और उनकी हत्या कर दी। जिसके बाद सन 1991 में जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत की उनके ही कमरे में उसी तरह गला घोटकर हत्या कर दी गई। लगातार हो रही खूनी संघर्ष की वारदातों में सन 1995 में हनुमानगढ़ी के महंत रामाज्ञा दास पर जानलेवा हमला हुआ और एक बार फिर से साधु की साधुता पर सवाल उठे। यही नहीं नब्बे दशक का दौर ऐसा भी था कि जब राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी लाल दास की हत्या हुई तो नए पुजारी के लिए गैर आपराधिक साधु ढूंढने में नाकों चने चबाने पड़े थे। 21 जुलाई, 2013 को अयोध्या में दो महंत जमीन के एक छोटे-से टुकड़े को लेकर भिड़ गए थे। भवनाथ दास और हरिशंकर दास नाम के इन दो महंतों ने एक-दूसरे पर समर्थकों के साथ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई और दर्जन भर घायल हो गए थे। इसी दशक में अयोध्या के दबंग महंत के रूप में जाने जाने वाले महंत राम कृपाल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राम कृपाल दास की हत्या हो जाएगी इसका किसी को अंदाजा नहीं था। खूनी वारदातों की कड़ी में सन 1999 में विद्या कुंड में ही स्थित बड़ा स्थान के महंत राम कृपाल दास की भी संपत्ति के ही विवाद में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद बीते दो दशक में भी कई संतों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल उठाए। दीवानी मुकदमों से शुरू होकर फौजदारी के मुकदमों में तब्दील होने का प्रवाह अभी बंद नहीं हुआ है। आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर ने रामनगरी के बहुत से साधुओं को ग्रसित कर रखा है। कंठी माला और असलहा कारतूसों का साथ धर्मनगरी में बिखरा पड़ा है। भगवत भजन के ऐसे साधकों पर सरकार भी मेहरबान रहती है। पुलिस के रिकॉर्ड में आपराधिक धाराओं में दर्ज सरकारी सुरक्षा प्राप्त साधु सरकारी कार्यक्रमों में मंचासीन भी होते हैं। सरकारी सुरक्षा के अलावा सैकड़ों संत महात्माओं ने आत्म रक्षार्थ लाइसेंसी असलहे रखे हैं, निजी सुरक्षा गार्ड भी पाले गए हैं। मठ मंदिरों की संपत्ति और उस पर कब्जेदारी को लेकर राम की नगरी अयोध्या कई बार दागदार हुई है। देश में भगवा राजनीति के उदय के बाद यहां के कई साधु राजनीतिक ग्लैमर के मोहपाश में जकड़े हैं। तुलसी की कंठी माला के साथ कारतूसों पर हाथ फेरते जगद् गुरुओं को देखना आम आदमी के लिए कौतूहल ही है।






### 'बुराई' तब बढ़ती है जब 'अच्छे' लोग चुप रहते हैं : अर्जुन बिजलानी

**नई दिल्ली।** महिला सुरक्षा के प्रबल समर्थक अभिनेता अर्जुन बिजलानी का मानना है कि दुनिया में 'बुराई' बढ़ने का एकमात्र कारण यह है कि जब अच्छे लोग चुप रहना चुनते हैं। दूसरों को महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने और उनके सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए, अर्जुन ने कहा, दुनिया में बुराई बढ़ने का एकमात्र कारण यह है कि जब अच्छे लोग चुप रहना चुनते हैं। हममें से प्रत्येक के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने आस-पास देखे जाने वाले सभी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ डटकर खड़े रहें और जब कोई मामला महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से संबंधित हो तो निश्चित रूप से अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि जब चार हाथ किसी महिला के सम्मान को धूमिल करने के लिए उठते हैं, तो दस हाथों को उसकी रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होना चाहिए।

## मेरे सबसे अच्छे दोस्त हैं पापा, किसी भी टॉपिक पर कर सकती हूं उनसे बात : आस्था शर्मा



**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। दुनियाभर में 6 अगस्त को 'फ्रेंडशिप डे' मनाया जाएगा। इस मौके पर एक्ट्रेस आस्था शर्मा ने बताया कि उनके पिता उनके पहले सबसे अच्छे दोस्त हैं, और वह उनसे किसी भी बारे में बात कर सकती हैं।

पिता के साथ मधुर बंधन के बारे में बात करते हुए आस्था ने कहा कि मेरे पिता मेरे पहले सबसे अच्छे दोस्त हैं। वह उन लोगों की लिस्ट में पहले व्यक्ति हैं जिन्हें मैं तब कॉल करती हूं जब मैं मुसीबत में होती हूं या किसी ऐसी चीज पर राय मांगती हूं, जो मेरे लिए मायने रखती है। आस्था ने कहा कि मैं अपने पापा से दुनिया के किसी भी टॉपिक पर बात कर सकती हूं। आस्था, जो वर्तमान में 'नीरजा एक नई पहचान' में नीरजा की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा कि जब वह अपने शो की शूटिंग कर रही होती हैं तो उनके पिता हमेशा सेट पर उनके साथ मौजूद रहते हैं। आस्था ने आगे कहा कि वह मेरी तरह टेक्नोलॉजी लवर बनने की कोशिश करते हैं, और जब भी हमारे पास समय होता है तो हम फोटो खींचते है और बहुत मजा करते हैं। यह एक आशीर्वाद ही है कि मैं उनके साथ कुछ भी शेयर करने से पहले दो बार नहीं सोचती हूं। 'नीरजा' सीरियल एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें दिखाया गया है कि प्रोतिमा (स्नेहा वाघ द्वारा अभिनीत) कोलकाता के कुख्यात रेड-लाइट जिले सोनागाछी में रहते हुए अपनी बेटी नीरजा (मायरा वैकुल द्वारा अभिनीत छोटी नीरजा) के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस हद तक जाती है। जैसे-जैसे वह बड़ी होती है, नीरजा (आस्था शर्मा द्वारा अभिनीत) और एक प्रतिष्ठित परिवार के वंशज अबीर बागची (राजवीर सिंह द्वारा अभिनीत) के बीच प्यार होने लगता है।

### विश्व मौसम विज्ञान संगठन का खुलासा

## जंगल की आग व बाढ़ ने गर्मी को बना दिया अत्यधिक कष्टदायक

**जिनेवा,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने कहा कि इस साल की चिलचिलाती गर्मी, जंगल की आग और बाढ़ के कारण लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को बहुत नुकसान होगा। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएमओ के प्रवक्ता क्लेयर नुलिस ने शुक्रवार को यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि भीषण गर्मी और विनाशकारी बारिश सहित खतरनाक मौसम ने दुनिया के बड़े हिस्सों को प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि जुलाई में दुनिया भर में तापमान के कई नए रिकॉर्ड टूटे और अगस्त की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में सर्दियों में गर्मी की लहर भी देखी गई। डब्लूएमओ ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि फ्रांस, ग्रीस, इटली, स्पेन, अल्जीरिया और ट्यूनीशिया जैसे कई देशों ने दिन और रात के तापमान के नए रिकॉर्ड दर्ज किए हैं।

अमेरिका का बड़ा हिस्सा भी व्यापक गर्मी की लहरों की चपेट में है। डब्लूएमओ के गर्मी के वरिष्ठ सलाहकार जॉन नायरन ने कहा कि हमें अधिकतम तापमान से परे ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, क्योंकि न्यूनतम तापमान स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

डब्लूएमओ ने बताया कि हीटवेव सबसे घातक प्राकृतिक खतरों में से एक है, हर साल हजारों लोग गर्मी से संबंधित कारणों से मर जाते हैं, जबकि




हीटवेव का पूरा प्रभाव अक्सर हफ्तों या महीनों तक पता नहीं चलता है।

डब्ल्यूएमओ के अनुसार, आने वाले दिनों और हफ्तों में भूमध्य सागर की समुद्री सतह का तापमान असाधारण रूप से उच्च रहेगा, कुछ हिस्सों में 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक और पश्चिमी भूमध्य सागर के एक बड़े हिस्से में औसत से 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहेगा।

डब्लूएमओ का मानना है कि समुद्री हीटवेव के प्रभावों में प्रजातियों का प्रवास और विलुप्त होना, आक्रामक प्रजातियों का आगमन और मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर परिणाम शामिल हैं। शुक्रवार की प्रेस वार्ता में डब्लूएमओ के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि कनाडा जंगल की आग के कारण खराब मौसम का अनुभव कर रहा है। कनाडा में, रिकॉर्ड तोड़ जंगल की आग बड़े वन क्षेत्रों को जलाती रहती है। 24 जुलाई तक 650 से अधिक जंगल की आग नियंत्रण से बाहर थी। और इस सप्ताह की शुरुआत में डब्ल्यूएमओ ने कहा कि जंगल की आग ने 17 जुलाई के बाद से ग्रीक द्वीपों रोड्स, इविया और कोर्फू पर सैकड़ों निवासियों और पर्यटकों को निकालने के लिए मजबूर किया है।

जंगल की आग का उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारी बारिश और बाढ़ से भी दुनिया के कुछ हिस्सों में गंभीर क्षति और जानमाल की हानि हुई।

डब्ल्यूएमओ में जल विज्ञान, जल और क्रायोस्फीयर के निदेशक स्टीफन उहलेनब्रूक ने कहा कि जैसे-जैसे ग्रह गर्म हो रहा है, उम्मीद है कि हम अधिक से अधिक तीव्र, अधिक लगातार, अधिक गंभीर वर्षा की घटनाएं देखेंगे, इससे अधिक गंभीर बाढ़ भी आएगी।

डब्लूएमओ के महासचिव पेटेरी तालास ने कहा कि 'चरम मौसम - हमारी गर्म होती जलवायु में लगातार होने वाली घटना - मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्था, कृषि, ऊर्जा और जल आपूर्ति पर बड़ा प्रभाव डाल रही है'।

तालास ने कहा कि यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में जितनी जल्दी हो सके और गहराई से कटौती करने की बढ़ती तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

## नितिन देसाई की मौत पर एडलवाइस 'दु:खी, ऋण वसूली के दबाव से इनकार

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ने शनिवार को कहा कि वह मशहूर आर्ट डायरेक्टर नितिन चंद्रकांत देसाई की दुखद परिस्थितियों में मौत से से बेहद दुखी है। एडलवाइस एआरसी ने एक बयान में कहा कि उसने थीम पार्क और कार्यशील पूंजी स्थापित करने के लिए 2016-2018 में देसाई की कंपनी को कर्ज दिया था। देसाई की कंपनी को 2020 से वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है और इसकी वित्तीय स्थिति में सुधार के विभिन्न प्रयास सफल नहीं हुए। कंपनी को अंतत: 2022 में एनसीएलटी में भेजा गया और जुलाई 2023 में एनसीएलटी, मुंबई द्वारा स्वीकार किया गया। कंपनी सचिव तरुण खुराना ने बीएसई को दिए बयान में कहा कि एडलवाइस एआरसी ने आरबीआई द्वारा अनिवार्य सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया और कानूनी ढांचे के बाहर किसी भी तरीके से काम नहीं किया है। न तो ब्याज दर बहुत अधिक ली गई और न ही वसूली के



लिए उधारकर्ता पर किसी भी समय अनुचित दबाव डाला गया।

बयान में कहा गया है कि कंपनी ने बहुत अधिक पैसा और समय खर्च करके स्थापित कानूनी चैनलों के माध्यम से अपनी विस्तृत प्रक्रियाओं का पालन किया। कंपनी ने कहा कि हम अधिकारियों द्वारा ऐसी दुखद घटनाओं की जांच करने की आवश्यकता का सम्मान करते हैं और जांच प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेंगे। हमें विश्वास है कि वे यह निष्कर्ष भी निकालेंगे कि हमने कानून सम्मत काम किया है। रायगढ़ के खालापुर में अपने एन.डी. आर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड स्टूडियो में 2 अगस्त को देसाई द्वारा आत्महत्या करने के बाद एडलवाइस समूह की ओर से यह पहली प्रतिक्रिया है। इससे एक दिन पहले ही देसाई की विधवा नेहा एन. देसाई ने लगभग 252 करोड़ रुपये की ऋण वसूली के लिए एडलवाइस द्वारा 'उत्पीड़न' का आरोप लगाते हुए एक शिकायत कराई थी, जिसके कारण उन्हें अपना जीवन समाप्त करना पड़ा। शिकायत के बाद रायगढ़ पुलिस ने एडलवाइस और उसके पांच अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनोरंजन और राजनीतिक हलकों में बड़े पैमाने पर हंगामे के बाद, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ऋणों और उधारदाताओं की जांच करेगी। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने भी शुक्रवार को जांच में किसी भी राजनीतिक हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी थी। एडलवाइस ने अपने बयान में कहा कि देसाई का निधन भारतीय फिल्म उद्योग और कला जगत के लिए एक बड़ी क्षति है जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है।

## 'चंद्रमुखी 2' से कंगना रनौत का नया लुक जारी, दिखा शाही अंदाज

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपकमिंग फिल्म 'चंद्रमुखी 2' से अपने नए लुक को शेयर किया, जिसमें उन्होंने गोल्डन टच के साथ ग्रीन कलर की साड़ी पहनी हुई है। नए लुक पोस्टर में कंगना अपने प्रभावशाली और आत्मविश्वासी लुक के साथ भव्यता की आभा देते हुए भारी आभूषणों से भी सजी हुई हैं। यह 2005 की फिल्म 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है और इसका निर्देशन भी पी. वासु करेंगे।



लाइका प्रोडक्शंस ने अपने एक्स अकाउंट पर, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, कहा कि खूबसूरती और पोज, जो शिद्दत से हमारा ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। पेश है 'चंद्रमुखी-2' से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनौत का आकर्षक, प्रभावशाली और भव्यता से भरा पहला लुक। फिल्म गणेश चतुर्थी पर तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जा रहा है।

'चंद्रमुखी 2' में, कंगना राजा के दरबार में शाही नर्तकी का किरदार निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती है, राघव फिल्म में कंगना के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा, कंगना जल्द ही अपने निर्देशन में बनी फीचर फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी, जिसमें वह पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म एक ऐतिहासिक फीचर है, जो 1975-1977 के दौरान दिवंगत प्रधानमंत्री द्वारा लागू किए गए राजनीतिक आपातकाल के समय को प्रदर्शित करेगी।

## पाक की दुल्हन व भारत के दूल्हे ने ऑनलाइन रचाई शादी

**जयपुर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान की एक दुल्हन और भारत में राजस्थान के दूल्हे ने ऑनलाइन शादी की और निकाह की सभी रस्में वर्चुअल तरीके से निभाई गईं।

एक काजी ने शादी संपन्न कराई और कराची में मौजूद दुल्हन ने कहा कि कबूल है। यह खास ऑनलाइन निकाह बुधवार को जोधपुर में हुआ। जोधपुर के रहने वाले ठेकेदार मोहम्मद अफजल के छोटे बेटे अरबाज ने पाकिस्तानी महिला अमीना से शादी की है। शादी कराची में होने वाली थी लेकिन वीजा नहीं मिलने के कारण निकाह ऑनलाइन किया गया। इस अनोखी शादी में अरबाज और अमीना के परिवार वालों ने ऑनलाइन रस्में निभाईं।



दोनों परिवार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े। कार्यक्रम स्थल पर लैपटॉप के साथ दो बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई थीं। दूल्हे के पिता मोहम्मद अफजल ने कहा कि दुल्हन पाकिस्तान से जोधपुर आएगी।

वहां की लड़कियां और उनके परिवार भी जोधपुर में शादी करना चाहते हैं। वहां हमारे रिश्तेदार भी हैं। अब हम वीजा की तैयारी करेंगे। हमारे जैसे सामान्य परिवारों के लिए ऑनलाइन शादी करना सुविधाजनक है क्योंकि इसमें खर्च भी कम होता है। अगर हम निकाहनामे (विवाह प्रमाण पत्र) के साथ वीजा के लिए आवेदन करते हैं तो यह आसानी से मिल जाएगा।

## मलप्पुरम में घर पर बच्चों को जन्म देने की बढ़ रही प्रवृत्ति

**मलप्पुरम,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के मलप्पुरम जिले में समाज के एक वर्ग के बीच घर में बच्चों को जन्म देने की बढ़ती प्रवृत्ति से माताओं और शिशुओं की जान जोखिम में पड़ रही है।

सूत्रों के मुताबिक यहां तक कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी स्थानीय धार्मिक समूहों द्वारा संचालित इस प्रकार के घरेलू प्रसव केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं है। अस्पतालों के बजाय, बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं सामाजिक और धार्मिक कारणों से घरेलू प्रसव केंद्रों को चुनती हैं। इस प्रकार के अनधिकृत केंद्र प्रसव के दौरान जटिलताओं के मामले में माताओं को आपातकालीन सहायता प्रदान करने में विफल रहते हैं।

ऐसे मामलों में, डॉक्टर या स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उनके मेडिकल इतिहास के बारे में जानने से वंचित रहते हैं और साथ ही बच्चों और माताओं की सुरक्षा का भी अभाव रहता है। इससे पहले, राज्य सरकार ने केरल का एक मुस्लिम बहुल जिला मलप्पुरम में खसरा और रूबेला टीकों की खुराक देने के लिए सहयोग मांगने के लिए एक अभियान शुरू किया था।

## स्मार्ट पहनने योग्य उपकरण रक्तचाप नियंत्रण में लाते हैं क्रांति

### स्मार्टवॉच और फिटनेस ट्रैकर, में अब रक्तचाप की निगरानी करने वाली सुविधाएं शामिल

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्रौद्योगिकी रक्तचाप नियंत्रण में क्रांति ला रही है, जिससे व्यक्तियों को अपने रक्तचाप की अधिक प्रभावी ढंग से निगरानी और प्रबंधन करने में मदद मिल रही है। स्मार्ट पहनने योग्य डिवाइस, जैसे स्मार्टवॉच और फिटनेस ट्रैकर, में अब रक्तचाप की निगरानी करने वाली सुविधाएं शामिल हैं, जो वास्तविक समय डेटा प्रदान करती हैं और समय के साथ रुझानों पर नज़र रखती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ये उपकरण सुविधा और पहुंच प्रदान करते हैं, नियमित निगरानी और किसी भी विसंगति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देते हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोथोरेसिक और हार्ट सर्जरी डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि मोबाइल एप्लिकेशन और डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म




उपयोगकर्ताओं को अपने बीपी रीडिंग को रिकॉर्ड करने और विश्लेषण करने, व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि और कार्रवाई योग्य सिफारिशें प्रदान करने में सक्षम बनाकर पहनने योग्य उपकरणों के पूरक हैं। यह एकीकरण बेहतर आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देता है और समग्र हृदय स्वास्थ्य में सुधार के लिए सक्रिय जीवनशैली में बदलाव को प्रोत्साहित करता है। टेलीमेडिसिन और दूरस्थ रोगी निगरानी भी बीपी प्रबंधन में मूल्यवान उपकरण के रूप में उभरे हैं। मरीज वस्तुत: स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों से परामर्श कर सकते हैं, व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं और अपने बीपी की दूर से निगरानी कर सकते हैं, जिससे देखभाल की पहुंच और सुविधा बढ़ जाती है, खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में। गोयल ने कहा कि प्रौद्योगिकी की निरंतर प्रगति के साथ रक्तचाप में उतार-चढ़ाव और संभावित जटिलताओं की भविष्यवाणी करने और रोकने के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण और एआई एल्गोरिदम का पता लगाया जा रहा है। ये नवाचार एक ऐसे भविष्य का वादा करते हैं, जहां सटीक दवा और व्यक्तिगत हस्तक्षेप रक्तचाप नियंत्रण को अनुकूलित कर सकते हैं और बेहतर हृदय संबंधी परिणामों को बढ़ावा दे सकते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी कि सुरक्षित और प्रभावी रक्तचाप प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निर्भरता और पेशेवर चिकित्सा सलाह के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। अमेरिकी इंजीनियरों ने हाल ही में एक सरल, कम लागत वाली क्लिप विकसित की है जो उपयोगकर्ता की उंगलियों पर रक्तचाप की निगरानी के लिए स्मार्टफोन के कैमरे और फ्लैश का उपयोग करती है।

## 49 साल की हुई काजोल

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल आज 49 वर्ष की हो गई। 5 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मी काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमु मुखर्जी निर्माता जबकि मां तनुजा जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण काजोल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कान्वेंट पंचगनी से की। इसके बाद उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म 'बेखुदी' से की। युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका कमल सदाना ने निभायी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। वर्ष 1993 में काजोल को अब्बास-मुस्तान की फिल्म 'बाजीगर' में काम करने का अवसर मिला। इस



फिल्म में उनके नायक की भूमिका शाहरूख खान ने निभायी थी। यूं तो पूरी फिल्म शाहरूख खान पर केन्द्रित करके बनायी गई है लेकिन काजोल ने अपने दमदार अभिनय से दर्शको का दिल जीत लिया। वर्ष 1994 काजोल के सिने करियर में अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी उधार की जिंदगी, ये दिल्लगी और करण अर्जुन जैसी फिल्म प्रदर्शित हुई।

उधार की जिंदगी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन काजोल ने अपने दमदार अभिनय से दर्शको का दिल जीत लिया वही बांबे फिल्म जर्नलिस्ट ऐशोसियेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गई।

## आजादी के दीवानो ने यहां की जमीन को गोरों के लहू से सींचा था

**लखनऊ/महोबा,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। शौर्य व पराक्रम के लिए दुनिया में विख्यात बुंदेलखंड का स्वाधीनता संग्राम में हिस्सेदारी का एक गौरवशाली अध्याय है। आजादी की लड़ाई में महोबा जिले के मुट्ठी भर क्रान्तिकारियों ने अभूतपूर्व शूर वीरता दिखाते हुए अंग्रेज सेना के करीब 300 जवानों का कत्लेआम कर उनके लहू से यहां की मिट्टी को सींचा था जिसके चश्मदीद गवाह जैतपुर कस्बे का 'गोरा तालाब' भी है।

बुंदेली क्रांतिवीरों के इस रौद्र रूप को देख तब गोरी हुकूमत की न सिर्फ चूलें हिल गई थीं बल्कि यहां विंध्य क्षेत्र में अपना आधिपत्य जमाने के मंसूबे पालने वाले अंग्रेज हुक्मरानों को एकबारगी उल्टे पांव भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर देश में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव में बुंदेलखण्ड के क्रांतिकारियों की गौरव गाथा का स्मरण उतना ही आवश्यक है जितना कुछ और। आजादी के आंदोलन की सन 1857 में फूटी चिंगारी ने मध्य भारत के इस इलाके में ही ज्वाला का रूप धारण किया था। बुंदेलखंड केशरीए महान प्रतापी नरेश महाराजा छत्रसाल के वीर यशस्वी पुत्र जगतराज की अगुआई में यहां मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए जो संघर्ष किया गया वह अप्रतिम तो था



**आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव में बुंदेलखण्ड के क्रांतिकारियों की गौरव गाथा का स्मरण**

साथ ही गौरव गाथा के रूप मे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाप्रद बन गया।

जैतपुर के संदर्भ में झांसी के बरुआसागर निवासी इतिहासकार स्वर्गीय राम सेवक रिछारिया ने अपने शोध ग्रंथ में स्पष्ट उल्लेख किया है कि मध्य भारत का यह जंगली इलाका आजादी के दीवानों सर्वाधिक सुरक्षित ठिकाना था। यह देश प्रेमियों की रियासत कहलाती थी। क्रांतिकारियों के समूह यहां आसपास के विभिन्न स्थानों में शरण लिया करते थे और अपनी कार्य योजना को तय करने के लिए वह धौंसा मन्दिर में अक्सर बैठकें किया करते थे। इस बात की भनक लगने पर गोरी सरकार तिलमिला उठी थी। तब उसने विद्रोहियों के दमन के लिए सेना की एक बड़ी टुकड़ी को जैतपुर भेजा था। शोध के मुताबिक क्रांतिकारियों को किसी प्रकार इसकी सूचना मिल गई थी जिसके बाद उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से धौंसा मन्दिर के निकट ही एक स्थान पर अंग्रेजो की उक्त सैन्य टुकड़ी को चारो ओर से घेर कर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना में कोई तीन सौ अंग्रेज मारे गए थे जिनके खून से उक्त स्थल लबालब हो गया था। यही स्थान कालांतर में गोरा तालाब कहलाने लगा। क्षेत्रीय प्रमुख समाजिक कार्यकर्ता महेंद्र राजपूत बताते है कि जैतपुर से बिहार जाने वाली सड़क में बेलाताल रेलवे स्टेशन के निकट स्थित 'गोरा तालाब' का क्षेत्रफल लगभग तीन एकड़ का है। इसके घाट में लगे पत्थरों में उकेरे गए कतिपय चिन्ह इसके महत्व का एहसास कराते है लेकिन आजादी की जंग से जुड़ी स्मृतियों का मोके पर कोई प्रामाणिक अवशेष न होने के कारण यह गुमनामी का दंश झेल रहा है। वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी कहते है कि बुन्देलखण्ड के कण कण का वीरोचित इतिहास है। आजादी के अमृत महोत्सव काल मे जैतपुर के गोरा तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाता तो यह स्वाधीनता के रण बांकुरों को सच्ची श्रद्धांजलि होती।

KOTHIWAL DENTAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE
Moradabad (U.P.),



All India NEET qualified candidates are invited for (BDS/MDS) admission through UPNEET UG/PG 2023 counseling

BDS 24th Batch

Recognised by Dental Council Of India & Affilated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow

MDS 18th Batch In all Nine Specialities

Contact Immediately for Admission- 8006426860, 9412244680, 9897031522, 9319082837
www.kothiwaldentalcollege.com | E-mail : kothiwaldentalcollege@gmail.com

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## एफपीआई ने सात सत्र में 8,545 करोड़ के शेयर बेचे




**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। लगातार तीन महीने तक भारतीय पूंजी बाजार में पैसा लगाने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अब बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने बताया कि पिछले सात कारोबारी सत्रों के दौरान एफपीआई ने 8,545 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज तेजी से बढ़कर चार प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। इससे उभरते बाजार वाले देशों में पूंजी प्रवाह निकट भविष्य में नकारात्मक रहने की आशंका है। एफपीआई ने भारतीय बाजार में पिछले तीन महीने में कुल 1,37,603 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिकी बांड पर ब्याज ऊंची बनी रहती है तो एफपीआई द्वारा बिकवाली जारी रखने या कम से कम खरीदारी से परहेज करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एफपीआई ने ऑटो, पूंजीगत सामान और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में निवेश जारी रखा है। इसके अलावा एफपीआई की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि उन्होंने आईटी शेयरों में खरीददारी शुरू कर दी है। इस सेक्टर में पहले वे बिकवाली कर रहे थे। यह हाल में आईटी शेयरों में आई मजबूती को दिखाता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि मजबूत मांग के कारण भारत की सेवा गतिविधियों का माह-दर-माह सूचकांक तेजी से बढ़कर 62.3 पर पहुंच गया जो 13 साल में सबसे तेज वृद्धि दर है। इसके कारण लगातार तीन दिन तक बिकवाली का दबाव झेलने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को कुछ राहत देखी गई।

## सरकार ने लैपटॉप कंपनियों को दी राहत, आयात की इजाजत

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े आइटम को लेकर शुक्रवार को जो बड़ा फैसला लिया था फिलहाल उस पर रोक लगा दी है। इससे कंपनियों को आयात करने के लिए तीन महीने का समय मिल गया है। अब इन कंपनियों को एक नवंबर से उपकरणों को आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की शुक्रवार देर रात जारी अधिसूचना में अब उलटफेर हो गया है। इसमें किसी भी इकाई को बिना लाइसेंस के लैपटॉप, कंप्यूटर और संबंधित वस्तुओं को आयात करने की अनुमति नहीं थी। एक अधिसूचना में कहा गया है कि अब सरकार ने लैपटॉप पर लगाया गया बैन 1 नवंबर से लागू करने का फैसला किया है। ऐसे में लैपटॉप कंपनियों को करीब 3 महीने की राहत मिल गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि 'लाइसेंस के बिना टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर की आयात खेपों को 31 अक्टूबर, 2023 तक मंजूरी दी जा सकती है।' केंद्र ने कहा है कि यह प्रतिबंध सुरक्षा कारणों और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए लगाए गए थे।

## 76 फीसदी लोग चाहते हैं कि लिफ्ट रखरखाव के लिए अनिवार्य नियम बनाए सरकार

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। देश में 76 फीसदी लोग चाहते हैं कि सरकार लिफ्ट रखरखाव के लिए अनिवार्य मानक लाए। शनिवार को आई एक रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। ऑनलाइन कम्युनिटी प्लेटफॉर्म लोकलसर्कल्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन सालों में लिफ्ट का इस्तेमाल करने वाले छह में से लगभग एक व्यक्ति के परिवार का एक या अधिक सदस्य लिफ्ट में फंस गया है। केवल 46 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनका निर्माता के साथ वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) है। नोएडा के सेक्टर 137 में पारस टिएरा सोसायटी में 70 वर्षीय महिला की लिफ्ट में फंसने से मौत के बाद ये रिपोर्ट आयी है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि लिफ्ट रखरखाव के लिए अनुबंध जून में समाप्त हो गया था। लोगों के लिफ्टों में फंसने, लिफ्टों के गिरने की ऐसी घटनाएं न केवल आवासीय सोसाइटी, बल्कि कार्यालय भवनों, शॉपिंग मॉल, कारखानों और कई अन्य प्रकार के प्रतिष्ठानों में आम हैं। एक अन्य मामले में, पिछले हफ्ते, पुणे में 10 साल से कम उम्र के दो बच्चे एक लिफ्ट में चमत्कारिक रूप से बच गए, जब लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ऐसी घटनाएं आम हैं। लोकलसर्किल्स ने भारत के 329 जिलों में रहने वाले 42,000 से अधिक लोगों पर सर्वेक्षण किया। लिफ्ट वाली इमारतों में रहने वाले कुल 13,333 लोगों ने लिफ्ट में फंसने के मुद्दे पर प्रश्न का उत्तर दिया। लिफ्टों का रखरखाव कैसे किया जाता है, इस पर अन्य 13,954 लोगों ने किस सवाल का जवाब दिया। लगभग 46 प्रतिशत ने कहा कि लिफ्ट का रखरखाव निर्माता द्वारा किया जा रहा है; 42 प्रतिशत ने साझा किया कि इसका रखरखाव तीसरे पक्ष के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है; 7 प्रतिशत ने दावा किया कि इसका रखरखाव सोसायटी



स्टाफ/अन्य कर्मचारियों द्वारा किया जाता है और 5 प्रतिशत ने कहा कि कोई भी इसका रखरखाव नहीं करता है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर कॉल पर लोग आते हैं। लोकलसर्किल्स ने ये भी पूछा कि लिफ्ट का बेहतर रखरखाव कैसे किया जाए। 14,973 में से 76 प्रतिशत ने साझा किया कि सरकार को लिफ्ट रखरखाव के लिए अनिवार्य मानक बनाने चाहिए और इसे लागू करना चाहिए।

यह देखते हुए कि अधिकांश नई इमारतों और अपार्टमेंट परिसरों में लिफ्ट है, यह महत्वपूर्ण है कि सरकार न केवल लिफ्टों की प्रोटोकॉल बल्कि रखरखाव के लिए भी अनिवार्य नियम बनाए।

## अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी एस्ट्रा ने की 25 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** अंतरिक्ष कंपनी एस्ट्रा ने अपने कुल कार्यबल में लगभग 25 प्रतिशत की कटौती की है यानी लगभग 70 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। प्रभावित कर्मचारियों ने मुख्य रूप से कंपनी के लॉन्च, एसजीएंडए और शेयर सर्विस फंक्शन का समर्थन किया। एस्ट्रा स्पेस ने अपने बढ़ते कस्टमर बेस और अपने अंतरिक्ष यान इंजनों के ऑर्डर बैकलॉग का समर्थन करने के लिए लॉन्च सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन से अपने एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन बिजनेस में अपने वर्कफोर्स के स्ट्रेटेजिक रिएलोकेशन की घोषणा की। एस्ट्रा ने पिछली बार एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन के 278 कम्युलेटिव कमिटेड ऑर्डर की घोषणा की थी, जो लगभग 77 मिलियन डॉलर कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू का प्रतिनिधित्व करता है। एक बयान में कहा गया, एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन बिजनेस के समर्थन में, एस्ट्रा ने लॉन्च सर्विसेज से लेकर स्पेस प्रोडक्ट्स तक लगभग 50 इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग पर्सनल को फिर से रिएलोकेटेड किया है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ क्रिस केम्प ने कहा, 'हम अपने कस्टमर्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर गहनता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हमारे पास अपने निकट अवधि के अवसरों पर अमल करने के लिए पर्याप्त रिसोर्सेज और पर्याप्त फाइनेंसियल रनवे है।' प्रारंभिक दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों के अनुसार, एस्ट्रा का राजस्व 0.5 से 1 मिलियन डॉलर के बीच होने की उम्मीद है, जबकि हाथ में केवल 26 से 26.5 मिलियन डॉलर कैश है। एस्ट्रा, अमेरिका में स्थित एक रॉकेट स्टार्टअप, जो 2021 में सार्वजनिक हुआ, ने सिकुड़ते फाइनेंसियल रनवे को बढ़ाने और खर्चों को कम करने के लिए एक व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में पिछले साल अपने 16 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया।

## महिंद्रा विवि ने दूसरे वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातक छात्रों को डिग्री प्रदान की

**हैदराबाद,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। महिंद्रा यूनिवर्सिटी को अपने दूसरे वार्षिक दीक्षांत समारोह के जश्न की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और समग्र शिक्षा की परिणति का प्रतीक है। भव्य कार्यक्रम 5 अगस्त को सुरम्य महिंद्रा विश्वविद्यालय परिसर में हुआ, जहां विश्वविद्यालय समुदाय अपने उत्कृष्ट स्नातकों की उपलब्धियों का सम्मान करने और उन्हें मान्यता देने के लिए एक साथ आया। महिंद्रा विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने, भविष्य के नेताओं को सशक्त बनाने और एक जीवंत शैक्षणिक समुदाय का पोषण करने की संस्थान की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से विश्वविद्यालय ने शिक्षा को फिर से परिभाषित करने और ऐसे व्यक्तियों को विकसित करने का प्रयास किया है जो अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं - तीन पीएचडी छात्रों, 22 एम.टेक और 262 बी.टेक छात्रों के प्रतिभाशाली समूह ने इस वर्ष स्नातक किया है। ग्रांडी मल्लिकार्जुन राव और रोनी स्क्रूवाला द्वारा लाइफ साइंसेज लैब कॉम्प्लेक्स और महिंद्रा ई-हब के उद्घाटन से इस कार्यक्रम को और समृद्ध बनाया गया। दीक्षांत समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति देखी गई, जो स्नातक वर्ग को प्रेरित करने और बधाई देने के लिए एक साथ आए। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में आनंद महिंद्रा, चांसलर, महिंद्रा यूनिवर्सिटी, मुख्य अतिथि ग्रांधी मल्लिकार्जुन राव, चेयरमैन, जीएमआर ग्रुप और गेस्ट ऑफ ऑनर, रोनी स्क्रूवाला, चेयरमैन, अपग्रेड, विनीत नैय्यर, चेयरमैन एमईआई, की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के प्रबंधन बोर्ड के सीपी गुरनानी, टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और सीईओ, टेक महिंद्रा के एमडी और सीईओ मोहित जोशी, महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. यजुलु मेदुरी और अन्य सम्मानित बोर्ड सदस्य भी उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### प्रॉपटेक कंपनियों में निवेश घटा

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्रॉपटेक कंपनियों में वर्ष 2022 में निवेश में कुछ कमी आयी और यह 71.9 करोड़ डॉलर रहा जबकि प्रॉपटेक सेक्टर में 2009 से 2022 के बीच 49 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ करीब 4 अरब डॉलर का सकल निवेश हुआ। प्रोपर्टी क्षेत्र से जुड़े प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉटकॉम द्वारा इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। हालाँकि प्रॉपटेक कंपनियों में पिछले साल 74.2 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था। लेकिन कुछ श्रेणी में निवेशकों की काफी रुचि नजर आई जैसे शेयर्ड इकॉनमी प्लेटफॉर्म (को-लिविंग और को-वर्किंग ने कुल फंड में 64 प्रतिशत का निवेश हुआ) कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करने वाली प्रॉपटेक कंपनियों को वर्ष 2022 में कुल फंडिंग का 15 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त हुआ। कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूलों और कॉलेजों के अस्थायी बंदी के कारण आसन्न चुनौतियों के बावजूद को-लिविंग सेगमेंट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों के फिर से खुलने के साथ उल्लेखनीय वृद्धि की।

### 2023 की पहली छमाही में मूल रूप से संतुलित रहा चीन का भुगतान संतुलन

बीजिंग। चीनी राष्ट्रीय विदेशी मुद्रा प्रशासन द्वारा 4 अगस्त को जारी वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही में भुगतान संतुलन विवरण के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 2023 की पहली छमाही में चीन का भुगतान संतुलन मूल रूप से संतुलित रहा है। इनमें चालू खाते का अनुकूल संतुलन 1 खरब 46 अरब 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, इसकी तुलना इसी अवधि के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.7 फीसदी से की जाती है। डेटा के दृष्टिकोण से देखा जाए तो वर्ष की पहली छमाही में चीन का भुगतान संतुलन कैलिबर माल में व्यापारिक अनुकूल संतुलन 2 खरब 93 अरब 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले कुछ वर्षों में इसी अवधि में दूसरा सबसे बड़ा मूल्य है। सेवा व्यापारिक प्रतिकूल संतुलन 1 खरब 2 अरब 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें यात्रा और परिवहन मुख्य घाटे वाली वस्तुएं थीं।

### भावनगर में पांच रेल कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

भावनगर। पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल के पांच रेल कर्मचारियों को जुलाई-2023 के दौरान उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद के अनुसार सतर्कता एवं सजगता से रेल संरक्षा (सेफ्टी) में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रदीप नरशी बिनोद कुमार (पी. , सूरज कुमार (स्टेशन मास्टर-निंगाला), मुकेश कुमार (उप स्टेशन अधीक्षक ङ्क लिलिया मोटा) और देवेन्द्र सिंह (उप स्टेशन अधीक्षक ङ्क चुडा) को वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अभिनव जेफ द्वारा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एफडीडीआई ने मनाया आईएनआई दिवस

**नई दिल्ली**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली एनसीआर के नोएडा में स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफडीडीआई) ने 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' (आईएनआई) दिवस मनाया। संस्थान ने आज जारी बयान में कहा कि एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार सिन्हा ने इस दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भविष्य की परियोजनाओं के बारे में बताया। श्री सिन्हा ने प्रतिभाशाली व्यक्तियों को विकसित करने और एक रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने वैश्विक डिजाइन समुदाय में एफडीडीआई के दायरे को और बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से भी अवगत कराया। इस दौरान एक परिचर्चा भी आयोजित की गयी जिसमें संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव बताये और उद्योग की जानकारी दी। इसके बाद विभिन्न स्कूलों - फुटवियर डिजाइन, फैशन डिजाइन, लेदर लाईफ स्टाईल और प्रोडक्ट डिजाइन तथा रिटेल और फैशन मर्चेंडाइज के छात्रों द्वारा शो आयोजित किया गया। इस मौके पर एफडीडीआई के सचिव कर्नल पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि एफडीडीआई में आईएनआई दिवस रचनात्मकता, नवाचार, पुनर्मिलन और सहयोग का उत्सव था, जो डिजाइन उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर देता है।




## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## दो और शीर्ष अधिकारियों ने ओला इलेक्ट्रिक छोड़ी

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अगले साल के आरंभ में आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी ओला इलेक्ट्रिक के दो और शीर्ष अधिकारियों ने कंपनी छोड़ दी है। मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, रणनीति और योजना के प्रमुख स्लोकार्थ डैश और विकास तथा कॉर्पोरेट मामलों के प्रमुख सौरभ शारदा ने कंपनी छोड़ दी है। ओला ने एक बयान में कहा कि स्लोकार्थ और सौरभ ने सात साल से अधिक समय तक कंपनी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हालाँकि, कंपनी ने इस बात से इनकार किया कि सीएक्सओ-स्तर के और सदस्य कंपनी छोड़ने की तैयारी में हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, भारत भविष्य में तकनीक का केंद्र है और शीर्ष वैश्विक प्रतिभाएं उत्सुकता से हमारी जैसी नए युग की कंपनियों में शामिल हो रही हैं। हमारी विश्व स्तरीय टीम के प्रयासों की बदौलत ओला भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी है।'



ओला इलेक्ट्रिक ने 13.6 करोड़ डॉलर (लगभग 1,116 करोड़ रुपए) का परिचालन घाटा और 33.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,750 करोड़ रुपए) का राजस्व दर्ज किया है, जो सार्वजनिक रूप से घोषित राजस्व लक्ष्य से काफी कम है। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कंपनी ने स्त्रङ्ग23 में डेढ़ लाख से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री की सूचना दी है। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले दो महीने में ओला इलेक्ट्रिक ने राजस्व के मामले में 500 करोड़ रुपए को पार करने का दावा किया और साल के अंत तक एक अरब डॉलर को पार करने की राह पर था। इस बीच, प्रमुख अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधक वैनगार्ड ने राइड-हेलिंग प्रमुख ओला में अपनी हिस्सेदारी को आधे से अधिक कम कर दिया है, जिससे भाविश अग्रवाल द्वारा संचालित कंपनी का मूल्यांकन 2021 के अंत में 7.3 अरब डॉलर से घटकर लगभग 3.5 अरब डॉलर तक कम हो गया है1, पहले टेकक्रंच के अनुसार प्रतिवेदन।

## नेशनल हैंडलूम डे पर भारतीय बुनकरों को सलाम, मेड इन इंडिया डी2सी ब्रांड हैं चैंपियन

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में हैंडलूम फैशन ने एक समृद्ध संस्कृति और विरासत के माध्यम से अपना रास्ता बुना है। ये डिजाइन पीढ़ियों से चले आ रहे हैं और यह भारत का कारीगर समुदाय है, जो आज के फैशन कंज्यूमर्स की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप समसामयिक डिजाइनों के माध्यम से इसे जीवित रखता है। सूती इक्कत बुनाई से लेकर मुलायम रेशम साड़ियों तक, भारत के उत्तम हैंडलूम ने दुनिया को हैरान कर दिया है। जैसा कि हम भारत की विभिन्न लुप्त होती कलाओं को जीवित रखने में अपार योगदान के लिए बुनकरों को सम्मान देते हैं, इस आठवें हैंडलूम डे पर हमने मिंत्रा से अपने पसंदीदा मेड-इन-इंडिया डी2सी ब्रांडों को चुना है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और कपड़ा विरासत को आगे ले जा रहे हैं।

रनवे आइकॉन्स, मिंत्रा राइजिंग स्टार्स और मिंत्रा फॉर अर्थ समेत ई-कॉमर्स कंपनी के प्रस्ताव इन ब्रांडों के लिए खोज के माध्यम के रूप में काम कर रहे हैं, जो हैंडलूम बुनाई के प्रेमियों के साथ गहरा जुड़ाव बना रहे हैं। मिंत्रा रनवे आइकॉन्स से अपापी सदियों पुरानी परंपरा का एक प्रतीक है। आकर्षक रंगों और नॉर्थ-ईस्ट के यूनिक मोटिफ्स का इस्तेमाल करके डिजाइन किए गए आउटफिट्स, जो आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते, अपापी यह सुनिश्चित करता है कि उनके ग्राहकों को हस्तनिर्मित बुनाई वाले आउटफिट्स आसानी से उपलब्ध हो। अपने खादी बुनाई, रेशम और कॉटन कलेक्शन के माध्यम से, अपापी साड़ी लवर्स को हैंडलूम की शुद्धता और जादू प्रदान करता है। बुनाई की प्रक्रिया भारत में सदियों पुरानी परंपरा और शिल्प की प्रामाणिकता का उत्सव है और अपापी प्रयासों के साथ सुंदर विरासत को आगे ले जा रही है।



कच्चे धागे, ट्रेडेशनल बोल्डनेस और सिम्पलिसिटी का जश्न मनाने के लिए सुता के डिजाइन दिल जीत रहे हैं। सुता का अर्थ है- 'धागा', यह ब्रांड के अपने क्रिएशन को बुनने की प्रेरणा का आधार है और भारत के क्राफ्ट और ट्रडेशन की याद दिलाता है। साधारण, लेकिन सामयिक डिजाइन बनाने का उनका प्रयास भारतीय हैंडलूम इंडस्ट्री के बड़े पैमाने पर विकास को भी बढ़ावा दे रहा है। सुता के हैंडलूम कलेक्शन की रेंज, ज़री प्योर लिनेन, प्योर कॉटन, बुने हुए डिज़ाइन से लेकर मलमल तक, किसी के व्यक्तित्व में सुंदरता और क्लास जोड़ते हैं। मिंत्रा रनवे आइकॉन्स की ओर से त्रिया हैंडलूम को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने के मिशन पर है। भारत के बुनकर समुदायों को समर्थन देने, बनाए रखने और विकसित करने और भारतीय कपड़ों को ग्लोबल बनाने का त्रिया का मिशन हमारे कारीगरों और शिल्पकारों को दुनिया भर से मिलने वाले प्यार से उपजा है। ये कारीगर हमारी संस्कृति और विरासत को जीवित रखने में अग्रणी हैं और यह ब्रांड बनारसी, मुगा, जामदानी और भागलपुरी सहित अपनी कुछ खूबसूरत हैंडलूम बुनाई के माध्यम से हमारे जीवन में भारतीय वस्त्रों की समृद्ध विरासत को बुनने की दिशा में कदम उठा रहा है।

मिंत्रा हाउस ऑफ ब्रांड्स की तावी हजारों कारीगरों का समर्थन कर रही है

ब्रांड पारंपरिक शिल्प को आधुनिक फैशन में ढालता है, जिससे वे भारतीय युवाओं के लिए अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। अपने इकत, कलमकारी, बगरू, अजरख, सांगानेरी और ऐसे कई अन्य कलेक्शन के साथ, तावी पारंपरिक भारतीय फैब्रिक डिजाइन और प्रक्रिया के लुप्त हो रहे स्वरूप को एक आधुनिक फैशन पहचान के साथ पूरक करके और इसे एक नए और व्यापक रूप में उजागर करके फिर से जीवंत करने में सहायता कर रहा है।

मिंत्रा रनवे आइकन्स पर चारुकृति के सुंदर शिल्प और पारंपरिक भारतीय कृतियों के चित्रण का अनुभव करें।

भारतीय संस्कृति की खोज करने के जुनून और फैशन के माध्यम से भारतीय विरासत को दुनिया भर में ले जाने की प्रतिबद्धता के साथ, इस ब्रांड की कृतियों में भूमि, पानी और हवा का अपना स्पर्श और सुगंध है। टांट, कॉटन से लेकर सिल्क तक के कलेक्शन, समृद्ध और विविध देश के भीतरी इलाकों के उन प्रतिभाशाली हाथों और मुस्कुराते चेहरों को सम्मान हैं।

# खेल जगत

## विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं अदिति

**बर्लिन,** 5 अगस्त (एजेंसियां) युवा भारतीय तीरंदाज़ अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किए। पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। इससे पूर्व, 17 वर्षीय अदिति ने सेमीफाइनल में अपनी हमवतन ज्योति को 149-145 से हराया। ज्योति ने हालांकि इस हार से शानदार तरीके से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में तुर्कीये की इपेक तोमरुक को 150-146 से मात दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अदिति, ज्योति और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण जीता था।



# वापसी के लिए भारत का लक्ष्य बल्लेबाजी विभाग में करना होगा बेहतर प्रदर्शन



जॉर्जटाउन (गयाना), 5 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज से टी-20 सीरीज के पहले मैच में चार रन से हार के बाद, भारत जब दूसरे टी-20 मैच में रविवार को यहां प्रोविडेंस स्टेडियम में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा तो उसका लक्ष्य बल्लेबाजी विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पिच धीमी थी और बल्लेबाजी करना आसान नहीं था, लेकिन युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने पदार्पण पर ही चमक बिखेरी। आईपीएल 2022 और 2023 के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली, वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहली तीन गेंदों का सामना करते हुए दो खूबसूरत छक्के लगाए।

शुभमन गिल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी शुरुआती टी20 में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे, ऐसे में वर्मा ने युवाओं की निडरता दिखाई और अपनी 22 गेंदों में 39 रन की पारी के दौरान सहज दिखे, जिससे भविष्य के लिए एक अच्छी झलक मिलती है। पहले टी20 में, कोई यह तर्क दे सकता है कि भारत के पास निचले क्रम में बाउंड्री मारने वाले खिलाड़ी नहीं होने के कारण उन्हें लाइन पार करने में असमर्थता का सामना करना पड़ा, खासकर आठवें नंबर से शुरू होने वाले पुछल्ले बल्लेबाजों के कारण अंतिम एकादश का संतुलन बिगड़ गया।

वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 12 महीने से भी कम समय बचा है, इस श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के विभिन्न खिलाड़ियों का प्रदर्शन सबसे कम समय में मेगा इवेंट के लिए चुने जाने पर बहुत महत्व रखता है। गयाना की पिचें धीमी हैं, जिसका मतलब है कि धीमी गेंदों वाले स्पिनरों और तेज गेंदबाजों का महत्व बढ़ गया है, हालांकि रविवार के मुकाबले में छिटपुट तूफान के कारण व्यवधान उत्पन्न होने की भविष्यवाणी की गई है। वेस्टइंडीज, जो मुख्य रूप से जेसन होल्डर के 2-19 के शानदार स्पैल और अंतिम ओवर में रोमारियो शेफर्ड के 10 रनों के बचाव के कारण जीत हासिल करने में सफल रहा, अकील होसेन का समर्थन करने के लिए एक और स्पिनर को जोड़ने पर विचार कर सकता है। बल्ले से, वे निकोलस पूरन और कप्तान रोवमैन पॉवेल को पर्याप्त समर्थन देने के लिए दूसरों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे, जो पहले टी20 में उनके लिए शीर्ष दो रन-स्कोरर थे और वर्तमान 1-0 श्रृंखला स्कोरलाइन में एक और जीत जोड़ देंगे।

**भारत :** इशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उप-कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरॉन हेटमाएर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकॉय, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशेन थॉमस

# पीसीबी वनडे विश्व कप में दबाव से निपटने के लिए टीम के साथ भेज सकता है मनोवैज्ञानिक



**लाहौर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में होने वाले आगामी 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के दबाव से निपटने के लिए बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के साथ एक मनोवैज्ञानिक भेजने पर विचार कर रहा है। क्रिकेट पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेगा इवेंट से पहले टीम के साथ एक मनोवैज्ञानिक रखने का कदम मुख्य रूप से अधिकांश मौजूदा खिलाड़ियों के पास भारत में क्रिकेट खेलने का अनुभव नहीं होने के साथ-साथ मीडिया प्रचार और जनता के कारण है। उम्मीदें खिलाड़ियों पर दबाव डाल रही हैं।

इसलिए, एक मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वह टीम के साथ पड़ोसी देश में जाएंगे और महत्वपूर्ण क्षणों में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे, उन्हें किसी भी डर से बचाएंगे।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के लिए एक मनोवैज्ञानिक को नियुक्त करने के विकल्प तलाशे जा रहे हैं, जिसमें मेगा इवेंट के लिए टीम के प्रस्थान से पहले खिलाड़ियों के साथ सत्र होने की संभावना है। 2012 में, जब पाकिस्तान ने द्विपक्षीय सफेद गेंद श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया, तो मकबूल बाबरी टीम के खेल मनोवैज्ञानिक थे। पाकिस्तान और भारत के बीच टी20 सीरीज़ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई, जबकि पाकिस्तान ने वनडे सीरीज़ 2-1 से जीती।

सलमान बट और मोहम्मद आसिफ के साथ 2010 स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने और यूनाइटेड किंगडम में जेल की सजा काटने के बाद पाकिस्तान लौटने पर बाबरी मोहम्मद आमिर के परामर्श सत्र के लिए खेल मनोवैज्ञानिक भी थे। विश्व कप में टीम की भागीदारी पर रिपोर्ट में कहा गया है, पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को चैनलों के माध्यम से सकारात्मक संकेत मिले हैं। एक बार सुरक्षा मंजूरी मिल जाने के बाद, टीम सीमा पार यात्रा करेगी। मौजूदा स्थिति का आकलन करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की भी संभावना है। इसमें यह भी कहा गया है कि केंद्रीय अनुबंधों के लिए पर्याप्त वेतन वृद्धि का भी प्रस्ताव किया गया है, पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ, जो 2012 में इस भूमिका में थे, लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से लौटने के बाद टीम से जुड़े मामलों पर बाबर आजम से मिलने के लिए तैयार हैं।

## जापान महिला विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में



**वेलिंगटन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में शनिवार को नॉर्वे को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में इंग्रिड सिर्स्टान एन्जेन ने 15वें मिनट में गोल जमाकर जापान को बढ़त दिलाई, हालांकि नॉर्वे ने 20वें मिनट में गुरो रेइटेन के गोल से बराबरी कर ली। पहले हाफ में स्कोर बराबर रहा लेकिन दूसरे हाफ में रिसा शिमिज़ू (50वां मिनट) और हिनाटा मियाज़ावा (81वां मिनट) के गोलों की मदद से जापान ने जीत हासिल कर ली।

जापान के लिये 50वें मिनट में बढ़त लेना मुश्किल हो सकता था लेकिन शिमिज़ू ने नॉर्वे के बॉक्स में एक खराब पास दिशा दिखाकर गोल में तब्दील किया। नॉर्वे ने 2-1 से पिछड़ने के बाद आखिरी 15 मिनटों में वापसी करनी चाही लेकिन इससे उसका डिफेंस कमज़ोर पड़ गया। मियाज़ावा ने इस कमज़ोरी का फायदा उठाया और आओबा फुजीनो की मदद से जापान का तीसरा गोल कर दिया। मियाज़ावा इस गोल के साथ जर्मनी की कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप को पीछे छोड़कर विश्व कप 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गयीं। साल 1995 की विश्व चैंपियन नॉर्वे नौ विश्व कप अभियानों में केवल तीसरी बार क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से बाहर हुई है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये जापान को स्वीडन या अमेरिका में से किसी एक का सामना करना होगा।

## भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला शीर्ष ड्रा में शामिल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत द्विपक्षीय मीडिया अधिकार बोली के तहत आने वाले लगभग आधे अंतरराष्ट्रीय मैच, जिनकी निविदा 2 अगस्त को जारी की गई थी, सितंबर 2023 से मार्च 2027 तक के चक्र में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाएंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आगामी प्रसारण चक्र के तहत आने वाले मैचों में भारत को घरेलू मैदान पर 88 मैच खेलने हैं, जिनमें से 39 मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होंगे।



भारतीय मीडिया अधिकार प्रसारण चक्र, जिसमें घरेलू कैलेंडर भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ मैचों के साथ शुरू होता है - इस साल सितंबर में तीन वनडे और नवंबर में पांच टी20। तीन वनडे मैच 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2023 पुरुष वनडे विश्व कप से पहले हैं, जबकि पांच टी20 मैच 19 नवंबर को मेगा इवेंट के समापन के बाद होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया जनवरी-मार्च 2027 में पांच टेस्ट मैचों के लिए भारत आएगा, साथ ही उसी साल नवंबर-दिसंबर में तीन वनडे और पांच टी20 मैच भी खेलेगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने आएगा, जिसके आयोजन स्थल हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला हैं।

वे 2025 के जनवरी और फरवरी में आठ सफेद गेंद मैचों - तीन एकदिवसीय और पांच टी 20 में भाग लेने के लिए 12 महीने बाद भारत लौटते हैं। प्रसारण चक्र 2028 के जनवरी से मार्च में इंग्लैंड द्वारा भारत में पांच टेस्ट खेलने के साथ समाप्त होता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैचों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक सकारात्मक पहलू है, और पूरे चक्र में उनका वितरण अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। हालांकि, आठ ऑस्ट्रेलिया मैचों के समय के साथ चुनौती उत्पन्न होती है, जो कि विश्व कप से ठीक पहले या तुरंत बाद में होंगे। रिपोर्ट में बोली प्रक्रिया में शामिल एक ब्रॉडकास्टर के हवाले से कहा गया है, इन मैचों से कमाई करना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि कॉरपोरेट आमतौर पर विश्व कप के लिए धन आवंटित करते हैं या हो सकता है कि उनका बजट पहले ही खत्म हो चुका हो। यह मुश्किल हिस्सा है।

श्रीलंका दिसंबर 2026 में भारत में केवल एक श्रृंखला खेलेगा, जिसमें तीन वनडे और इतनी ही संख्या में टी20 मैच होंगे, कोई टेस्ट नहीं होगा। अफगानिस्तान को जून 2026 में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलने हैं, इसके अलावा भारत में 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में तीन टी20 मैच खेलने हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका नवंबर और दिसंबर 2025 में भारत में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा। न्यूजीलैंड क्रमश: 2024 के उत्तरार्ध और 2026 की शुरुआत में तीन टेस्ट और आठ सफेद गेंद मैच खेलने के लिए भारत आएगा। .

## सार संक्षेप

### आईसीसी की सलाह, विश्वकप से पहले इकाना की पिच पर खूब प्रैक्टिस मैच करायें

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पहुंच कर विश्वकप की तैयारियों का जायजा लिया और विश्वकप से पहले ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस मैच कराने का सुझाव इकाना प्रशासन को दिया। इकाना स्टेडियम पर विश्वकप के पांच मैच खेले जाने है जिसमें आस्ट्रेलिया और भारत के बीच मैच भी शामिल है। आईसीसी और बीसीसीआई की एक संयुक्त टीम आज दोपहर बाद इकाना स्टेडियम पहुंची। टीम के सदस्यों ने इकाना के खूबसूरत मैदान पर सुविधाओं का जायजा लिया और वर्ल्डकप की तैयारियों पर अपनी संतुष्टि जाहिर की। साथ ही उन्होने इकाना की पिच पर विश्वकप से पहले अधिक से अधिक प्रैक्टिस मैच कराने की सलाह दी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित चटर्जी ने बताया कि आईसीसी और बीसीसीआई के अधिकारियों ने आउटफील्ड,पिच आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम के सदस्य विश्वकप की तैयारियों से खासे संतुष्ट है हालांकि उन्होने पिच में चले निर्माण कार्य के मद्देनजर अधिक से अधिक प्रैक्टिस मैच कराने का सुझाव दिया ताकि पिच के व्यवहार का आकलन कर उसमें रही सही गुंजाइश की भी पूर्ति की जा सके।

### चीन ने विश्व कप बर्लिन सुपर फ़ाइनल में चार लयबद्ध गोताखोरी स्वर्ण पदक जीते

**बर्लिन।** चीनी गोताखोरी टीम ने यहां 2023 विश्व एक्वेटिक्स विश्व कप बर्लिन सुपर फाइनल में सभी चार लयबद्ध गोताखोरी स्वर्ण जीते। टूर्नामेंट की पहली स्पर्धा, महिलाओं की सिंक्रो 10 मीटर में चीनी जोड़ी चेन युक्सी और क्वान होंगचान प्रत्येक राउंड के बाद आगे रहीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दो बार की विश्व चैंपियन ने तीन डाइव लगाईं, जिससे दोनों ने 80 से अधिक अंक अर्जित किए, जिससे उनका स्कोर 362.76 अंक हो गया, जो कि उपविजेता कनाडा की कैली मैके और केट मिलर से 74.76 अंक आगे था। चेन ने क्वान के साथ जोड़ी बनाकर दो बार सिंक्रोनाइज्ड प्लेटफॉर्म पर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता और कई मौकों पर विश्व कप का स्वर्ण जीता, लेकिन दोनों ने अभी तक एक साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक नहीं जीता है। चेन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि क्वान और मैं पेरिस ओलंपिक में सिंक्रोनाइज्ड 10 मीटर में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और उम्मीद है कि हम खिताब जीत सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में प्रणय

**सिडनी,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने शनिवार को अपने युवा हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कदम रख लिया।




विश्व रैंकिंग में नौंवे स्थान पर काबिज़ प्रणय ने 43 मिनट चले सेमीफाइनल में 31वीं रैंकिंग वाले प्रियांशु को 21-18, 21-12 से मात दी। प्रियांशु के खिलाफ दो मुकाबलों में यह प्रणय की दूसरी जीत है। इस साल अपने दूसरे फाइनल में प्रणय चीन के वेंग होंग यांग का सामना करेंगे जो सेमीफाइनल में मलेशिया के ली ज़ी जिया को हराकर आ रहे हैं।

पहले गेम में दोनों भारतीयों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, हालांकि छठी वरीयता प्राप्त प्रणय ब्रेक तक 11-8 से आगे रहे। प्रियांशु ने अपनी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा के साथ गेम को 18-18 पर बराबर किया लेकिन प्रणय ने अगले तीन पॉइंट स्कोर कर मैच में 1-0 की बढ़त ले ली।

दूसरे गेम में प्रणय ने तेज़ी के साथ 7-3 की बढ़त ली और अपने जुझारू प्रदर्शन के बावजूद प्रियांशु बाकी के गेम में आगे नहीं निकल सके। प्रणय 11-7 की बढ़त के साथ ब्रेक में गये और गेम के दूसरे हिस्से में प्रियांशु पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए 43 मिनट में मैच जीत लिया।

इस साल मलेशिया मास्टर्स के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले प्रणय ने फाइनल में पहुंचने पर कहा, सच कहूं तो यह बहुत सैटिस्फाइंग है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। मेरे लिये पिछले दो साल बहुत अच्छे रहे हैं और मैं नियमित रूप से मुकाबले जीतने में सक्षम रहा हूं। उम्मीद है कि मैंने जो मलेशिया में किया था उस जैसा कुछ कर सकूंगा।

गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये बैडमिंटन की क्वालीफिकेशन खिड़की एक मई को खुल चुकी है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के नतीजे ओलंपिक के लिये क्वालीफाइंग रैंकिंग को प्रभावित करेंगे।

## स्विट्ज़रलैंड को हरा पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचा स्पेन

**ऑकलैंड,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। ऐताना बोनमती के दो गोलों से प्रेरित स्पेन ने शनिवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर-16 चरण में स्विट्ज़रलैंड को 5-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

ईडन पार्क आउटर ओवल पर मिडफील्डर बोनमती (पांचवां, 36वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि एल्बा रेडोंडो (17वां मिनट), लाइया कोडिना (45वां मिनट) और जेनिफर हर्मोसो (70वां मिनट) ने स्पेन की जीत में एक-एक गोल का योगदान दिया। लाइया कोडिना (11वां मिनट) ने एक आत्मघाती गोल दागकर स्विट्ज़रलैंड का खाता भी खोला।



इस एकतरफा मुकाबले में बोनमती ने पांचवें मिनट में ही गोल जमाकर स्पेन का खाता खोल दिया। स्विट्ज़रलैंड का कोई खिलाड़ी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सका, हालांकि 11वें मिनट में स्पेन की डिफेंडर कोडीना का पास गोलकीपर कैटा कोल के पार जाने के कारण स्विट्ज़रलैंड का खाता खुला। इसके बाद हालांकि स्पेन ने डिफेंस में कोई गलती नहीं की।

# हरमनप्रीत के गोल से भारत ने पिछड़ने के बाद जापान से मैच ड्रॉ कराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**चेन्नै,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के तीसरे क्वॉर्टर में दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एकमात्र गोल की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पिछले उपविजेता जापान को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में अपने दूसरे राउंड रॉबिन लीग मैच में एक-एक गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटने पर मजबूत कर दिया। भारत ने इस साल राउरकेला में विश्व कप में जापान को 8-0 से हरा नौवां स्थान पाया था। केन नाकायाशी ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर जापान को 1-0 से आगे भारत को चौंका दिया। भारत को मैच में 15 पेनल्टी कॉर्नर मिले और इनमें से दर्जन भर अकेले उसके तुरुप के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने लिए लेकिन इनमें से दस पर जापान के %रशर% राइकी फुजीशिमा ने तेज फर्राटा लगा अपनी स्टिक पर ले रोक कर नाकाम कर दिया। भारत इस मैच के ड्रॉ रहने का कारण उसके हरमनप्रीत सिंह का %अपने' प्रमुख अस्त्र पर पेनल्टी कॉर्नर पर एक निशाना सही लगा पाने के साथ अग्रिम पंक्ति गुरजंट सिंह, मनदीप सिंह और आकाशदीप, सुखजीत सिंह ने आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह द्वारा आगे बढ़ाई गेंद पद जापान की डी में गोल पर पहुंचने के बावजूद तेज शॉट गोल पर लगाने की बजाय केवल पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने पर ध्यान लगाने के कारण ही जिस मैच को भारत को जीतना चाहिए था और उसे ड्रॉ करने पर मजबूर होना पड़ा। भारत के अब दो मैचों से चार अंक हैं जबकि जापान के दो मैचों से मात्र एक अंक हैं।

भारत की अग्रिम पंक्ति में गुरजंट सिंह, मनदीप सिंह और आकाशदीप ने आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह द्वारा बढ़ाई आगे बढ़ाई गेंद पद जापान के गोल पर हमले बोले और पहले क्वॉर्टर में सात पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इन पर ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के पांच फ्लिक को जापान के %रशर राइकी फुजीशिमा ने तेज दौड़ लगा रोक कर उन्हें गोल करने और अपनी टीम को बढ़त दिलाने से रोक दिया। भारत के स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और गुरजंट सिंह ने डी में पहुंचने के बाद शॉट लेने की बजाय पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के फेर में मैदानी गोल करने की कोशिश करते ही नहीं नजर आए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अंततः दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर सटीक जमीनी फ्लिक से तीसरा क्वार्टर खत्म होने से पहले गोल भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। भारत ने दो पेनल्टी कॉर्नर इनडायरेक्ट भी गोल करने के कोशिश की लेकिन इस पर गेंद ही ठीक से नहीं रुकी। नवोदित स्ट्राइकर कार्ति सेल्वम भी पहले क्वार्टर के आखिर में गेंद को लेकर डी में पहुंच लेकिन खुद गोल करने के फेर में चूके और भारत के हाथ आया बढ़त लेने का मौका चूके शमशेर और मनदीप भी गेंद को कब्जे के जापान के गोल पर शॉट लेने से चूकते रहे। भारत की रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास ने अकेले ही बेहद मुस्तैदी दिखाते हुए भारत के किले की बढ़िया चौकसी की। केन नागायाशी ने मैच के 28 वें मिनट में गोल कर जापान का खाता खोला। पिछली उपविजेता जापान ने हाफ टाइम तक नगायाशी के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरा क्वार्टर होने से दो मिनट पहले दसवें पेनल्टी कॉर्नर गोल कर अंततः भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। भारत ने इसके बाद पांच और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इनको गोल में बदलने में नाकाम रहने के साथ सुखजीत सिंह ने आखिरी पांच मिनट में मैदानी गोल करने के दो मौके गंवाए और इससे ही जीत से चूक गया।

■ 15 में से एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से जीत भारत के हाथ से फिसली

■ जापान के रशर फुजीशिमा ने बेहतरीन पूर्वानुमान से रोके हरमन के ड्रैग फ्लिक

